धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, बुधवार

19.04.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 274



12 सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान की एडवांस बुकिंग शुरू

18 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:13 बजे
19 अप्रैल का सेहरी भोर 4:06 बजे




# प्रचंड गर्मी में बिजली व पानी संकट ने बढ़ायी और परेशानी

## अभी और चढ़ेगा पारा, संथाल-टाटा में हीट वेव, अन्य जिलों का पारा भी 40 पार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूरे झारखंड में मौसम का मिजाज काफी गर्म हो गया है। चिलचिलाती धूप और गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। गर्म हवा के थपेड़ों और सूरज की तपिश से झारखंड की धरती तप रही है। आलम यह है कि गोड्डा जिले में तापमान दूसरे दिन भी 44.9 यानी 45 डिग्री रहा, जो झारखंड का सर्वाधिक है। वहीं पाकुड़ 44.1 जमशेदपुर का तापमान 43.6 डिग्री, डालटेनगंज का 43.7 डिग्री जा पहुंचा है। इस भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट और पेयजल की समस्या ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। भीषण गर्मी में स्कूली बच्चों की स्थिति को देख मुख्यमंत्री ने टाइम टेबल बदलने का निर्देश दिया। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने समय सारिणी जारी कर दी है, जो मंगलवार से प्रभावी है। इधर, मौसम विभाग ने उम्मीद जतायी है कि 20 से मौसम में कुछ बदलाव संभव है। हल्की-फुल्की बारिश के आसार हैं।

**कहां कितना तापमान :** रांची 40.2, जमशेदपुर 43.6, डालटेनगंज 43.7, बोकारो 40.3, चतरा 40.0, देवघर 43.2, गढ़वा 42.8, गिरिडीह 42.1, गोड्डा 44.9, गुमला 39.7, हजारीबाग 39.4, खूंटी 40.6, लातेहार 39.8, लोहरदगा 39.9, पाकुड़ 44.1, रामगढ़ 41.7, साहिबगंज 42.7, सिमडेगा 41.3, प. सिंहभूम 40.8 डिग्री तक जा पहुंचा है।

**येलो अलर्ट जारी :** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में सूरज आग उगल रहा है। मौसम विभाग रांची के अनुसार मंगलवार को येलो अलर्ट जारी किया गया था। इसके अनुसार 19 अप्रैल को राज्य के उत्तरी-पूर्वी, उत्तर-पश्चिमी तथा दक्षिणी-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं उष्ण लहर की स्थिति देखी जा सकती है। अगले दो दिनों तक हिट वेव से राहत नहीं मिलने वाली है। (शेष पेज 11 पर)

### मुख्यमंत्री के आदेश पर आज से स्कूलों की समय सारणी बदली

**सीएम हेमंत** सोरेन के आदेश के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने झारखंड राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रख सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक सहित एवं निजी विद्यालयों में पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक एवं कक्षा 6 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 से 12 बजे तक संचालित करने का निर्देश जारी कर दिया है। इस अवधि में प्रार्थना सभा, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं होंगी। लेकिन, मध्याह्न भोजन जारी रहेगा। बच्चों की पढ़ाई में होनेवाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए स्कूल प्रबंधन को सूचित किया जायेगा। यह आदेश 19 से 25 अप्रैल तक लागू रहेगा।



### बिजली संकट ने लोगों का हाल किया बेहाल



सोमवार की आधी रात से कांके-राजभवन 33 केवी यूजी लाइन हुआ ब्रेक डाउन हो जाने के कारण रांची के एक बड़े इलाके में विद्युत आपूर्ति ठप हो जाने के बाद लोग गर्मी में बिलबिलाते रहे। लोग तो 18-20 घंटे तक गर्मी में बेहाल-परेशान रहे। इसे रात में ठीक नहीं किया जा सका। भीषण गर्मी के बीच राजधानी में पहले से लोडशेडिंग कर बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बिजली की आंखमिचौनी से लोग परेशान हैं।

# गर्मी में न हो पेयजल की कोई समस्या : हाइकोर्ट

➲ जल स्रोतों के पास अतिक्रमण न हो, साफ-सफाई पर ध्यान दें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर दाखिल विभिन्न जनहित याचिकाओं की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ध्यान रखें कि गर्मी में राजधानी रांची में लोगों को पेयजल की समस्या ना हो। कोर्ट ने कहा कि राजधानी के जल स्त्रोतों जैसे कांके डैम, हटिया डैम एवं गेतलसूद डैम के अलावा बड़ा तालाब के आसपास किसी तरह का अतिक्रमण ना हो इसका ध्यान रखा जाये। इन जल स्त्रोतों साफ सफाई लगातार करायी जाये।

कोर्ट ने यह भी कहा कि रांची के जल स्त्रोतों एवं तालाबों में किसी तरह का सॉलिडेयर एवं लिक्विड कचरा न गिराया जाए। जल स्त्रोतों के आसपास जमीनों का अतिक्रमण किया गया है उसे अतिक्रमण मुक्त किया जाये। कोर्ट ने मामले में 22 अगस्त को सुनवाई की तिथि निर्धारित करते हुए राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। (शेष पेज 11 पर)



## न्यूज डायरी

### विशेषाधिकार समिति ने की 4 मामलों पर सुनवाई

**रांची।** मंगलवार को विधानसभा विशेषाधिकार समिति की बैठक में विशेषाधिकार हनन के मामलों पर चर्चा हुई और उस पर कार्रवाई की रिपोर्ट पदाधिकारियों से ली गयी।

### कार्ति चिदंबरम की 11.04 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार को आईएनएक्स धनशोधन मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की 11.04 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। कुर्क चार संपत्तियों में से एक कर्नाटक के कुर्ग जिले में स्थित अचल संपत्ति है।

### जमीनखोरों से निपटेगी इडी की विशेष टीम

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में जमीनखोरों पर ईडी ने शिकंजा कसना शुरू कर दी है। ईडी ने भू-माफिया और जमीन घोटालों के खिलाफ जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया है। ईडी की जांच का सबसे अहम बिंदु सेना की जमीन का घोटाला है।

### जहरीली शराब से अबतक 40 की मौत, 31 की पुष्टि

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में जहरीले शराब से संदिग्ध मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। मृतकों की कुल संख्या 40 पहुंच गयी है। हालांकि, सरकारी आंकड़ों के अनुसार 31 लोगों की मौत हुई है।

### गढ़वा : सर्च ऑपरेशन में विस्फोटक बरामद

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस और सीआरपीएफ 172 बटालियन की संयुक्त टीम ने भंडरिया थाना क्षेत्र स्थित तुमेरा से विस्फोटक सहित अन्य सामान बरामद किया है। एक सूचना के आधार पर गढ़वा इलाके में पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया।

### पलामू : नहर में पलटी वैन, चालक की मौत

**मेदिनीनगर।** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सरसोत पंचायत के लुकुवा के समीप मंगलवार को एक पिकअप वैन नहर में पलट गयी। जिसमें छतीसगढ़ के बलरामपुर के चालक दीपलेश अगरिया (21) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

### नक्सलियों ने ग्रामीणों को कहा- जंगल न जायें

**पश्चिमी सिंहभूम।** दक्षिणी जोनल कमेटी भाकपा (माओवादी) ने ग्रामीणों से अपील की है कि वह जंगल में प्रवेश न करें। पूरे इलाके में आईईडी बम बिछाये गये हैं। भाकपा माओवादी ने 10 बिंदुओं पर लोगों से सावधान रहने की अपील की है।

### लातेहार : ट्रक-एंबुलेंस की टक्कर में पांच घायल

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के ब्रह्मणी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को ट्रक और एंबुलेंस में जोरदार टक्कर हो गयी। इसमें एंबुलेंस सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज चंदवा अस्पताल में हुआ।

### बोकारो : अपराधियों ने पेट्रोल पंप पर फेंका बम

**बोकारो।** जिले में अपराधियों ने पेट्रोल पंप पर बम फेंक कर दहशत फैलाने की कोशिश है। दो अपराधी बाइक से आये और पेट्रोल पंप पर बम फेंक फरार हो गये। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

# आज छात्रों का झारखंड बंद , पुलिस प्रशासन अलर्ट

- पांच हजार जवान तैनात
- रांची, बोकारो, धनबाद में विशेष सतर्कता
- कई निजी स्कूल आज बंद रहेंगे

➲ बंद की पूर्व संध्या पर निकाला मशाल जुलूस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नियोजन नीति के विरोध में छात्र संगठनों की ओर से बुधवार को आहूत झारखंड बंद के मददेनजर पूरे राज्य में सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। वैसे जिले जो छात्र संगठनों को लेकर बेहद संवेदनशील हैं वहां पर विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत सभी एसपी को दे दी गयी है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिले में अलर्ट जारी किया है। बंद की पूर्व संध्या पर मंगलवार को छात्रों ने मशाल जुलूस निकाला।

गौरतलब है कि नियोजन नीति 740 के विरोध में छात्र संगठनों का 72 घंटे का आंदोलन सोमवार से शुरू हुआ है। अंतिम दिन 19 को झारखंड बंद की गोषणा की गयी है।

**सुरक्षाकर्मियों को विशेष हिदायत :** राज्यभर में 5,000 से ज्यादा अतिरिक्त पुलिस बल बंद समर्थकों से निपटने के लिए तैनात किये गये हैं। पुलिस प्रशासन ने छात्र संगठनों को पहले ही कहा है कि अगर वे सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं तो उसका भुगतान उन्हीं से करवाया जायेगा। पुलिस ने सभी सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों के बाहर भी सुरक्षा बल तैनात किये गये हैं। कई स्कूल बंद रहेंगे। (शेष पेज 11 पर)




### सभी जिलों में तैनात रहेंगे अतिरिक्त पुलिस बल

झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि बंद के दौरान विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए सभी जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल दिये हैं। खासकर रांची बोकारो और धनबाद जैसे संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत सभी पुलिस अधीक्षकों को दी गयी है। बंद को देख स्पेशल ब्रांच और झारखंड पुलिस के दूसरे विंग भी छात्र संगठनों की गतिविधियों पर नजर बनाये हुए हैं। झारखंड के किसी भी जिले में ट्रैफिक व्यवस्था पर कोई असर न पड़े इसके लिए भी विशेष नजर रखने को कहा गया है।

### संयुक्त परिवहन आयुक्त पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** संयुक्त परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग प्रदीप कुमार पर विभागीय कार्यवाही चलेगी। उनके उपर बीडीओ हिरणपुर, पाकुड़ के पद पर रहते हुए कई गंभीर आरोप लगे थे। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस अधिकारी पर पाकुड़ बीडीओ रहते हुए वित्त वर्ष 2009-10 में क्रियान्वित तीन योजनाओं को महज तीन वर्ष के अंतराल पर ही अधूरा एवं विवादित बताते हुए वित्तीय वर्ष 2014-15 में पुनः उसी स्थल पर कृष्ण मड़ैया के जमीन पर पोखरा का जीर्णोद्धार, दूसरी योजना बलदेव साहा की जमीन पर पोखरा का जीर्णोद्धार एवं तीसरी योजना देवेंद्र साहा के जमीन पर पोखरा जीर्णोद्धार करवाने एवं क्रियान्वित योजनाओं में एफटीओ करते हुए राशि गबन में सहयोग करने आदि का गंभीर आरोप है।

## अवैध खनन पर हाइकोर्ट सख्त

# तीन जिलों के डीसी से कहा किसी सूरत में न हो खनन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज यादव की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पलामू, गढ़वा और लातेहार डीसी को निर्देश दिया कि मामले में गठित स्पेशल कमेटी की रिपोर्ट आने तक तीन जिलों में अवैध खनन एवं उसके परिवहन पर रोक लगायें। इससे पहले राज्य सरकार ने बताया कि कोर्ट के आदेश के आलोक में स्पेशल कमेटी गठित की गई है। जिसकी अध्यक्षता आईजी पुलिस सीआईडी कर रहे हैं। इस कमेटी ने अनुरोध किया कि रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 2 सप्ताह का समय दें ताकि सभी बिंदु पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल हो सके। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 26 अप्रैल निर्धारित करते हुए स्पेशल कमेटी को निर्देश दिया कि वह अपनी रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करें। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर उक्त जिलों में खनन की जांच का निर्देश दिया है। इस कमेटी में आईजी रैंक के एक और माइनिंग विभाग के दो अधिकारी शामिल हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट पंकज यादव की जनहित याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

## टाइगर दा के श्राद्धकर्म में उमड़ा जनसैलाब, मुख्यमंत्री भी पहुंचे



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जगरनाथ महतो के श्राद्धकर्म में शामिल होने उनके पैतृक गांव अलारगो में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री, विधायक और गणमान्य पहुंचे। जनसैलाब को संभालने के लिए प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि नेकी कभी खाली नहीं जाती। यह बात राज्य के दिवंगत जगरनाथ महतो उर्फ टाइगर दा पर बिल्कुल फिट बैठती है। वे बेहद सरल इंसान थे। कम शब्दों में बड़ी बातें कह जाते थे। उन्हें विवादों को पाटने में महारथ हासिल थी। उनकी बातों पर लोग भरोसा करते थे। तभी तो उनके श्राद्धकर्म में जनसैलाब उमड़ पड़ा। वे डुमरी विधानसभा क्षेत्र के हीरो थे। खेतों में किसानी का मौका भी वे नहीं चूकते थे। द्वार पर कोई जरूरतमंद आ गया, तो बिना वक्त गंवाये समस्या सुलझाने निकल जाया करते थे।

# एक्शन प्लान बनाने पर कल समीक्षा बैठक करेंगे मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 20 अप्रैल को इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विकास का रोड मैप तैयार करने के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। सीएम इसी दिन बीते वित्तीय वर्ष 2022-23 के 31 मार्च तक बजटीय प्रावधान के अनुरूप कितनी राशि व्यय की गयी, इसकी भी जानकारी लेंगे। सीएम की समीक्षा को देखते हुए सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव को निर्देश दिया गया है कि वित्तीय वर्ष में संबंधित विभागों के पास उपलब्ध कार्य योजना की पूरी जानकारी उपलब्ध करायी जाये। यह बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में तीन बजे से होगी। इधर, योजना एवं विकास विभाग ने भी सभी विभागों से पीपीटी मांगा, ताकि इसे सीएम के समक्ष रखा जाये। मालूम हो कि नये वित्तीय वर्ष का शुरुआती महीना शुरू हो चुका है। ऐसे में पूरे साल भर का एक्शन प्लान तैयार करने पर काम चल रहा है। ताकि योजनाओं की स्वीकृति से लेकर क्रियान्वयन आसानी से किया जा सके।

### देश को मैनेज कर चलाया जा रहा : सीएम

अतीक हत्याकांड पर उठाये सवाल



वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हर अपराध के लिए कानून में सजा का प्रावधान है, उन्हें उसी हिसाब से सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने यूपी में पुलिस कस्टडी में गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मार कर हत्या पर सवाल उठाया है। सीएम ने कहा कि जब अतीक की हत्या की गयी, उस वक्त उसके साथ कई पुलिस वाले भी थे। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अगर मैनेज करने से देश चलता तो और कुछ करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि मैंनेज कर के भारत को विश्व गुरू नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने अतीक अहमद की हत्या पर कहा कि कानून में हर गुनाह के लिए सजा है और अगर किसी की पुलिस कस्टडी में हत्या हो जाती है तो कई तरह के सवाल खड़े होते हैं। उल्लेखनीय है कि अतीक अहमद और उसके भाई की 15 अप्रैल की रात उस वक्त हत्या कर दी गयी थी, जब पुलिस उन्हें मेडिकल चेकअप के लिए अस्पताल लेकर जा रही थी।

## रांची में डेढ़ करोड़ का गांजा बरामद, दो लोग गिरफ्तार



**रांची (खबर मन्त्र)।** राजधानी रांची में नशे के सौदागरों पर एक ओर जहां पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं, कस्टम विभाग ने राजधानी रांची में एक हजार किलोग्राम गांजा जब्त कर सनसनी फैला दी। कस्टम विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर भूसी के बोरे में गांजा को पकड़ा है। गांजे की अनुमानित मूल्य डेढ़ करोड़ रुपये है।

**ओड़िशा से बिहार जा रहा था गांजा :** सूत्रों के मुताबिक, ट्रक में ओड़िशा से गांजा लाया जा रहा था और रांची होते हुए बिहार के मोहनिया जा रहा था। कस्टम विभाग को गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक में गांजा जा रहा है। सूचना के आधार पर कस्टम विभाग की टीम ने रेकी की। रेकी करने के बाद ट्रक को धर दबोचा गया। ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक में बोरा में भूसी मिला। जब बोरे की जांच की गई तो प्रत्येक बोरा में कस्टम को गांजा मिला। जब पूरे बोरे को खोला गया तो पाया कि करीब एक हजार किलो गांजा है। इस मामले में कस्टम विभाग ने ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार किया है। देर रात कस्टम विभाग के अधिकारी सीजर बनाने का काम कर रहे थे। फिलहाल, ट्रक को हिनू स्थित जेरथ कंपाउंड में रखा गया है। (शेष पेज 11 पर)

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की याचिकाओं पर सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 'पर्सनल लॉ' पर विचार नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को यह स्पष्ट कर दिया कि समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने की अपील करने वाली याचिकाओं पर फैसला करते समय वह विवाह संबंधी 'पर्सनल लॉ' पर विचार नहीं करेगा और वकीलों से विशेष विवाह अधिनियम पर दलीलें पेश करने को कहा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने दलीलों से जुड़े मुद्दे को 'जटिल' करार दिया और कहा कि एक पुरुष और एक महिला की धारणा, जैसा कि विशेष विवाह अधिनियम में संदर्भित है, वह 'लैंगिकता के आधार पर पूर्ण नहीं है। पीठ ने कहा, 'सवाल यह नहीं है कि आपका लिंग क्या है। मुद्दा यह है कि ये कहीं ज्यादा जटिल है। इसलिए, यहां तक कि जब विशेष विवाह अधिनियम पुरुष और महिला कहता है, तब भी पुरुष और महिला की धारणा लैंगिक आधार पर पूर्ण नहीं है। (शेष पेज 11 पर)



### केंद्र ने कहा, संसद में चर्चा करायी जायेगी

पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ मंगलवार से देश में समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। वहीं, केंद्र सरकार अपनी प्रारंभिक आपत्ति पर जोर दे रही है कि क्या अदालत इस प्रश्न पर सुनवाई कर सकती है या पहले इस पर अनिवार्य रूप से ससंद में चर्चा करायी जायेगी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पीठ ने कहा कि प्रारंभिक आपत्ति की प्रकृति और गुण-दोष इस बात पर निर्भर करता है कि याचिकाकर्ता का क्या कहना है और अदालत उनका पक्ष जानना चाहती है। इस पर मेहता ने कहा कि आप जिस विषय से निपट रहे हैं, वह विवाह के सामाजिक-कानूनी संबंध का है, जो सक्षम विधायिका का क्षेत्र है। जब विषय समवर्ती सूची में है, तो हम एक राज्य के इसके लिए सहमत होने और दूसरे राज्य के खिलाफ होने की संभावना से इंकार नहीं कर सकते हैं। राज्यों के शामिल न होने की स्थिति में, याचिकाएं वैध नहीं होंगी। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि पर्सनल लॉ के मुद्दे आयेंगे, जिसको आपको देखना होगा। याचिका में कहा गया है कि समान लिंग वाले जोड़ों को बच्चे गोद लेने की अनुमति देना बच्चों को खतरे में डालने जैसा होता है।

# अतीक के वकील के घर के पास फेंका देसी बम

एजेंसी

**लखनऊ।** प्रयागराज में माफिया सरगना अतीक अहमद के वकील के घर के पास की गली में एक युवक ने देसी बम फेंक दिया। इसके बाद अफवाह फैल गयी कि किसी ने वकील के घर को निशाना बनाने की कोशिश की है, हालांकि जांच में अफवाह झूठी निकली। जिले के कटरा गोबर गली में मंगलवार की दोपहर किसी ने देसी बम फेंक दिया। इसी गली के पास माफिया अतीक अहमद के वकील दयाशंकर मिश्रा का भी घर है। घटना के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। तुरंत ही मौके पर पुलिस टीम को रवाना कर दिया गया। जांच में पता चला कि 5 युवकों के आपसी विवाद के बाद इनमें से ही एक युवक ने दूसरे युवक पर बम फेंका था। इसमें किसी को चोट भी नहीं आयी।

**हत्याकांड में नोटिस जारी :** उधर माफिया सरगना अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद नेशनल ह्यूमन राइट्स (एनएचआरसी) ने यूपी पुलिस को नोटिस जारी किया है। 16 अप्रैल को अतीक और उसके भाई की तीन युवकों ने मीडिया के सामने गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी थी।

# नवाबों के शहर में कैद है रांची की बेटी, हो रही है टॉर्चर!

**सिकिदरी थाना क्षेत्र के मुटटा गांव के मुंडा टोली की है बच्ची**

- 20 साल से है लापता, भाई ने कहा कोई मेरी बहन को लौटा दो
- फोन कर कहा, मुझे यहां से ले जाओ, हो रही हूं टॉर्चर
- एटीयू समेत सीएमओ तक दी गई सूचना, आवा एनजीओ कर रहा मदद

कुबेर सिंह

**रांची।** यूं तो झारखंड सरकार राज्य से लापता बच्चे और बच्चियों को वापस लाने को कृतसंकल्प है। इस बाबत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की लापता बच्चियों को खोज निकालने और उन्हें लाने के लिए राज्य की पुलिस, सीआइडी समेत बाल संरक्षण आयोग को निर्देशित कर चुकी है, पर राजधानी रांची से 20 किलोमीटर दूर स्थित सिकिदरी थाना क्षेत्र के गांव मुटटा मुंडा टोली की बच्ची फिलहाल नवाबों के शहर



लखनऊ में कैद है। पीड़ित बच्ची ने फोन के माध्यम से भाई रोहन मुंडा को कहा कि उसे यहां से ले जाए, क्योंकि वह यहां टॉर्चर झेल रही है। उसके साथ बुरा बर्ताव हो रहा है।

### एटीयू समेत सीएमओ स्तर पर हो रही पीड़ित को बरामदगी की गुहार

बताया जा रहा है कि सिकिदरी थाना क्षेत्र के मुंडा टोली में रहनेवाले रोहन मुंडा के द्वारा अपनी बहन पूजा कुमारी को लाने के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट(एटीयू) समेत सीएमओ में गुहार लगा रहा है। सभी ओर से उसे आश्वासन ही मिल रहा है। इसी बीच आवा संस्था रोहन मुंडा की मदद को आगे आई है। आवा संस्था की संचालिका अंशु रानी एक्का ने कहा है कि पीड़ित को बरामद करने के लिए संस्था की ओर से भरसक प्रयास किया जा रहा है।

### जानिए, क्या है पूरा मामला

जानकारी के मुताबिक, पीड़िता पूजा कुमारी जब बच्ची थी तो उसे गांव के ही जैतून तिर्की और मरियम तिर्की के द्वारा काम के दिलाने के बहाने से उसे टोल प्लाजा के किसी आदमी के घर भेज दिया था। हालांकि पूर्व में यह परिवार में पटना में रहता था। पटना के बाद उसे लखनऊ ले जाया गया। जहां उसका पता ठिकाना नहीं चल रहा है। रोहन मुंडा ने कहा कि उसकी बहन से एक दो बार बात हुई तो उसने बताया कि उसे वहां मन नहीं लग रहा है। उसे टॉर्चर किया जा रहा है। पीड़ित पूजा ने भाई से कहा है कि उसे यहां से ले जाए। इधर, रोहन मुंडा ने आवा संस्था से कहा कि जब बहन पैदा हुई थी तो उसकी मां की मौत हो गई थी। उसके पिता विकलांग हैं और वे लोग गरीब परिवार से हैं। मेहनत मजदूरी कर अपना जीविका चलाते हैं।

## जमीन घोटाले का तार रांची से कोलकाता तक

**दो मई को रांची इडी कार्यालय में हाजिर होगें कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार**

**रांची।** रांची में सेना की जमीन घोटाले मामले के अलावा ईडी अब जमीन से जुड़े वैसे मामलों की जांच करेगी, जिसे पावरफुल भू-माफिया और अधिकारियों की गठजोड़ से हड़प कर बेच दिया गया। इडी ने एक स्पेशल टीम बनाकर जांच शुरू कर दी है। कई जमीन मालिकों ने इडी को उनकी जमीनों को हड़पने और बेचने में किए गए फर्जीवाड़े की शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई में जुट गई है। बताया गया कि जमीन घोटाले में रांची, बिहार से लेकर कोलकाता में तार जुड़ गए हैं। वहीं इडी ने इस मामले में एडिशनल रजिस्ट्रार, कोलकाता त्रिदीप मिश्रा को समन भेजकर दो मई को इडी ऑफिस में हाजिर होने के लिए कहा गया है। रांची में सेना की जमीन की खरीद-बिक्री में कोलकाता से फर्जी दस्तावेज बनाकर की गई गड़बड़ी की जांच में इडी को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। इडी अब ऐसे गिरोह पर नकेल कसने जा रही है जो कोलकाता जाकर रांची की जमीन का फर्जी पेपर तैयार करता है, उसकी रजिस्ट्री कोलकाता में ही करायी जाती है। इस पूरे फर्जीवाड़े में आला अधिकारियों के साथ-साथ सीओ और राजस्व कर्मचारियों की बड़ी भूमिका सामने आ रही है।

**नियोजन नीति के विरोध में छात्र संगठनों का 72 घंटे का विरोध जारी**

# छात्रों ने निकाला मशाल जुलूस, आज दुकानें बंद रखने का किया आह्वान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार की नियोजन नीति के विरोध में छात्रों का 72 घंटे का विरोध जारी है। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन, आदिवासी छात्र संघ, आदिवासी जन परिषद समेत अन्य छात्र संगठनों ने आज झारखंड बंद का आह्वान किया है।

इधर आंदोलन के दूसरे दिन मंगलवार को छात्रों ने मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान सभी छात्र जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक गए और झारखंड बंद का आह्वान किया।

इस दौरान छात्रों ने कहा कि नियोजन नीति का विरोध तबतक नहीं थमेगा, जबतक हमारी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं। मशाल जुलूस का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, मनोज यादव, योगेश भारती, सुमित उरांव, सुशील उरांव, राजेश कच्छप, सत्या शुक्ला के साथ सैकड़ों छात्रों ने जमकर नारेबाजी की और आगे बड़े पैमाने पर



आंदोलन करने की चेतावनी दी। छात्र नेताओं ने सभी व्यापारी वर्गों और दुकानदारों से अपील की है कि वे बुधवार को अपनी दुकानें बंद रखें। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने बताया कि हम जैक का आभार व्यक्त करते हैं कि उसने बुधवार की परीक्षा कैंसिल कर दी।

बता दें कि मशाल जुलूस के कारण घंटों आवागमन बाधित रहा, शहर की सड़कें जाम रहीं। हालांकि मशाल जूलूस के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटे इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

**मूलवासी सदान मोर्चा ने किया किया झारखंड बंद का समर्थन** : मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने चर्चा के बाद झारखंड बंद का समर्थन की घोषणा की है। खतियान आधारित नियोजन नीति बनाने व 60-40 की नीति को रद्द करने को लेकर छात्रों के द्वारा झारखण्ड बंद का मूलवासी सदान मोर्चा नैतिक समर्थन देगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार स्थानीय नीति और नियोजन नीति नहीं बना लेती है, तब तक संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को ही लागू करे, जो खतियान आधारित है।

### बंद के मद्देनजर आज स्कूलों में रहेगी छुट्टी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नियोजन नीति को लेकर 19 अप्रैल को आहूत झारखंड बंद को ध्यान में रख राजधानी रांची के विभिन्न शिक्षण संस्थानों ने अपने विद्यालय व शिक्षण संस्थानों को बंद रखने की घोषणा की है।

| | |
|---|---|
| संत थॉमस स्कूल सेक्टर टू धुर्वा | सुरेन्द्र नाथ सेंटेनरी स्कूल |
| वेस्टकॉट ग्रुप के सभी स्कूल | कैंब्रियन पब्लिक स्कूल |
| कैराली स्कूल | डीएवी ग्रुप |
| सरस्वती शिशु विद्या मंदिर | संत फ्रांसिस स्कूल हरमू |
| ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल | संत फ्रांसिस स्कूल बनहोरा |
| विवेकानंद विद्या मंदिर | डीएवी ग्रुप के स्कूल |
| ब्रिजफोर्ड स्कूल | मदर टेरेसा स्कूल करमटोली |
| ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल | संत माईकल स्कूल ईटकी रोड |
| टेंडर हार्ट स्कूल | जेवीएम श्यामली |
| शारदा ग्लोबल स्कूल | डीपीएस, डिबडीह |
| अलोन ड्रीमकैचर्स स्कूल मल्लाह टोली व बुकरू कांके | संत कोलंबस, मुरगु, हेहल और ओटीसी |
| मनन विद्या, जोरार, बुटी मोड़ | संत जेवियर्स डोरंडा |

### दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कमड़े व मांडर आज बंद

**रांची।** झारखंड बंद को देखते हुए दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कमड़े और इसकी शाखा स्कूल मांडर को आज बंद रखने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी स्कूल के निदेशक डॉ राजेश दत्त ने दी। बता दें कि झारखंड स्टूडेंट यूनियन ने बुधवार को झारखंड में राज्यव्यापी बंद बुलाया किया है।

## झारखंड में कोरोना के 43 नये मरीज मिले, सक्रिय मरीजों की संख्या 197

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। बीते 24 घंटे में राज्य भर में 43 नये मरीज मिले हैं। वहीं रांची में 9 संक्रमित मरीज मिले हैं। इसी के साथ रांची में संक्रमित मरीज का आंकड़ा बढ़कर 69 पर पहुंच गया है। वहीं राज्य भर में संक्रमित मरीजों की संख्या 197 हो गयी है। हालांकि 28 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं।



अभी बोकारो में 3, देवघर में 16, पूर्वी सिंहभूम में 44, गढ़वा में 4, गिरिडीह में 5, गोड्डा में 1, गुमला में 10, हजारीबाग में 7, खूंटी में 2, कोडरमा में 6, लातेहार में 6, लोहरदगा में 8, पाकुड़ में 2, पलामू में 3, रामगढ़ में 6, रांची में 69 और पश्चिमी सिंहभूम में सक्रिय मरीजों की संख्या 5 है।

### पीएमजीएसवाई में नयी तकनीक एफडीआर से होगा ग्रामीण सड़क का निर्माण

**रांची।** अब गामीण सड़क योजनाओं में नई तकनीक फूल डेप्थ रिक्लेमेशन टेक्नोलॉजी एफडीआर से सड़क का निर्माण किया जायेगा। झारखंड सरकार ने इस तकनीक से रोड बनाने को एडॉप्ट करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और एनआआरडीए ने इस तकनीक से सड़क निर्माण को अमल करने के लिए गाइडलाइन सभी राज्यों को दिया है। रांची के होटल बीएनआर में मंगलवार को एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें पीएमजीएसवाई के लिए काम कर रहे राज्यभर के इंजीनियरों को इस तकनीक की जानकरी दी गयी। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला भी वर्कशॉप में शामिल हुए। श्री शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में जो मैटेरियल ग्रामीण सड़क निर्माण में यूज हो चुका है, उसे रिसायकल करके फिर से रोड मैटेरियल के रूप में तैयार करके सड़क निर्माण कराया जा सकता है।

## खाता 140 : उपायुक्त के आदेश को रद्द करने का आदेश बरकरार, श्याम सिंह की याचिका खारिज

**खाता-140 की जिस चर्चित भूमि का लगान निर्धारण के बिना रसीद निर्गत हुआ, उसका मूल दस्तावेज रिकॉर्ड रूम में उपलब्ध ही नहीं**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हाईकोर्ट की डबल बेंच ने 17 नवंबर 2022 को झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा है। 17 नवंबर 2022 को झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ ने हेहल अंचल के बजरा मौजा का खाता-140 की जमीन की जमाबंदी रद्द करने का आदेश दिया था। जिसके विरुद्ध श्याम सिंह के द्वारा एलपीए (लेटेस्ट पेटेंट अपील) दाखिल की गई थी। एलपीए पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई।



**मामले के तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने 7 एकड़ जमीन का 83 साल का लगान रसीद एक ही दिन काटने का आदेश दे दिया था।**

इससे पहले खुद को खाता-140 की भूमि का दावेदार बताने वाले चंदन कुमार ने वर्ष 2021 में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने 7 एकड़ जमीन का 83 साल का लगान रसीद एक ही दिन काटने का आदेश दे दिया था। जिस जमीन के संबंध में हाईकोर्ट ने आदेश पारित किया है। वह रांची शहर से करीब 5 किमी दूर हेहल अंचल की है। जमीन बजरा मौजा में स्थित है। जमीन का कुल रकवा 7 एकड़ है। करोड़ों रुपये मूल्य की इस जमीन पर पुलिस की मौजूदगी में बाउंड्री हुई थी। जिसका भारी विरोध हुआ था। रजिस्ट्री होने के लगभग एक वर्ष बाद यह खुलासा हुआ है कि खाता-140 की जिस चर्चित भूमि का लगान निर्धारण के बिना रसीद निर्गत हुआ है, उसका मूल दस्तावेज ही रिकॉर्ड रूम में नहीं है।

बता दें कि खाता-140 की करीब 7 एकड़ भूमि की रजिस्ट्री रवि भाटिया और श्याम सिंह के नाम पर चार अलग-अलग डीड के माध्यम से हुई है। इस भूमि का लगान रसीद रवि भाटिया और श्याम सिंह की रजिस्ट्री से एक दिन पूर्व ही निर्गत हुआ था। वर्ष 1938 से लेकर वर्ष 2021 तक का लगान निर्धारण किये बिना लगान रसीद जारी की गई थी। जिसके बाद प्रमंडलीय आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी ने इस जमीन की जमाबंदी के मामले में रांची डीसी छवि रंजन के आदेश को नियम विरूद्ध बताया था।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कांग्रेस आलाकमान का जताया आभार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से देश में जातीय जनगणना कराने की मांग की है तथा आबादी के अनुसार सभी वर्गों के भागीदारी देने की भी वकालत की है। इसके अलावा आरक्षण में 50% की लगाई गई कैप को भी समाप्त करने की मांग की है। इसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा परिवार ने कांग्रेस के प्रति आभार व्यक्त किया है। मालूम हो कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लगातार जातीय जनगणना कराने की मांग और जनसंख्या अनुपात में ओबीसी का आरक्षण 50% देने की मांग करता रहा है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जातीय जनगणना हो जाती है तो ओबीसी समुदाय और सशक्त होगा। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा भी केंद्र सरकार से पुनः मांग करता है कि देश में जातिगत जनगणना हो तथा निजीकरण, आउटसोर्सिंग, अनुबंध, लेटरल एंट्री जैसी बंधुआ मजदूरी को खत्म किया जाए।

## फुट ओवर ब्रिज बनाने के लिए एजेंसी की तलाश अब भी जारी

**किशोरगंज चौक के लिए 8वीं बार तो अलबर्ट एक्का के तीसरी बार टेंडर जारी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार की ओर से मेन रोड स्थित अल्बर्ट एक्का चौक और किशोरगंज चौक पर फुट ओवर ब्रिज बनाने की योजना है। इसके लिए जुडको की ओर से एक बार फिर ई-टेंडर जारी किया गया है। किशोरगंज चौक के लिए तो 8वीं बार निविदा जारी की गई है, जबकि अलबर्ट एक्का चौक के लिए तीसरी बार। जुडको के प्रोजेक्ट डायरेक्टर (टेक्निकल) के मुताबिक दोनों जगहों पर फुट ओवर ब्रिज के साथ-साथ एस्क्लेटर्स की भी सुविधा होगी। 8 मई तक दोनों कार्यों के लिए ऑनलाईन आवेदन किए जा सकते हैं।

**इतने की है योजना** : अल्बर्ट एक्का चौक पर बनने वाले फुट ओवर ब्रिज के लिए जुडको ने 17.69 करोड़ रुपये की योजना तय की है। इसके लिए आवेदन करने वाले को टेंडर डॉक्यूमेंट के लिए 25 हजार रुपये देने होंगे (नन रिफंडेबल)। बिड सिक्युरिटी मनी के तौर पर 17.69 लाख रुपये लगेंगे जो रिफंडेबल होंगे।

किशोरगंज चौक के फुट ओवर ब्रिज के लिए 460.243 लाख रुपये की योजना है। टेंडर डॉक्यूमेंट के तौर पर 10 हजार रुपये और बिड सिक्युरिटी मनी के तौर पर 4.60 लाख रुपये लगेंगे।

**जीरो पावर कट के लिए राज्य को 600 मेगावाट बिजली की जरूरत**

# निर्बाध आपूर्ति: जेबीवीएनएल अतिरिक्त बिजली के लिए एनटीपीसी डीवीसी और सेकी से जल्द करेगा समझौता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में बढ़ती गर्मी के साथ ही बिजली की मांग भी बढ़ गयी है। इसकी मांग लगभग 2600 मेगावाट पहुंच गयी है, जबकि बिजली की उपलब्धता 2200 मेगावाट तक है। ऐसे में उर्जा विभाग और जेबीवीएनएल की ओर से अलग-अलग स्त्रोतों से अतिरिक्त बिजली लेने की तैयारी की जा रही है। विभागीय सचिव ने इसके लिए जेबीवीएनएल को निर्देश दिया है, जहां पावर एक्सचेंज से बिजली लेने के साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही गयी है। जेबीवीएनएल की मानें तो राज्य में अभी 600 मेगावाट तक बिजली की कमी है। ऐसे में एनटीपीसी, सेकी (सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन



ऑफ इंडिया) और डीवीसी से 200-200 अतिरिक्त बिजली लेने की तैयारी की जा रही है। आने वाले तीन महीने तक इन कंपनियों से अतिरिक्त 600 मेगावाट बिजली खरीदने की तैयारी की जा रही है। हालांकि इस संदर्भ में डीवीसी की ओर से सकारात्मक सहयोग की बात की गयी है। वहीं, एनटीपीसी के बाढ़ स्थित पावर प्लांट से भी 80 मेगावाट बिजली मिलने की उम्मीद है। इस संबध में उर्जा सचिव ने जेबीवीएनएल अधिकारियों को निर्देश दिया है।

### पावर एक्सचेंज से चल रहा काम

राज्य में अतिरिक्त बिजली की कमी पूरी करने के लिए पावर एक्सचेंज से बिजली खरीदी जा रही है। पिछले कुछ दिनों से पावर एक्सचेंज से 500 मेगावाट तक बिजली खरीदी जा रही है। इसके बाद राज्य में लोड शेडिंग कम हुआ। ऐसे में जेबीवीएनएल उत्पादक कंपनियों से बिजली लेकर लोड शेडिंग के समाधान का प्रयाय कर रहा है। जानकारी हो कि पिछले सप्ताह सीएम हेमंत सोरेन ने उर्जा सचिव के साथ बिजली कटौती के संबध में बैठक की थी। इसके बाद सीएम ने किसी भी हाल में बिजली कटौती नहीं करने का आदेश जारी किया था। इसके बाद से उर्जा विभाग निर्बाध बिजली आपूर्ति पर कार्यरत है।

### गांव और शहरों में मिलें बराबर बिजली

उर्जा सचिव ने जेबीवीएनएल को निर्देश दिया है कि किसी भी हाल में गांव और शहर में बराबर बिजली दी जाये। गांवों में लोड शेडिंग कर शहरी इलाकों में बिजली देने के बजाय दोनों इलाकों में प्राथमिकता के आधार पर बराबर बिजली मिलें। वहीं, सभी आपूर्ति क्षेत्र के जीएम और डीजीएम को कंट्रोल रूम बनाकर मामले की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया है। काम के दौरान जीएम और डीजीएम को भी कंट्रोल रूम से व्यवस्था की निगरानी का आदेश दिया है। मरम्मत के समय कटौती करने की बात कही गयी है। गैर जरूरी मरम्मत कार्य कुछ महीनों तक नहीं करने का आदेश दिया गया है।

**खबर एक नजर में**

### हथियार तस्कर की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**रांची।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने हथियार तस्कर विकास आनंद की डिस्चार्ज अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दी है। आरोपी पर गैंगस्टर अमन साव गिरोह को हथियार आपूर्ति करने का आरोप है। अदालत ने तीन अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। आरोपी की ओर से मामले में 10 फरवरी को डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की गई थी। एनआईए ने आरोपी को 2021 में गिरफ्तार किया है। तब वह जेल में है। उसकी जमानत अर्जी भी बीते 3 अप्रैल को अदालत ने खारिज कर दी थी। मामले में जल्द ही आरोपी के खिलाफ आरोप तय किया जाएगा।

### घटना का नहीं किया समर्थन, दो आरोपी बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी ऐश्वर्या श्रीवास्तव की अदालत ने झारखंड बंद के दौरान दंगा फसाद करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य मामले की आरोपी दिव्यंती कुमारी पाहन और बोगन मुंडा को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सात साल पुराने मामले में गवाही के दौरान चार पुलिसकर्मी घटना को सत्यापित नहीं कर सके। यहां तक कि मामले का सूचक दशमफॉल थाना में पदस्थापित वाचमैन द्वारका लोहरा भी आरोपियों को अदालत में नहीं पहचान सका। जिसका लाभ आरोपियों को मिला। आरोपियों पर दो दिसंबर 2016 को झारखंड बंद के दौरान एनएच-33 के पास तैमारा चौक के पास लाठी, फरसा से लैस होकर ट्रैफिक जाम करने का आरोप था।

### अभिक श्रीवास्तव की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त सह एटीएस मामले के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव का भाई अभिक श्रीवास्तव की डिस्चार्ज अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी है। अदालत ने 13 अप्रैल को उसकी ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। मामले में बुधवार को अभिक समेत अन्य आरोपियों के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए तारीख सूचीबद्ध है। अभिक श्रीवास्तव पर गिरोह का सक्रिय सदस्य होने एवं रंगदारी के माध्यम से एकत्र किए गए राशि को हवाला के माध्यम से प्राप्त करने का आरोप है।

### ब्राउन शूगर के साथ एक गिरफ्तार

**रांची।** हत्या और दुष्कर्म के जुर्म में जेल की सजा काट कर आया युवक ब्राउन शूगर सप्लायर बन गया। डोरंडा पुलिस ने इस मामले में डोरंडा के बंधुनगर से सुशील किस्पोट्टा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 22 ग्राम ब्राउन शूगर जब्त किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्राउन शूगर की कीमत डेढ़ लाख रूपए है। पुलिस ने उसके पॉकेट से 70 हजार रूपए भी जब्त किया है। सूचना के आधार पर गठित टीम ने छापेमारी कर उसे पकड़ा।

### सीसीएल अस्पताल में कल हृदय रोग जांच

**रांची।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड में 20 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से नि:शुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया है। इस चिकित्सीय शिविर में यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुचलाकान्ति हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। इसका लाभ सभी झारखंडवासी उठा सकते है।

### आजसू कार्यकर्ताओं संग आज बैठक करेंगे सुदेश

**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में आज सुबह 9 बजे हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आजसू पार्टी की बैठक करेंगे। बैठक में सभी विधानसभा प्रभारी मौजूद रहेंगे। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि पार्टी अप्रैल माह को सामाजिक न्याय महीना के रुप में मना रही है। जिसमें 13 अप्रैल को राज्य के सभी 24 जिलों में आयोजित जिलास्तरीय न्याय मार्च भी शामिल है। राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च सहित कई अन्य राज्यव्यापी कार्यक्रम होना भी है। इन कार्यक्रमों तथा राज्य के ज्वलंत विषयों को लेकर कल बैठक आयोजित की गई है।

### अस्पताल में बंदर ने मचाया उत्पात

**रांची।** अरगोड़ा इलाके में मंगलवार को बंदर के एक बच्चे ने एक अस्पताल में उत्पात मचाया। घटना दोपहर की है। बंदर के उत्पात से अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। दो घंटे की मशक्कत के बाद अरगोड़ा पुलिस के द्वारा ही बन्दर को पकड़ कर अस्पताल से बाहर निकाला गया।

### 31 पुलिसकर्मी पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त

**रांची।** अलग-अलग जिले में पदस्थापित तीन सब इंस्पेक्टर समेत 31 पुलिसकर्मियों को पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। जिन पुलिसकर्मियों को मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है उनमें सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार रजक, मारुत नंदन, अमित अलेक्जेंडर कुजुर और रोशन कुमार शामिल हैं। इसमें सीमा कुमारी, इकराम उल्लाह मलिक, विजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, विकास कुमार, दीपक पुंज, हीरालाल रविदास, जन्मेजय मुंडा, सुखदेव खलखो, गोबाई कुजूर ,सुशील कुमार, नागेंद्र कुमार पांडे ,अमर कुमार, सिकंदर विजेता ,उपेंद्र करमाली, रणधीर कुमार सिंह, संजय कुमार महतो, अरुण कुमार पांडे, देव कुमार सिंह, रिंकू कुमार रजक ,अखिल चौरसिया, मनीष कुमार यादव, चंदन कुमार सिंह, लालू कुमार, कमलेश कुमार, कुमार ओमप्रकाश और मृत्युंजय कुमार शामिल भी हैं।

### सांसद ने शुरू किया पक्षियों को पानी अभियान



**रांची।** भीषण गर्मी को देखते हुये सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को पक्षियों को पानी अभियान की शुरूआत की है। पहले दिन सांसद ने अरगोड़ा चौक पर स्थानीय फल सब्जी विक्रेताओं, टेंपो चालकों व अन्य राहगीरों के बीच मिट्टी के बर्तनों का वितरण किया। श्री सेठ ने सबसे आग्रह किया कि अपने घरों व दुकानों में पक्षियों के लिए पानी भरकर रखें। उन्होंने कार्यकर्ताओं व नागरिकों से अनुरोध किया कि इस अभियान में अधिक से अधिक लोग आगे आयें। अभियान के दौरान प्रमुख रूप से मुनेश्वर साहू, सुनील साहू, सूरज साहू सहित कई अन्य कार्यकर्ता व नागरिक थे।

### शराब टेंडर घोटाला : जवाब दाखिल करें प्रतिवादी

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित उमेश कुमार की जनहित याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान प्रतिवादियों की ओर से जवाब दायर नहीं हो सका। इस पर कोर्ट ने जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 26 अप्रैल को निर्धारित की। आयकर विभाग की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले की जांच की जा रही है। पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपये नन रिफंडेबल राशि तय की गयी थी। कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के 3 जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपये भेजे गये थे। यह उन कंपनियों के खाते में भेजे गये थे जहां जिनके खाते में मात्र दो-चार हजार रुपये हुआ करते थे। उसी खाते से सारा पैसा राज्य के अन्य जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर के लिए 25-25 लाख रुपये जमा करने में इस्तेमाल हुआ था।

### झारखंड राजद प्रभारी आज आयेंगे रांची, कल विश्रामपुर में करेंगे अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव आज रांची पहुंचेंगे। वहीं गुरुवार को पलामू के विश्रामपुर में डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। राजद के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि जयप्रकाश नारायण 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला जायेंगे। विश्राम के बाद दिन के तीन बजे पलामू के लिए रवाना होंगे। रात्रि विश्राम डालटनगंज सर्किट हाउस में करेंगे।

# मासिक धर्म को लेकर अवेयरनेस की जरूरत : रश्मि

## डीएसपीएमयू में हेल्थ अवेयरनेस पर सेमिनार, शामिल हुए बन्ना गुप्ता व राजेश कच्छप



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में मंगलवार को हेल्थ अवेयरनेस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। डीएसपीएमयू, एनएसएस और एमएसएफ रांची की ओर से आयोजित सेमिनार में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और खिजरी विधायक राजेश कच्छप भी शामिल हुए।

सेमिनार में मुक्ति मिशन की रश्मि शाहा ने महिलाओं के मासिक धर्म के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमारा समाज मासिक धर्म के बारे में प्रचार प्रसार नहीं कर रहा है। मासिक धर्म से महिलाओं में होने वाली परेशानियों के बारे में खुल कर अवेयरनेस की जरूरत है। इसे लेकर कई प्रकार की अफवाह भी फैलायी गई है। इन अफवाहों की सच्चाई को समझना होगा। जब मैंने महिलाओं में मासिक धर्म के बारे में प्रचार करने का काम शुरू किया था, तब मेरे साथ केवल 20 महिलाएं थीं। आज हमारे साथ बहुत सारे लोग हैं।

**हम और आप मासिक धर्म के कारण ही इस दुनिया में हैं :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज का विषय बहुत ही गंभीर है। इस बात को हमें समझने की जरूरत है। आज यहां बैठे जितने लोग हैं, चाहे आप हो या मैं हूं, मासिक धर्म के करण ही इस दुनिया में आए हैं। जब हमारी माताओं-बहनों का मासिक धर्म रुक जाता है, तब हमारा जन्म होता है। हम पुरुष प्रधान लोगों का बाहर कोई जोर नहीं चलता। पर जब हम घर में जाते हैं तो घर की महिलाओं से ऊंची आवाज में बात करते हैं। वहीं जब घर के पास जब कोई पुलिस वाला आ जाता है, तो घर की महिलाएं ही उसके सामने डट कर खड़ी होती है। एक महत्वपूर्ण बात है कि मासिक धर्म से ही सर्वाइकल कैंसर का लक्षण आता है, हमें इस पर ध्यान रखने की जरूरत है। कभी इस प्रकार का कोई लक्षण समझ में आए, तो तुरंत जांच करवाएं।

**खुल कर बात करने की जरूरत :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि हमें अपनी बहन- बेटी से इस विषय के बारे में खुल कर बात करने की जरूरत है। उनमें किसी प्रकार का कोई संकोच या डर नहीं रहना चाहिए। आज एनिमिया के केस काफी आ रहे हैं। कई बार तो खून की कमी की बात को लेकर हमारे पास भी लोग आते हैं।

सेमिनार में डीएसपीएमयू की रजिस्ट्रार डॉ. नमिता सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ. एमएस अब्बास समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक व छात्र शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### मारवाड़ी कॉलेज में नाट्य महोत्सव का आयोजन

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज में मंगलवार को नाट्य महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन दो नाटक प्रस्तुत किये गये। इससे पहले मारवाड़ी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनोज कुमार और डॉ. राहुल देव शाह द्वारा लिखित पुस्तक बेसिक कंसेप्ट ऑफ कंप्यूटर एप्लिलिकेशन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ. सुदेश साहु, वित्त परामर्शी देवाशीष गोस्वामी, वित्त पदाधिकारी डॉ. कुमार आदितेन्द्र नाथ शाहदेव, कुलसचिव डॉ. मुकुन्द चंन्द्र मेहता, सीसीडीसी डॉ प्रकाश कुमार झा समेत विश्वविद्यालय के पदाधिकारी व मारवाड़ी कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारी शामिल थे।

### चोरी का जेवर खरीदता था सोनार, गया जेल

**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े घर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने एक अन्य सोना व्यवसायी को भी गिरफ्तार किया है जो इनसे चोरी का समान खरीदता था। सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन ने बताया कि 29 मार्च को इन आरोपियों के द्वारा बरियातू थाना क्षेत्र में घटना को अंजाम दिया गया था। रिवर व्यू कॉलोनी बोडेया के रहने वाले सुबोध कुमार विश्वास के घर से 29 मार्च को दिनदहाड़े ताला तोड़कर लैपटॉप,मोबाईल, नकद एवं सोने एवं चांदी का जेवरात की चोरी की गयी थी। जांच करते हुए कांड में संलिप्त अपराधी राजु टोप्पो,अंकित तिर्की,प्रशांत टोप्पो, राज टोप्पो एवं चंदन सोनी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी संजु टोप्पो अरसंडे बोरिया अखराटोली कांके थाना का रहने वाला है। अंकित तिर्की तीनकोनिया बाजार बोरिया का ही रहने वाला है।

# निरजा सहाय डीएवी स्कूल में काउंसलिंग सत्र का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** निरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल, कांके ने गैल्वेनाइजिंग पोटेंशियल (जीपी) के साथ स्कूल परिसर में कक्षा 11वीं और 12वीं के सभी स्ट्रीम के छात्रों के लिए एक काउंसलिंग सत्र आयोजित किया। सत्र में लगभग 150 अति मेधावी छात्रों ने भाग लिया। सत्र का संचालन टीम जीपी के प्रवीण शर्मा ने किया। उन्होंने कक्षा 12वीं के बाद ड्रीम करियर विषय पर छात्रों को अपनी बहुमूल्य जानकारी दी। सत्र का पहला भाग छात्रों को उनकी रुचि के आधार पर एक सही करियर मार्ग चुनने के लिए प्रेरित करने और उनके मार्गदर्शन के लिए एक सही संरक्षक खोजने के महत्व पर केंद्रित था। 12वीं कक्षा के बाद छात्रों के लिए उपलब्ध करियर विकल्पों पर भी प्रकाश डाला गया। सत्र मुख्य रूप से सीएलएटी (12वीं के बाद एनएलयू) और आइपीएमएटी (12वीं के बाद आइआइएम) पर केंद्रित था। छात्रों ने सत्र को व्यावहारिक पाया। आने वाले दिनों में छात्रों की जरूरतों के आधार पर टीम जीपी के सहयोग से स्कूल 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए चरणों में कम्युनिकेशन स्किल्स वर्कशॉप आयोजित करने की योजना बना रहा है।

# रांची में इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर 28 से



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांचीवासियों की मांग पर 28 अप्रैल से 8 मई तक मोरहाबादी मैदान में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन किया जा रहा है। फेयर का आयोजन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। शहरवासी दोपहर 1 बजे से रात्रि 9 बजे तक फेयर का आनंद ले सकते हैं। इंट्री फी के तौर पर न्यूनतम शुल्क 20 रुपये रखा गया है।

ट्रेड फेयर की तैयारियों पर चर्चा के लिए मंगलवार को चैंबर भवन में प्रेस वार्ता आयोजित की गयी थी। इसमें चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में अंतिम बार इस फेयर का आयोजन किया गया था। कोविड महामारी के कारण तीन वर्षों तक इस फेयर का आयोजन संभव नहीं हो सका है। इस बार वृहद् स्तर पर इस ट्रेड फेयर का आयोजन किया जायेगा। इसमें राज्य के सभी जिलों के व्यापारियों व उद्यमियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। फेयर में स्टॉल लगाने और स्पांसरशिप के इच्छुक व्यापारी व उद्यमी ट्रेड फेयर कमिटी से संपर्क कर सकते हैं। चैंबर सदस्यों को स्टॉल लगाने में आकर्षक छूट भी दी जायेगी।

ट्रेड फेयर कमिटी के चेयरमेन विक्रम चौधरी और गौरव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि थाइलैंड, अफगानिस्तान, तुर्किये, मिस्र, भूटान, ईरान समेत 9 देशों और 15 राज्यों के यूनिक प्रोडक्ट का प्रदर्शन इस पूरी तरह से वातानुकूलित हैंगर में देखने को मिलेगा। फेयर में झारखंड सरकार के साथ ही कई अन्य राज्यों के सरकारी विभागों के स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं। जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के अमिताभ घोष ने बताया कि फेयर में कुल 350 स्टॉल, 8 बिजनेस हैंगर, 1 फूड कोर्ट रहेगा। 3 गुणा 2 के स्टॉल की कीमत 60 हजार तथा 3 गुणा 3 स्टॉल की कीमत 90 हजार रुपये निर्धारित की गयी है। फेयर में लोगों के इंटरटेनमेंट के साथ ही बच्चों के लिए फन एक्टिविटी जैसे कार्यक्रमों पर भी विचार किया जा रहा है। फेयर में होम एंड डेकोर, फाइनेंस, फर्नीचर एंड इंटीरियर, लाइफस्टाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर, हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम के 1 लाख से अधिक यूनिक प्रोडक्ट प्रदर्शित किये जायेंगे। प्रवक्ता ज्योति कुमारी ने कहा कि व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह फेयर महत्वपूर्ण होगा। साथ ही, उन्होंने इस फेयर में अधिकाधिक संख्या में व्यापारियों व उद्यमियों को शामिल होने की अपील की।




### सदका ए फित्र अदा करने के लिए मालदार होना जरूरी नहीं : मौलाना मो शफीक अलियावी



**रांची।** रमजान महीने के आखिर में सदका ए फित्र अदा करना है। इसके पीछे हिक्मत (सोच) यह है कि इसकी अदायगी करने से एक तो गरीबों को खाने को कुछ मिलता है, और दूसरा रोजेदार द्वारा रोजे के दौरान की गयी गलतियों और फिजूल कामों का कफ्फारा अदा हो जाता है। मस्जिद अहले हदीस अंसार नगर कर्बला चौक रांची के खतीब मौलाना मोहम्मद शफीक अलियावी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि सदका ए फित्र अदा करने के लिए साहबे नसाब यानी मालदार होना जरूरी नहीं है। शरीयत में इसका कोई प्रमाण नहीं है। कहा कि सही बुखारी और सही मुस्लिम के अनुसार, एक हदीस है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने सदका ए फित्र को अनिवार्य (करार) बना दिया। सदका ए फित्र रमजान के महीने के अंत में ईद की नमाज से पहले हर मुसलमान, गुलाम, आजाद, मर्द, औरत, बच्चे, बूढ़े, एक सा (लगभग ढाई किलो) रोजाना खाने वाली चीजों में से अदा करना यानी निकालना है। अगर ईद की नमाज के बाद सदका ए फित्र दिया जाये, तो वह आम सदका में से एक होगा। फितरा अदा नहीं होगा। ईद की नमाज से पहले सदका ए फित्र निकालना सही है। सदका ए फित्र केवल अनाज के रूप में अदा करना बेहतर है। लेकिन, यदि इस अनाज का मूल्य यानी नकद भी बतौर फितरा में दिया जाता है, तो यह सही है। सदका ए फित्र केवल गरीबों और बेसहारा (मिस्किन) लोगों को दिया जायेगा।

### गरीब रोजेदारों को इफ्तार कराना बेहतरीन अमल : फैयाज



**रांची।** रोजेदारों को इफ्तार कराना सुन्नत का काम है। अपनी हैसियत के हिसाब से रोजेदार और गरीबों को इफ्तार कराना चाहिए। यह अमल अल्लाह के नजदीक बहुत ही उम्दा है। डोरंडा के सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद फैयाज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रोजेदार अल्लाह के नेक बंदे होते हैं। रोजेदार का एहतेराम करना सुन्नत है। रमजान के महीने में अल्लाह ताला नेकियों का बदला 1 से 70 गुना बढ़ा देता है। इंसान के जिस्म के हर हिस्से का रोजा होता है। हाथ कोई गलत काम ना करे, पैर गुमराही की तरफ ना बढ़े , जुबान नशीली चीजों का स्वाद ना ले, रमजान का महीना पवित्र वाला महीना है। रोजेदारों को इफ्तार कराना भी बहुत बड़ा नेक काम होता है। जो रोजेदारों को इफ्तार कराता है, रिज्क (मार) में बरकत होता है। रोजेदार को इफ्तार कराना और गरीब एवं बेसहारा लोगों की मदद करने से अल्लाह बहुत खुश होते हैं और अपने बंदों को इनाम देते हैं।

## खबर एक नजर में

### पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



**रांची।** रांची डोरंडा के वार्ड संख्या 49 अंतर्गत निजाम नगर रोड नंबर एक एवं दो में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को वार्ड की लोकप्रिय पार्षद जमीला खातून के द्वारा किया गया। मौके पर पार्षद जमीला खातून ने बताया की पूरे वार्ड 49 मे निरंतर विकास के कार्य किए जा रहे है। सभी गली मोहल्ला मे रोड नाली स्लैब एवम पेवर ब्लॉक लगाने और निर्माण के कार्य किए जा रहे है।

### डोरंडा थाने में शाति समिति की बैठक



**रांची।** डोरंडा थाना परिसर मे थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत के द्वारा आने वाले पर्व ईद को लेकर शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना प्रभारी ने आए सभी लोगों से पर्व को शांतिपूर्वक और आपसी भाईचारा के साथ मनाने की बात कही। साथ ही सोशल मीडिया मे किसी भी तरह के अफवाह से बचे। वहीं क्षेत्र में कभी भी किसी भी तरह की कोई प्रशासन की जरूरत हो तो थाना प्रभारी को कॉल करें। प्रशासन आपके सहयोग के लिए हमेशा तैयार है। अंत मे थाना प्रभारी ने क्षेत्र की जनता को ईद की मुबारकबाद दिया।

### 20 छात्राओं को मिला एक लाख बीस हजार का चेक

**रांची।** विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित एस एस +2 उच्च विद्यालय चिलदाग की 20 छात्राओं को छह छह हजार का चेक जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा के प्राचार्य डॉ एके झा एवं उप प्राचार्य डीके साहू ने मंगलवार को दिया। इस अवसर पर विज्ञान ज्योति प्रभारी रंजन कुमार एवं यामिनी अकिंचन सहित विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

### स्कूलों के संचालन समय में बदलाव का सीएम से पासवा का आग्रह

**रांची।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य के सभी स्कूलों के समय सारणी में बदलाव की मांग की है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में प्रचंड गर्मी का कहर देखा जा सकता है। इसलिए प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) आपसे आग्रह करता है कि प्राइमरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के सभी बच्चों के स्कूल संचालन का समय पूर्वाह्न 7.00 बजे से अधिकतम 10.30 बजे तक सुनिश्चित करने को आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करें।

### एक हफ्ते के लिए स्कूलों में समय परिवर्तन औचित्यहीन : संघ

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू एवं प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के संचालन अवधि में परिवर्तन को लेकर सरकार के शिक्षा सचिव के रवि कुमार से मिला था। प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ सचिव द्वारा सकारात्मक वार्ता हुई। लेकिन स्कूलों के समय में परिवर्तन औचित्य हीन लग रहा है।

### पेरेंट्स एसोसिएशन का प्रयास रंग लाया

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन का प्रयास रंग लाया, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार ने स्कूलों के समय सारणी में किया बदलाव। झारखंड राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू चलने को लेकर 2 दिन पूर्व झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने शिक्षा सचिव को ज्ञापन देकर राज्य में संचालित सरकारी गैर सरकारी स्कूलों के समय सारणी में बदलाव की मांग की थी।

### शहीदे-आजम शौर्य यात्रा निकाली गयी

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति के तत्वाधान में जयपाल सिंह स्टेडियम से मंगलवार को अल्बर्ट एक्का चौक तक शहीदे-आजम शौर्य यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में हजारों की संख्या में रांचीवासी सम्मिलित हुए। मौके पर अध्यक्ष उत्तम यादव एवं संरक्षक पंकज पाण्डेय ने संयुक्त रूप से कहा कि भगत सिंह की प्रतिमा को हटाया जाना जितना दु:खद था। उससे भी शर्मसार करने वाला वह दृश्य था जिसमें जिला प्रशासन भगतसिंह के गले में रस्सी डालकर उनकी प्रतिमा को रात के अंधेरे में क्रेन के सहारे फंदे से लटका रही थी। ऐसा क्यों किया गया, यह समझ से परे है।

### जिला बार एसोसिएशन की बैठक में सीसीटीवी लगाने का फैसला

**रांची।** जिला बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष एसपी अग्रवाल की अध्यक्षता में पुस्तकालय सभागार में हुई। बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया जायेगा। शपथ पत्र फार्म राशि अब सीधे बैंक में जमा होगी।

### श्रीरामनवमी महोत्सव का समापन समारोह आयोजित

**रांची।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को श्री महावीर मंडल के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री महावीर मंडल पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने की। मंच संचालन ललित ओझा व धन्यवाद ज्ञापन राजेश गुप्ता छोटू ने किया।

### भव्य कलश यात्रा के साथ रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ

**रांची।** मंगलवार को सात दिवसीय अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय महाशिवपुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ तुपुदाना स्थित माड़ाटांड़ में महादेव मंडा पूजा समिति के तत्वाधान में शुरू हुआ। आयोजकों ने बताया कि मंगलवार से लेकर 26 अप्रैल तक तुपुदाना महादेव मंडा टांड़ के प्रांगण में श्री अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञशुरू हुआ है। इस आयोजन में आयोध्याधाम के आचार्यों के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

### विश्व हिंदू परिषद की प्रांत कार्यकारिणी की बैठक हुई

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को हरमू रोड, किशोरगंज चौक स्थित प्रांत कार्यालय में कार्याध्यक्ष तिलक राज मंगलम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री विनायकराव देशपांडे विशेष रूप से उपस्थित थे।

### सब जूनियर बालक-बालिका का चयन ट्रायल 22-23 को

**रांची।** हॉकी रांची सब जूनियर बालक-बालिका का चयन ट्रायल 22-23 अप्रैल को बरियातू एस्ट्रोटर्फ मैदान रांची में होगा। चयन ट्रायल में टूर्नामेंट के लिए हॉकी टीम का गठन किया जायेगा। चयनित खिलाड़ी रांची जिला का प्रतिनिधित्व हॉकी झारखंड सब जूनियर बालक एवं बालिका स्टेट चैंपियनशिप में करेंगे। हॉकी रांची के सचिव जयंत केरकेट्टा ने इस बात की जानकारी दी।

# रांची विवि में दो सब्सिडियरी पेपर की मांग को लेकर छात्रों का हंगामा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय से सत्र 2017- 20 और 2018- 21 में स्नातक कर चुके विद्यार्थियों ने मंगलवार को दो सब्सिडियरी पेपर की मांग को लेकर विवि मुख्यालय में हंगामा किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले अलग-अलग कॉलेजों के छात्रों ने विश्वविद्यालय कैंपस में जमकर नारेबाजी की। इनका कहना था कि कुलपति उनकी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। हंगामे के बीच कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने छात्रों को समझाया। एक घंटे में परीक्षा लेने का नोटिस जारी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद छात्र शांत हुए। हालांकि नोटिस जारी होने के इंतजार में विद्यार्थी देर तक वहीं जमे रहे।

**क्या है मामला :** रांची विश्वविद्यालय से सत्र 2017- 20 और 2018- 21 में ग्रेजुएशन करने वाले विद्यार्थियों को सब्सिडियरी के तौर पर एक ही पेपर दिया गया था। इन दोनों सत्रों में पास करनेवाले जिन विद्यार्थियों ने बीएड की पढ़ाई की है, वे शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में आवेदन नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि शिक्षक नियुक्ति में दो सब्सिडियरी पेपर मांगता है। इस समस्या को लेकर विद्यार्थी पिछले चार महीने से विश्वविद्यालय का चक्कर काट रहे हैं। कुलपति ने पहले भी आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक इसका हल नहीं निकाला गया है, जिससे विद्यार्थियों में रोष है। मौके पर सिवेंद्र सौरव, अभिनव जीत सहित कार्यकर्ता और छात्र उपस्थित थे।

# आर्मी स्कूल में मेडिकल अवेयरनेस का हुआ आयोजन

**रांची।** आर्मी मेडिकल कोर्प्स (एएमसी) के तत्वावधान आर्मी स्कूल में तीन दिवसीय मेडिकल अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सीनियस स्टूडेंट्स को एएमसी के लोगों ने बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) तथा कम्प्रेशन ऑनली लाइफ सपोर्ट (सीओएलएस), हार्ट कम्प्रेस तथा ब्रीदिंग के बारे बताया। इस कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी दी गयी कि कोई भी व्यक्ति अगर हृदय के प्रति कोई बीमारी होती है तो उसे बिना मेडिसीन के किस तरह से उनकी लाइफ से बचाया जा सकता है। इसके साथ स्कूल विद्यार्थियों को थ्री सी अर्थात, चेक फॉर रेस्पॉन्स, कॉल फॉर हेल्प, कम्प्रेशन विदाउट ओर मिनिमम इंटरप्शन के महत्व के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मिलिट्री हॉस्पिटल (एमएच) नामकुम के कमांडेंट ब्रिगेडियर ऋषिराज, एन वर्मा, कर्नल करमजीत कौर, प्रिंसिपल मेट्रो मेडिकल हॉस्पिटल नामकुम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नयाडीह हांसागोड़ा में ग्रामीणों के बीच बतख के चूजों का हुआ वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/धनबाद।** धनबाद जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत बेंगनरीया पंचायत के आदिवासी बहुल गांव नयाडीह हांसागोड़ा गांव में ग्रामीणों के बीच उनके पशुधन विकास और आर्थिक स्वावलंबन व मजबूती के लिए युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो और वार्ड संख्या 2 के प्रतिनिधि अनिल मुर्मू जी के प्रयास से मंगलवार को ग्रामीणों के बीच बतख के चूजों का वितरण किया गया।

बतख के चूजों का वितरण दर्जनों ग्रामीणों के बीच किया गया, ताकि इस विकट परिस्थिति में भी ग्रामीणों को अपनी पारिवारिक स्थिति को आर्थिक दृष्टिकोण से कुछ मजबूत कर सकें। मौके पर उपस्थित युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो जी द्वारा टुंडी और और धनबाद जिले के अधिकारियों को बहुत बहुत आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर लाभुक सनातन सोरेन, दुर्जन मुर्मू, उपासी देवी, पानमुनी सोरेन, फुलमनी देवी, निशेदी देवी आदि दर्जनों ग्रामीणों के बीच बतख का वितरण किया गया।

# कैंसर पीड़ितों के लिए समाज को आगे आना चाहिए : दीपिका

**रांची।** कैंसर वाला कैमरा' चैरिटी फोटो प्रदर्शनी के आखिरी दिन मंगलवार को समापन सत्र में कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सह विधायक झारखण्ड विधानसभा दीपिका पांडेय सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि- कैंसर एक गंभीर रोग है जिससे हमें लड़ना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैंसर पीड़ितों के लिए समाज को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने पत्रकार रवि प्रकाश के द्वारा लगाए गए फोटो प्रदर्शनी की सराहना करते हुए इसे रांची समेत पूरे झारखंड के लिए प्रेरणा देने वाला कदम बताया। रवि प्रकाश के हौसले व जज्बे की तारिफ करते हुए कैंसर पीड़ितों को इनसे सीख लेने की भी सलाह दी। इसी दौरान रवि प्रकाश के द्वारा विधायक दीपिका पांडेय सिंह से यह आग्रह किया गया कि वे राज्य सरकार द्वारा कैंसर को अधिसूचित क्षेत्र की बीमारी में शामिल कराने की पहल करें। इस पर बाद में विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने मुख्यमंत्री से बात भी की।

# येसु को जानें, समझें व अनुभव करें : आर्चबिशप टोप्पो

## रांची के आर्चबिशप ने किया उपयाजक अमित डुंगडुंग का पवित्र पुरोहिताभिषेक संस्कार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** समाज व कलीसिया की सेवा व निर्माण में पुरोहिताई जीवन व उसकी समर्पित सेवा का महत्वपूर्ण स्थान है। चाहे सुसमाचार का प्रचार हो या फिर लोगों के बीच येसु ख्रीस्त के मूल्यों से अवगत कराने की बात या फिर प्रभु का साक्षी बनने का मामला, इन सभी के लिए सर्वप्रथम जरुरी है कि एक पुरोहित अपने जीवन में ईश्वीय बुलाहट व उसकी महती योजना को अच्छी तरह जाने। स्वयं येसु को जाने और अपने जीवन में उसका अनुभव करे। यह उद्गार रांची के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे के हैं। मंगलवार को वे उपयाजक अमित डुंगडुंग के पवित्र पुरोहिताभिषेक संस्कार के दौरान अपने प्रवचन में कही।

उपयाजक अमित डुंगडुंग का पुरोहिताभिषेक संस्कार संत थॉमस चर्च मुड़िया सिमडेगा में आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे के हाथों संपन्न हुआा। इस पावन संस्कार में आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो के साथ रांची महाधर्मप्रांत के सहायक धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स बतौर सहअनुष्ठाता मौजूद थे।

बिशप मसकरेन्हस ने मुड़िया पल्ली के सभी लोगों का धन्यवाद किया व कहा कि समाज कल्याण में माता-पिता का योगदान महत्वपूर्ण है। उनका दायित्व है कि बच्चों को अच्छा संस्कार दें और उन्हें सदैव समाज सेवा के लिए प्रेरित करें।

बताते चलें कि नवाभिषिक्त फादर अमित डुंगडुंग सिमडेगा जिले के मुड़िया पल्ली के भंवरपानी के निवासी है। पिता विंसेंट डुंगडुंग व माता क्लारा कांति कुल्लु के प्रथम सुपुत्र फादर अमित डुंगडुंग मैंगलोर स्थित संत पीटर सेमिनरी से 2022 में ईशशास्त्र की पढाई पूरी की। अभिषेक संस्कार के बाद ये रांची महाधर्मप्रांत के लिए बतौर पुरोहित अपनी समर्पित सेवा देंगे।

अभिषेक की धर्मविधि से पूर्व उपयाजक अमित डुंगडुंग की संक्षिप्त जीवनी पढ़ी गयी। तदुपरांत मुड़िया पल्ल के पुरोहित फादर सुशील गुड़िया ने पल्ली की ओर से दोनों बिशपो, पुरोहितों, धर्मबहनों व उपयाजक के समस्त परिवार व रिश्तेदारों का स्वागत किया।

# अर्बन हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के संचालन को लेकर समीक्षा बैठक

**रांची।** 15 वें वित्त आयोग के अनुशंसा के आलोक में रांची नगर निगम रांची अन्तर्गत कुल 24 स्थलों पर अर्बन हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का संचालन किया जाना है। इस संदर्भ में मंगलवार को संध्या 4:00 बजे नगर आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। बैठक में सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, डॉ किरण कुमारी ने बताया कि कुल पांच स्थलों पर भवन नवीककरण के कार्य हेतु निविदा प्रकाशित की गयी थी जिसमें चार स्थलों के लिए एजेंसी का चयन कर लिया गया है तथा एक स्थल के लिए निविदा प्रक्रियाधीन है। उक्त के अतिरिक्त 16 वार्डों में भवन को किराया पर लेने के लिए भवनों को चिन्हित कर लिया गया है। मानव बल की आपूर्ति निविदा के माध्यम से की जा रही है।

स्पीड न्यूज

## इटकी में कब्रिस्तान की घेराबंदी का शिलान्यास

इटकी। टुरुगुरु बस्ती में मंगलवार को मुस्लिम कब्रिस्तान के घेराबंदी कार्य का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर पंचायत के मुखिया राजन किसपोट्टाए सुनील उरांवए अबरार इमामए अहमद अंसारीए अबू माज सहित अन्य शामिल थे।

## ओरमांझी से दो बाइक की चोरी

ओरमांझी। थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ गई। गृहभेदन के साथ बाइक की भी चोरी हो रही है। थाना क्षेत्र के पांचा में सड़क किनारे खड़ी एक प्रो स्पेलेंडर बाइक जेएचव1डीयू-1697 को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। बताया गया कि फुरहुरा टोली केदल निवासी फर्निचर मिस्त्री साहबीर महतो पांचा में काम करने पहुंचा था। चारदिवारी के बाहर बाइक खड़ी कर अंदर काम करने लगा। शाम पांच बजे के करीब बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। वहीं बैंक ऑफ इंडिया ओरमांझी के बाहर खड़ी एक अन्य बाइक की भी चोरी हो गई है। दोनो चोरी का मामला ओरमांझी थाना में दर्ज कराया गया है। वहीं ओरमांझी थाना पुलिस बाइक व चोरों की पता लगा रही है।

## इटकी: बारीडीह गांव में दावत-ए-इफ्तार

इटकी। इस्लाहुल इराकीन कमेटी इटकी के सेक्रेटरी हाजी मो मोइनुद्दीन के सौजन्य से बारीडीह गांव में मंगलवार को दावत. ए. इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर रोजेदारों द्वारा विश्व में अमन.चैन व क्षेत्र के विकास की दुआ की गयी। कार्यक्रम में अकील अहमद, अरविंद कुमार, मो सलीमुद्दीन, आरिफ रजा, पप्पू हाशमी, हाजी नसीम, इबरार अहमद, फैजान अहमद, उरूज अंसारी व टुन्नू सहित अन्य शामिल थे।

# नियोजन नीति का विरोध: छात्र संगठनों ने निकाला मशाल जुलूस

### 60-40 के विरोध में झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन ने मशाल जुलूस निकाला

खबर मन्त्र संवाददाता

बुंडू। झारखंड सरकार की नई नियोजन नीति को वापस लेने को लेकर मंगलवार की संध्या को बुंडू छात्र संगठन द्वारा मशाल जुलूस निकालकर बुधवार को बुंडू बंद का ऐलान किया है। छात्र संगठन का जुलूस बुंडू के काली मंदिर चौक से सुभाष चौक धुर्वा मोड़ होते हुए बीचका टोली तक जुलूस निकाला। जुलूस छात्र युवा हेमंत सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे थे। मौके पर छात्र नेता बासुदेव महतो उपेंन महतो एसोमरेस महतो दामोदर महतोए संदीप कुमार महतो वीणा धर महतो आदि मौजूद थे।


ओरमांझी में मशाल जुलूस में शामिल लोग।

### ओरमांझी में मलाश जुलूस निकाल कर दुकाने बंद रखने की अपील

ओरमांझी। झारखंड सरकार के नियोजन नीति के विरोध में मंगलवार को झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के तत्वधान में मशाल जुलूस निकाला गया। ब्लॉक चैक ओरमांझी में जलेश कुमार महतो के नेतृत्व में निकली मशाल जुलूस में शामिल छात्रों ने नीति का विरोध करते हुए राज्य सरकार के विरुद्ध नारे लगा रहे थें। 60-40 नियोजन नीति के विरोध में झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन ने 19 अप्रैल को झारखंड बंद का भी ऐलान किया और कहा आकस्मिक सेवाओं को छोड़कर सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। समर्थन में क्षेत्र के सभी दुकान संचालकों से बुधवार को झारखंड बंद रखने की अपील की गई। छात्रों ने मांग किया कि खतियान आधारित स्थानीय नीति ही नियोजन नीति झारखंड की भाषा व संस्कृति नियुक्ति का आधार बने। मशाल जुलूस में संजय महतो, आफताब आलम, मनोज शायर, मुनेश कुमार महतो,बबली ,अलखनाथ ,राजेश महतो, सरदीप महतो, संजय महतो, दिनेश महतो, सिकंदर कुमार, आदित्य, आकाश पटेल,धनेश महतो, वीरेंद्र महतो, अंबिका महतो, सुरेंद्र, भूषण कुमार, प्रशांत, गणेश आदि शामिल थें।

### राहे-सोनाहातू में मशाल जुलूस, झारखंड बंद आज

सोनाहातू/राहे। सरकार के 60.40 नियोजन नीति के विरोध में बुधवार को झारखंड बंद का आव्हान किया गया है। झारखंड बंद की अपील को लेकर राहे प्रखंड के भगतसिंह चौक से सुभाष चौक होते हुये बाजार चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान लोगों से बंद को समर्थन देने की अपील किया गया। मौके पर गुरुचरण दासए अशोक बैठा धनेश्वर महतो गणेश मिर्धा चितरंजन महतो देवनाथ महतो सुमन्त महतो प्रफुल्ल महतो संतोष महतो अम्बुल अहीर प्रशांत गोंझु रामजीवन महतो मौजूद थे। इधर सोनाहातू में अस्पताल से लेकर दानाडीह तालाब तक मशाल जुलूस निकाल कर बंद को सफल बनाने की अपील किया गया। मौके पर श्रीपति महतो अशोक महतो सेवाराम महतो कार्तिक महतो सीताराम महतो आदि मौजूद थे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
G20

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं ।

## हेसलपीरी वन समिति ने रक्षा सूत्र बांध पेड़ों को बचाने का लिया संकल्प



खबर मन्त्र संवाददाता

ठाकुरगांव। बुढ़मू प्रखंड के हेसलपीरी वन समिति के नेतृत्व में मंगलवार को रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा गया और वन बचाने का संकल्प लिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि मुखिया कुसेंद्र पाहन ने कहा कि वन की रक्षा से हमारे पूरे समाज की रक्षा होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि एक पेड़ को बचाना सौ पुत्रों को बचाने के समान है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने एक स्वर से जंगल बचाने की शपथ भी ली। ग्रामीणों ने कहा कि जंगल से पेड़ काटते हुए पकड़े जाने पर सामाजिक बहिष्कार के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। मौके पर गांव की महिलाओं ने रंग व गुलाल से पूजा-अर्चना भी की। मौके पर रंजीत उरांव, अर्जुन उरांव, जयनाथ महतो, सचिंद्र कुमार, हीरालाल महतो, राजेश महतो, लालमोहन महतो सहित अन्य मौजूद थे।

# सिलेंडर लीक होने से पांच दुकानें जलीं

### मेदांता हॉस्पिटल और वाहन जलने से बचे 10 लाख के सामान जलकर राख

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के इरबा में मंगलवार को सिलेंडर गैस के रिसाव से लगी आग में मेदांता हॉस्पिटल के आगे पांच दुकान पुरी तरह जल गए। मंगलवार की शाम 4:30 बजे लगी आगे के संबंध में बताया गया कि सबसे पहले इरबा निवासी अजहर अंसारी व गोपु की फास्ट फूड की दुकान होटल में आग लगी। जिसके बाद देखते-ही-देखते आसपास के चार मुजीबुल अंसारी की चिकन बिरियानी की दुकान, मुस्तफा अंसारी की पान दुकान व मोहम्मद आरीफ की ड्राई फुड की दुकान में आगे लग गई। आग लगने से घटना स्थल व आसपास अफतरा तफरी मच गई। सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। वहीं सूचना मिलने पर पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा झारखंड अग्निषमन सेवा की बाहन पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सकता। आगे बुझाने में मेदांता हॉस्पिट द्वारा भी सहयोग किया गया। अपने ड्राई फूड दुकान व सामना को जले देख संचालक मोहम्मद आरीफ के आंखों से आंसू बहने लगे। उसने बताया कि उसके लगभग चार लाख के सामान जल गए। वह इद में बिक्री करने के लिए कर्ज में सामना लिया था। उसने बताया कि होटल दिल्ली में बच्चों को काम में रखा गया है। उन्ही बच्चों के द्वारा ही चुल्हा जलाने के दौरान सिलेंडर से गैस लिक कर गया और आग लग गई।



### नौकरी, मुआवजा मिलने पर ही होगा केडीएच का विस्तारीकरण: मोर्चा

खलारी। रैयत विस्थापित मोर्चा का बैठक डकरा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता बिगन भोगता व संचालन रामलखन गंझु ने किया। बैठक में बिगन सिंह भोगता ने कहा की रैयत विस्थापित मोर्चा ने 31 सूत्री मांग पत्र 14 सितंबर 22 को एनके एरिया कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रबंधन को दिया गया था। उसके बाद प्रबंधन और रैयत विस्थापित मोर्चा के बीच 31 सूत्री मांग पत्र पर वार्ता हुआ और सभी मांगों को पूरा करने के लिए प्रबंधन ने एक महीना समय लिया, लेकिन 5 महीना बीतने के बाद भी एक भी कार्य धरातल पर नहीं किया गया। प्रबंधन सिर्फ रैयत विस्थापितों को ठगने का कार्य कर रही है।

एक नजर में

## इटकी के मौसीबाड़ी मुहल्ला में कानू जाति के परिवारों का सर्वेक्षण

इटकी। झारखंड कानू विकास संघ रांची द्वारा इटकी के मौसीबाड़ी मुहल्ला में कानू जाति के परिवारों का सर्वेक्षण किया गया। मौके पर परिवार की आर्थिक व शैक्षणिक स्थिति का जायजा लिया गया। इसके अलावा नगड़ी एवं बेड़ो में भी जाति के परिवारों का सर्वेक्षण किया गया। कार्यक्रम में संघ के राजेश प्रसाद, सुनील कुमार, रामबृज साव, गोविन्द साव, गणेश साव, भोला साव व अनिल कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## बेड़ो: लठेया टोली में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन



बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के नेहालु पंचायत अंतर्गत लठेया टोली में मंगलवार को पीण्सीण्सीण सड़क निर्माण का गांव के मुखिया और पहान ने भूमि.पुजन किया गया। जहां मुखिया विरेन्द्र भगत ने कहा कि उक्त स्थल पर ग्रामीणों द्वारा काफी दिनों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। सड़क खराब होने के कारण लोगों को आने.जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बीमार लोगों को इलाज के लिए ले जाने हेतु गांव तक गाड़ी नहीं पहुंच पाने के कारण मरीज को आधा किलोमीटर ढोकर लाया जाता था। इस पथ के बन जाने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। इस कार्य से सभी ग्रामीण उत्साहित हैं। इस अवसर पर उपमुखिया जीतीया उरांवए वार्ड सदस्य मंजूषा तिर्कीए बबलू लोहराए सनि उरांवए पारसनाथ तिर्कीए बिरसा उरांवए बिजला महलीए विनोद उरांवए गौतम उरांवए मंगरा उरांव मौजूद थे।



## साड़म गम्हरिया में हनुमान मंदिर का मना वार्षिकोत्सव

बुढ़मू। मंगलवार को प्रखंड के साड़म गम्हरिया गांव में स्थित शिव हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव विशेष पूजा, हवन व भंडारे के साथ संपन्न हो गया। रविवार को कलश यात्रा निकाली गयी। सोमवार को रूद्राभिषेक पूजनए अखंड हरिकिर्तन का शुभारंभ किया गया। मंगलवार को अखंड हरिकिर्तन, विसर्जन और भंडारे का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में भैरव सिंह, हरदेव साहु, मनोज कुमार साहु, ममता गुप्ता, फुलमनी देवी, दीनानाथ मिश्रा, जेसी राम, राकेश मिश्रा, कृष्णा यादव, हरजीवन साहु, नारायण यादव, मनोज महतो, नागेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## अवैध सैलरी उठाव को लेकर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। खलारी प्रखण्ड के प्रांगण में जिला परिषद पश्चिमी सरस्वती देवी व खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहाण इस धरना प्रदर्शन में स्थानीय जनप्रतिनिधि ने सीमेंट फैक्ट्री के मालिक संजय रुंगटा के विरुद्ध आरोप लगाते हुए बताया कि रुंगटा का फैक्टरी व जमीन 1989 में लीज खत्म हो चुका है तो अब जो है वह राज्य सरकार व पंचायत की सरकार का है, परन्तु रुंगटा के द्वारा पूर्व में संचालित सीमेंट फैक्टरी का डस्ट सेलारी को अपना मोहर मारकर अवैध रूप से खनन करवाकर बेचा जा रहा है।

## किला मैदान में 12 जून से होगा श्रीराम कथा और महायज्ञ

### जुटेंगे श्रद्धालु

शेख मुजिबुल

रातू। ऐतिहासिक राजकिला मैदान में 12 से 16 जून तक श्रीराम कथा और महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। किले की राजकुमारी माधुरी मंजरी ने इसकी सहमति दे दी है। अक्षय तृतीया को झंडागड़ी होगी। इसमें सैकड़ों लोग हिस्सा लेंगे। पांच दिनी महायज्ञ से पहले 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन होगा। महायज्ञ सह श्रीराम कथा की भव्यता को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसमें करीब 25 लाख की लागत आयेगी। यह जानकारी रामधीर तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि राजनीतिक और सामाजिक संगठन के अलावा जन सहयोग भी लिये जायेंगे। श्रद्धालुओं का महाजुटान होगा। महिलाओं के लिये विशेष व्यवस्था होगी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे।

### महायज्ञ में इन गांवों की होगी भागीदारी

श्री तिवारी की मानें तो राजधानी रांची समेत रातू बाजारटांड़, आमटांड़, काठीटांड़, झखराटांड़, पिर्रा, बड़काटोली, हुरहुरी, जाड़ी, बानापीड़ी, कन्नौज, तारूप, फेटा, आनंदमयी नगर, काटू, लहना, ब्रजपुर, मुरगू, मखमंदरो, कमड़े, ललितग्राम व केशवनगर के अलावा मांडर, चान्हो, खलारी, बेड़ो, कांके, इटकी, नगड़ी आदि प्रखंड के दर्जनों गांव के श्रद्धालु इसके हिस्सा बनेंगे।

## मुल्क में शांति और सद्भाव की मांगी दुआ

### हुरहुरी पंचायत भवन में दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। प्रखंड के विभिन्न भागों में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम मुखिया कमल खलखो और पंचायत समिति सदस्य संजू देवी की ओर से मंगलवार की शाम पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित दावत ए इफ्तार में सभी समुदाय के लोगों ने हिस्सा लेकर पारंपरिक एकता की मिसाल कायम किये।

थानेदार सपन कुमार महथा खास मेहमान थे। इफ्तार के बाद सैकड़ों नमाजियों ने मगरीब की नमाज अदा कर मुल्क में शांति और सद्भाव की दुआ मांगी। वहीं भाईचारे के साथ ईद उल फितर का त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व रोजेदारों ने लजीज व्यंजन का स्वाद भी चखा।



### कार्यक्रम में थे शामिल

कमल खलखो, संजू देवी, महेश महतो, गणेश महतो, रज्जब अली, मियांजान अंसारी, मो सिद्दीक, हाजी मंसुर आलम, मो फिरोज, इमरान खान, कलामुद्दीन अंसारी, शेख शहदुल, मो तश्लिम, जैनुल आवेदिन, गयासुद्दीन अंसारी, फिरदोश अंसारी, मो असलम, मो आफताब, बसिरूल अंसारी व समीर अंसारी, राज कुमार सिंह, बिनोद साहू व बिनोद उरांव आदि।

### एसएस प्लस टू चिलदाग की छात्राओं को मिली सहयोग राशि

अनगड़ा । विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित एस एस 2 उच्च विद्यालय चिलदाग की 20 छात्राओं को छह. छह हजार रु का चेक मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा के प्राचार्य डॉ एके झा एवं उप प्राचार्य डीके साहू ने सौंपा । इस अवसर पर विज्ञान ज्योति प्रभारी रंजन कुमार एवं यामिनी अकिंचन सहित विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी (गोपनीय शाखा)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारणों को सूचित किया जाता है कि ST.60(A)/14GR-4989/13 TORPA PS-90/13 U/S-399,402, IPC, 25(1-B)A. 26/35 ARMS ACT के विचाराधीन बंदी पौलुस भेंगरा उर्फ पाउलु, पिता स्व0 चंकिया भेंगरा उम्र लगभग-45 वर्ष ग्राम घाघरा बंधटोली थाना मुरहू जिला खूँटी की मृत्यु दिनांक 22.11.2022 को ईलाज के क्रम में रिम्स, राँची में हो गई है। उक्त संबंध में मृतक के संबंधी यह अन्य जो विचाराधीन बंदी पौलुस भेंगरा उर्फ पाउलु, पिता स्व0 चंकिया भेंगरा के मृत्यु के संबंध में ब्यान/साक्ष्य देना चाहते हों, तो वे दिनांक 19.04.2023 से दिनांक 25.04.2023 तक अनुमण्डल कार्यालय, खूँटी में आकर श्री देवेन्द्र कुमार दास, कार्यपालक दण्डाधिकारी, अनुमण्डल खूँटी के समक्ष कार्यालय अवधि में (पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक) अपना ब्यान या साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

(श्री देवेन्द्र कुमार दास)
कार्यपालक दण्डाधिकारी,
अनुमण्डल,खूँटी

PR 295366 District(23-24).D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची
मध्य विद्यालय बी0एम0पी0- 1 डोरण्डा परिसर, राँची- 834002
0651-2490065(Office), Fax-2490064
Email - jepranchi@gmail.com & dseranchi@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2023-24)

रांची जिला अंतर्गत संचालित 13 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (KGBV), 05 झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालयों एवं 02 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों के लिए सत्र 2023-24 में खाद्य एवं अन्यान्य सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं से विद्यालयवार अलग-अलग निविदा पैकेजवार आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, डोरण्डा, रांची से दिनांक 20.04.2023 से 04.05.2023 तक कार्यदिवस में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है एवं दिनांक 06.05.2023 के अपराह्न 03 बजे तक सीलबंद लिफाफे में पैकेजवार (अलग-अलग लिफाफे में) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय (झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रांची, मध्य विद्यालय, बी0एम0पी0 डोरण्डा परिसर, डोरण्डा, रांची) में जमा कर सकते है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु प्रति पैकेज प्रति विद्यालय अप्रतिदेय 500/- (पांच सौ रूपये मात्र) डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो "Jharkhand Education Project, Ranchi" के नाम देय हो के साथ आवेदन देना अनिवार्य होगा। उपरोक्त निविदा में स्थानीय निविदादाताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। पूर्ण निविदा हेतु पैकेजों की विवरणी इत्यादि से संबंधित विस्तृत शर्तें तथा अन्य जानकारी हेतु जिला कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रांची में संपर्क किया जा सकता है। निविदा से संबंधित जानकारी www.dseranchi.com के पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

ह/० जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, रांची

PR 295425 Human Resource Developement (23-24)_D

# पिछड़े, दलितों के लिए संघर्ष करते रहे राजेंद्र सिंह मुंडा

### बरसालडीह में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

खबर मन्त्र संवाददाता

सोनाहातू। माकपा एवं किसान सभा सोनाहातू लोकल कमिटी के द्वारा किसान नेता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह मुंडा के दूसरे पुण्यतिथि के अवसर पर राजेन्द्र सिंह मुंडा चौक बरसालडीह में इनका प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करते हुये झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सह माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य सुफल महतो ने कहा कि पंचायत चुनाव कराने को लेकर कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने 10 वर्षों तक संघर्ष किये थे। आदिवासी दलित, पिछड़ों एवं गरीब के हित के लिए संघर्ष के दौरान पांच बार जानलेवा हमला किया गया। इन हमले में कई साथियों को इन्होंने गंवा दिया। सिल्ली विधानसभा में तीन बार विधायक चुने गये। जीवन भर किसानों के लिए संघर्ष करते रहे। गरीबों के लिए खुशहाली के लिए संघर्ष उनके जीवन का अभिप्राय था। उनके अधुरे कार्यों के लिए संघर्ष ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



### अनावरण समारोह में थे मौजूद

राज्य कमिटी सदस्य सुरेश मुंडा, जिला किसान सभा सचिव दिवाकर मुंडा, जिला कमिटी सदस्य उमेश महतो, जिला किसान सभा सदस्य रतन महतो, घुरन पातर, विशेश्वर महतो, हरिहर महतो ने अनावरण सभा को संबोधित किया। अध्यक्षता डोमन मुंडा एवं संचालन घुरन पातर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन युवा नेता और पूर्व विधायक के पोता विकास सिंह मुंडा ने दिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इस मौके पर काफी संख्या में क्षेत्र के आसपास के लोग इसमें शामिल हुए।

कार्यालय : उपाधीक्षक, सदर अस्पताल रामगढ़।
E-Mail- dsramgarhjh@gmail.com

विज्ञप्ति संख्या : 01/2023-24 दिनांक :- 18/04/2023

सदर अस्पताल रामगढ़ के ETP(Effluent Treatment Plant) अधिष्ठापन हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों (जिनका झारखण्ड राज्य में जी0एस0टी0 निर्गत हो) से निविदा दिनांक 02/05/2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Tender For Design Supply, ETP (Effluent Treatment Plant). |
| 2 | निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 19.04.2023 FROM 03:00 PM |
| 3 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 02.05.2023 के अपराह्न 05:00 (Through Registered Post Only) |
| 4 | निविदा खुलने का समय | 04.05.2023 at 11:00 A.M |
| 5 | निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो उपाधीक्षक, सदर अस्पताल रामगढ़ से देय होगा। (नन रिफन्डबल) कार्यालय में हाथो-हाथ जमा कर निविदा प्राप्त करना होगा। | 2000.00 (Two Thousand) Only. |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | उपाधीक्षक, सदर अस्पताल रामगढ़ |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 84093-65658 |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलने समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

उपाधीक्षक
सदर अस्पताल रामगढ़

PR 295405 (District) 23-24 (D)

# नियंत्रित महंगाई

मार्च महीने में थोक मूल्य सूचकांक (हढक) पर आधारित महंगाई दर गिरकर 29 माह के निचले स्तर 1.34 प्रतिशत पर पहुंच गई। फरवरी में यह 3.85 प्रतिशत थी। ज्यादा आधार के असर और विनिर्मित उत्पादों की कीमत में गिरावट के कारण ऐसा हुआ है। मुख्य रूप से टेक्सटाइल और धातुओं की कीमत में गिरावट की वजह से ऐसा हुआ है। बहरहाल खाद्य की कीमतों में तेजी रही, लेकिन ईंधन, बिजली और विनिर्मित उत्पादों की कम कीमत से इसकी भरपाई हो गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्मित वस्तुओं की कीमत (-0.77 प्रतिशत) मार्च में घटी है, जिसकी महंगाई दर फरवरी में 1.94 प्रतिशत थी। विनिर्मित खाद्य उत्पादों (-2.96 प्रतिशत), कागज (-1.01 प्रतिशत)और लकड़ी (-0.83 प्रतिशत) की कीमत में गिरावट आई है। साथ ही टेक्सटाइल (-4.93 प्रतिशत) और वसा (-21.33 प्रतिशत) की कीमत में गिरावट जारी रही है। वहीं दूसरी तरफ मोटे अनाज (9.48 प्रतिशत), धान (7.54 प्रतिशत), गेहूं (9.16 प्रतिशत), दूध (8.48 प्रतिशत) और फलों (4.89 प्रतिशत) की कीमत मार्च में गिरी है। थोक महंगाई में गिरावट ऐसे समय आई है जब मार्च में खुदरा महंगाई घटकर 5.66 प्रतिशत रह गई है, जो केंद्रीय बैंक द्वारा तय 6 प्रतिशत की ऊपरी सीमा से 2023 में पहली बार कम हुई है। अप्रैल में भारतीय रिजर्व बैंक की 6 सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति ने एकमत होकर नीतिगत रीपो दर 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया था, लेकिन यह मानने से इनकार कर दिया है कि दर शीर्ष स्तर पर है। मौद्रिक नीति पर फैसला करने में रिजर्व बैंक खुदरा महंगाई पर नजर रखता है, लेकिन थोक मूल्य पर आधारित महंगाई दर में गिरावट होने से आने वाले महीनों में खुदरा महंगाई में गिरावट की उम्मीद बनती है।

# बढ़ता डिजिटल पेमेंट

दुनिया में यूपीआई से सबसे ज्यादा पेमेंट भारत में ही होते है। भारत ने अब नया रिकॉर्ड बनाया है। इसे मामले में देश के सभी शहरों की सूची में बेंगलुरु टॉप पर है, जिसने सबसे ज्यादा डिजिटल पेमेंट किया है। फ्रांस की पेमेंट और ट्रांसेक्शनल सर्विज कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में यह कहा है। बेंगलुरु ने 2022 में 6500 करोड़ के 29 करोड़ डिजिटल लेनदेन दर्ज किए। इस सूची में दूसरे स्थान पर दिल्ली है। दिल्ली वालों ने 5000 करोड़ रुपये के 1.96 करोड़ डिजिटल लेनदेन किये और इसके बाद मुंबई में 4950 करोड़ रुपये के 1.87 करोड़ लेनदेन हुए। रिपोर्ट के अनुसार, चौथे नंबर पर 3280 करोड़ रुपये के 1.5 करोड़ डिजिटल लेनदेन के साथ पुणे और 3,550 करोड़ रुपये के 1.43 करोड़ लेनदेन के साथ चेन्नई है। इंडिया डिजिटल पेमेंट्स एनुअल रिपोर्ट शीर्षक वाली रिपोर्ट में, यूपीआई, डेबिट और क्रेडिट कार्ड, प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स जैसे भुगतान मोड, मोबाइल और प्रीपेड कार्ड ने 149.5 ट्रिलियन रुपये के मूल्य के 87.92 बिलियन लेनदेन संसाधित किए। यूपीआई के जरिये वॉल्यूम में 74.05 बिलियन से अधिक और मूल्य के मामले में 126 ट्रिलियन से अधिक का लेन-देन किया। इसकी लेन-देन की वॉल्यूम और मूल्य पिछले वर्ष से लगभग दोगुना हो गया है क्योंकि इसने वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2022 में मात्रा में 91 प्रतिशत और मूल्य में 76 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की है।फिजिकल टच प्वाइंट के मामले में 2022 के दौरान टॉप 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा भुगतान किया गया है। इसमें केरला, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना, गुजरात, वेस्ट बंगाल और पंजाब है। जबकि टॉप 10 शहरों की बता करें तो बेंगलुरु, नई दिल्ली, मुंबई, पुणे, चेन्नई, हैदराबाद, एनार्कुलम, तिरुवंनतपुरम, थ्रिस्सर और कोयम्बटूर हैं।

# एक खेल प्रेमी राष्ट्र के रूप में भारत का उत्सव




**भारत** में खेलों के लिए यह एक रोमांचक समय है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, सरकार जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान, खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण, एलीट खिलाड़ियों को समर्थन और एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो देश के खेल परिदृश्य को बदलने के लिए मिशन मोड में है और देश के कोने-कोने से महिलाएं, दिव्यांगजन और युवा सभी के लिए समान अवसर प्रदान करता है। सफलता की गाथाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के कई खिलाड़ियों के धैर्य, संघर्ष और दृढ़ संकल्प की कहानियों ने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' और देश के दिलों में जगह बनाई है।

खेलो इंडिया एक गेम चेंजर रहा है। वास्तव में खेलो इंडिया गेम्स भारत के मिनी ओलंपिक की तरह हो गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देकर प्रोत्साहित करने से न केवल युवा खिलाड़ियों बल्कि राज्यों को भी अपने स्वयं के मजबूत खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए बढ़ावा मिला है। देश में एक समग्र खेल संस्कृति के विकास के अलावा, प्रत्येक खिलाड़ी और उनकी प्रगति को जानने में प्रधानमंत्री जो व्यक्तिगत रुचि लेते हैं, वह भी कुछ ऐसा है जो हमारे देश में पहले कभी नहीं देखा गया था। वह अंतिम रवानगी से पहले और एक अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट/खेल आयोजन के बाद भारतीय दल के साथ बातचीत करना और उन्हें उनकी सफलता या ईमानदारी से किए गए प्रयासों के लिए प्रेरित करते हैं और बधाई देते हैं।

प्रधानमंत्री अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भी खेलों के बारे में काफी बातें करते हैं। पहले हमारे देश के खेल के क्षेत्र में उपलब्धियों के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए अखबार ही एकमात्र माध्यम था, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट के लिए जाने से पहले ही हम उनका जश्न मना रहे हैं।

कॉमनवेल्थ हो या ओलंपिक जाने वाला भारतीय दल या खेलो इंडिया गेम्स में भाग लेने वाले युवा, 'मन की बात' एक ऐसा मंच बन गया है, जहां खेल के मोर्चे पर देश की उपलब्धियां सामने आती हैं। और आज, जब 'मन की बात' 30 अप्रैल, 2023 को अपना शतक पूरा करने जा रहा है, तो मुझे यकीन है कि इतने सालों में इसके सभी एपिसोड ने एथलीटों के लिए अपनी प्रतिभा को तराशने और एक बेहतर खिलाड़ी के रूप में खेलों के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरणा का काम किया है।



\- अंजू बाबी जार्ज

> प्रधानमंत्री ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि खेल पदक जीतने और भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने तक ही सीमित नहीं है। यह मुख्य रूप से हमें शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से सतर्क और खेल भावना का पोषण करके व्यक्तिगत व्यक्तित्व का विकास करता है। खेल, कुल मिलाकर, एक राष्ट्र के विकास के लिए बहुत महत्व रखता है।

जब मैंने विश्व चैम्पियनशिप के लिए पहला पदक जीता था, तो मेरे साथी खिलाड़ी जिसने भी पदक जीता था, उन्हें अपने देश के राष्ट्राध्यक्ष का फोन आया था, जो स्टेडियम की स्क्रीन पर दिखाया जा रहा था। और मैं सोच रही थी कि मुझे ऐसा मौका कब मिलेगा। इस लिहाज से आज के युवा खिलाड़ी वाकई खुशकिस्मत हैं कि प्रधानमंत्री 'मन की बात' जैसे अहम मंच पर उनके बारे में बात कर रहे हैं। वे उनके व्यक्तिगत हितों को भी अच्छी तरह से जानते हैं और उनके वापस आने पर उन्हें भव्य विदाई दे रहे हैं और उनका सत्कार भी कर रहे हैं। पूरा भारत और खासकर युवा पीढ़ी के लोग इसे देख रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि खेल पदक जीतने और भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने तक ही सीमित नहीं है। यह मुख्य रूप से हमें शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से सतर्क और खेल भावना का पोषण करके व्यक्तिगत व्यक्तित्व का विकास करता है। खेल, कुल मिलाकर, एक राष्ट्र के विकास के लिए बहुत महत्व रखता है। वे दिन गए जब लोग केवल क्रिकेट के पीछे भागते थे। आज, प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन में भारत की भागीदारी से एक बहुत बड़ा राष्ट्रीय गौरव जुड़ा हुआ है। चाहे वह बैडमिंटन हो, भाला फेंक, हैंडबॉल, या तलवारबाजी, और यहां तक कि मल्लखंब और कलारीपयट्टू जैसे स्वदेशी खेल, आज लोग दुनिया भर में तिरंगे को लहराने वाले खिलाड़ियों के लिए उनकी प्रशंसा में एकजुट हैं।

ओलंपिक 2020 से ठीक पहले, प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के श्रोताओं से ह्यचीयर फॉर इंडियाह्व के साथ टोक्यो जाने वाले खिलाड़ियों का समर्थन करने का आग्रह किया, जो बाद में एक अभियान में बदल गया, जिसमें स्कूली छात्रों से लेकर मशहूर हस्तियों तक की भागीदारी देखी गई, जिन्होंने खिलाड़ियों के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजीं। यह देखना दिलचस्प है कि एक देश के रूप में हम अपने खिलाड़ियों का जश्न मनाने के विभिन्न तरीके खोज रहे हैं। खेल के मोर्चे पर यह गति भारत के लिए अभूतपूर्व है और खेलों में एक नया जोश भरने के लिए मैं प्रधानमंत्री की आभारी हूं।

परिणाम सबके सामने हैं। टोक्यो ओलंपिक में सात और पैरालिंपिक में 19 पदकों के साथ भारत ने चार दशकों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 22 स्वर्ण पदक सहित कुल 61 पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय थॉमस कप (बैडमिंटन) टूनामेंट के इतिहास में पहली बार भारतीय पुरुष टीम ने 14 बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया को हराकर चैंपियनशिप जीती। डेफलम्पिक्स ब्राजील के लिए भारतीय दल ने 16 पदकों के साथ देश के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नई युवा प्रतिभाएं जबरदस्त प्रदर्शन कर रही हैं और पूरा देश उनकी जीत का आनंद उठा रहा है।

'मन की बात' के कई एपिसोड में प्रधानमंत्री ने युवा पीढ़ी से खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाने की सीधी अपील की है। अपने रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से, उन्होंने भारत के समग्र विकास के लिए खेल को एक महत्वपूर्ण पहलू बनाने के लिए ह्यसबका प्रयास की भावना पैदा की है और लोग, सरकारें, खिलाड़ियों और संघ मिलकर इस दृष्टि को नए भारत की वास्तविकता बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मैं मन की बात के आने वाले 100वें एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं और हमारे प्रधानमंत्री को उन आम लोगों को उनकी बात सुनने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित देख रही हूं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया है। (लेखिका भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन की उपाध्यक्ष है।)

## खास बात

### स्वस्थ्य लीवर के लिये कुछ टिप्स

**डॉक्टर संगीत सौरभ**

**लीवर** शरीर का सबसे अहम अंग है। यह हमारे शरीर को संक्रमण और बीमारी से बचाने के काम करता है। हमारे शरीर के कई अहम कार्यों को अकेले लीवर करता है। भोजन को तोड़ने के लिए पित्त बनाने से लेकर पोषक तत्व और विटामिनों को संग्रहित करने का काम भी लीवर ही करता है। मेदांता रांची के कंसल्टेंट गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर संगीत सौरभ ने कहा कि लीवर शरीर के अहम अंगो में से है। अगर लीवर में कोई बीमारी या संक्रमण हो जाए तो पूरे शरीर पर इसका असर पड़ता है। उचित वक्त पर इलाज न कराया जाए तो यह घातक भी हो सकता है।

डॉ संगीत ने कहा कि लीवर की कई प्रकार की बीमारियां होती है जैसे शराब से संबंधित लीवर की बीमारी, फैटी लीवर बीमारी, ऑटोम्युन ग्रुप के रोग, वायरल इन्फेक्शन से होने वाली हेपेटाइटिस और कुछ बच्चों में पाई जाने वाली बीमारी है। इसके अलावा लीवर से संबंधित कई तरह की बीमारियां होती है।

अगर लीवर को दुरुस्त रखना है तो लाइफस्टाइल को दुरुस्त रखना चाहिए। शुद्ध और सुपाच्य भोजन करें। व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें, अल्कोहल का सेवन किसी भी सूरत में नहीं करें। स्मोकिंग या फिर तंबाकू के किसी भी प्रारूप को ना ले। बिना प्रिस्क्रिप्शन किसी भी दवाई का सेवन न करें। किसी भी प्रकार की अल्टरनेटिव मेडिसिन को तब तक न लें, जब तक उसके बारे में पूरी जानकारी न हो। डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की जो मरीज है वह अपनी डायबिटीज के कंट्रोल और ब्लड प्रेशर पर ध्यान दें।

डॉ संगीत ने कहा कि अगर किसी को लीवर की एक्यूट स्टेज में बीमारी है तो मरीज को जॉन्डिस हो सकता है। थकावट होना, भूख नहीं लगना, उल्टी होना जैसे लक्षण हो सकते हैं। अगर किसी को एडवांस लिवर डिजीज है तो पेट में पानी आना, डाइजेस्टिव सिस्टम से रक्त का लॉस होना जैसे लक्षण हो सकते हैं। लीवर की बीमारी होने के बाद यह बीमारी पर निर्भर करता है कि वह पूरी तरीके से ठीक हो सकता है या नहीं।

# पवित्र स्नान

## धर्म-प्रवाह

**अभिजीत**

**जल** से स्नान को पवित्र माना गया है। कुंभ के दौरान नदी और कुंड में डुबकी लगाने की परंपरा इसी बात का प्रतीक है। ऋग्वेद के पहले मंडल के 23वें सूक्त में देवी आपः का उल्लेख है। उनकी प्रार्थना कुछ इस तरह से की गई है: मैं उस जल देवी को आमंत्रित करता हूं, जिन्हें हमारी पूज्य धेनु (गाय) भी ग्रहण करती हैं। जल में अमृत और औषधीय गुण हैं। उदक (वर्षा, नदी आदि से मिलने वाला पीने लायक पानी) सभी तरह के काम में उपयोगी है। यह जल मेरे भीतर के सभी दुष्प्रभावों, दुर्भावना आदि को दूर करे। 5. अरण्यानी

आञ्जनगन्धिं सुरभिं बह्वन्नां अकृषीवलाम। प्राहं मृगाणां मातरं अरण्यानिं अशंसिषम।।

ऋग्वेद में देवी अरण्यानी का सूक्त है। अरण्यों (जंगल) की उपयोगिता, उसका शांत स्वभाव, उससे मिलने वाली औषधि, फल आदि इंसानों की जिंदगी का आधार है। वन देवी किसी को चोट नहीं पहुंचातीं। वह जंगलों की सुगंधी लताओं का लेप लगाती हैं। उसके पास भरपूर खाद्य पदार्थ हैं। वह पशु, पक्षी, कीटों से संवाद करती हैं। वन देवी और मानव के पुरातन रिश्ते हैं। इन सभी बातों का उल्लेख ऋग्वेद के सूक्त में मिलता है।

6. उषा भास्वती नेत्री सूनृतानामचेति चित्रावि दुरो न आवः। प्राप्र्या जगद्व्यू नो रायो अख्यत उषाअजीगर्भुवनानि विश्वा।। सृष्टि का चक्र, उसका सौंदर्य, लगातार बदलाव की अनुभूति से वेद लिखने वाले ऋषि मोहित हुए और ऋग्वेद में उषा देवी का गुणगान किया।

सत्संग की महिमा अद्भुत अकथनीय है।

विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे।

**-अवधेशानंद गिरी, जूना अखाड़ा**

## आपके ट्वीट

**दिवंगत शिक्षा मंत्री और झामुमो परिवार के स्तंभ स्व श्री जगरनाथ महतो जी के श्राद्धकर्म में शामिल हुआ। टाइगर जगरनाथ महतो अमर रहें!**

**- हेमंत सोरेन**





पुरातन भारतीय सभ्यता और संस्कृति के अमूल्य प्रतीकों के गौरवगान का अवसर है। आइए, हम अपने अतुल्य और अमूल्य विरासतों और ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ व सुरक्षित रखने का संकल्प लें।

**- अन्नपूर्णा देवी**

## कॉर्टून वर्ल्ड

**ताईवान- चाईना ...**




साभार कॉर्टून मूवमेंट

# आयुष्मान भारत योजना से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा



**रविरंजन**

**देशभर** में अब तक 75 हजार 532 स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्र (एचडब्ल्यूसी) चालू किए जा चुके हैं। डॉक्टर हर्षवर्धन ने कहा कि अगले साल दिसम्बर के अंत तक देश में डेढ़ लाख स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र और चालू हो जाएंगे। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में पहले आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र का छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के जंगल में उद्घाटन किया था। स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ के रूप में एचडब्ल्यूसी की भूमिका को स्पष्ट करते हुए, मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के पास न केवल एक दूरदृष्टि थी, बल्कि उन्होंने इसे जमीन पर उतारने का भी नेतृत्व किया। अब तक यह कदम स्वास्थ्य को जन आंदोलन के रूप में संस्थागत बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है। खास बात यह है कि महिलाएं इस स्वास्थ्य आंदोलन की अगुवाई कर रही हैं क्योंकि सभी फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकताओं, आशा वर्कर्स और एएनएम में महिलाएं ही शामिल हैं। महिलाओं को इन केंद्रों पर जांच और इलाज के लिए आगे आने में सक्षम बनाया है। 13 अप्रैल 2021 तक, इन केंद्रों पर 23.8 करोड़ से अधिक महिलाओं (53.7%) ने देखभाल संबंधी कार्य संभाला है, जिसमें 44.24 करोड़ से अधिक की बढ़त देखी गई। निश्चित रूप से यह महिलाओं के लिए एक वरदान साबित हो रहा है।

डॉ. हर्षवर्धन ने अधिकारियों को एचडब्ल्यूसी के विकास की राह में आने वाली बाधाओं को जल्द से जल्द दूर करने का आदेश दिया और आगे उन्होंने विभिन्न राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों द्वारा नियोजित सर्वोत्तम स्वास्थ्य प्रयासों से सीख कर इस आंदोलन को मजबूत करने के लिए नये मॉडलों के बीच प्रतिस्पर्धा का आह्वान भी किया। अबतक आयुष्मान भारत-एचडब्ल्यूसी ने उच्च रक्तचाप के लिए 9.82 करोड़ और मधुमेह के लिए 8.05 करोड़ लोगों की जांच की है। तीन सामान्य कैंसर की जांच, जिसमें मौखिक कैंसर (5.08 करोड़ स्क्रीनिंग), स्तन कैंसर (महिलाओं में 2.64 करोड़ स्क्रीनिंग) और सर्वाइकल कैंसर (महिलाओं में 1.79 करोड़ स्क्रीनिंग) केंद्रों पर की गईं हैं। सरकार लोगों के स्वास्थ्य पर विशेष जोर दे रही है। इस वर्ष के लिए स्वास्थ्य बजट में 137% की अभूतपूर्व वृद्धि हुई यानी 2,23,846 करोड़ रुपए का आवंटन इस क्षेत्र के लिए हुआ है। इसमें कोविड-19 वैक्सीन के लिए समर्पित 35,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। अगले 5 वर्षों में लगभग 64,180 करोड़ रुपये के खर्च के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना भारत योजना (पीएमएएसबीवाई) प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक देखभाल स्वास्थ्य प्रणालियों की क्षमता विकसित करेगी, मौजूदा राष्ट्रीय संस्थानों को मजबूत करेगी और नए स्वास्थ्य संस्थानों का निर्माण करेगी। प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना (पीएम-एएसबीवाई) में 17,788 ग्रामीण और 11,024 शहरी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों को सहायता प्रदान की जाएगी, जो बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करेगी और शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल इकाइयों को और मजबूत करेगी। इस अवसर पर 19 राज्यों (पंजाब, महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नागालैंड, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, गोवा और मणिपुर) और 5 केंद्र शासित प्रदेशों (पुडुचेरी, चंडीगढ़, दादर एवं नगर हवेली और दमन और दीव, अंडमान एवं निकोबार द्वीप, लक्षद्वीप) को वर्ष 2020-21 के लिए अपने 100% एचडब्ल्यूसी के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

## सामयिक

# पर्यावरण परिवर्तन का जीडीपी पर प्रभाव



**मनोज शर्मा**

**सकल** घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की आधुनिक अवधारणा करीब नौ दशक पुरानी है। इसे सन 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में औपचारिक रूप से प्रा?थमिक आर्थिक उपाय के रूप में अपनाया गया जिसका परिणाम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की स्थापना के रूप में सामने आया।

जीडीपी आर्थिक गतिविधियों के कारण पर्यावरण को होने वाली क्षति को भी शामिल नहीं करता। जलवायु परिवर्तन का सामना कर रहे लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव भी इसके दायरे से बाहर हैं। विडंबना यह है कि पेड़ों को काटने का काम जीडीपी बढ़ाता है। बाद में दोबारा पौधरोपण करने से भी ऐसा ही होता है।परंतु इसी वजह से जीडीपी अपनी मौजूदा खासियत में से कुछ गंवा सकता है। कार्बन उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए बढ़ते प्रयासों पर विचार कीजिए। नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताएं तैयार करने में भारी निवेश किया जा रहा है, बिजली से चलने वाले वाहनों पर जोर दिया जा रहा है और कई उद्योगों को नए सिरे से आविष्कृत किया जा रहा है।

कुछ देशों में कोयला आधारित बिजली संयंत्र बंद किए जा रहे हैं और नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर दिया जा रहा है। पेट्रोल और डीजल से चलने वाली कारों पर जोर कम हो रहा है। जल्दी ही उनकी तादाद में कमी आने लगेगी और बिजली चालित वाहनों की राह आसान होगी। आने वाले दशक में कई बड़े पारंपरिक उद्योग चलन से बाहर होने लगेंगे। ऐसे उथलपुथल वाले दौर मंथन में जीडीपी भ्रामक हो सकती है। केवल एनडीपी (विशुद्ध घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में से अवमूल्यन को हटाने से प्राप्त उत्पाद) के माध्यम से ही मंथन को समझा जा सकता है।

अगर कोई कोयला चालित बिजली स्टेशन हटाकर उसकी जगह पवन या सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जाता है तो एनडीपी द्वारा आकलित आर्थिक गतिविधियों में होने वाली विशुद्ध वृद्धि में कोयला चालित संयंत्र को रद्द किया जाना शामिल होगा जबकि जीडीपी के आंकड़े भ्रामक होंगे क्योंकि उसमें केवल सौर या पवन ऊर्जा से होने वाला उत्पादन दर्ज किया जाएगा।

अर्थव्यवस्थाओं में उत्पादक परिसंपत्ति बढ़ने के साथ अवमूल्यन पहले ही महत्त्वपूर्ण हो चुका है। पिछली सदी की चौथी तिमाही में भारत के जीडीपी और एनडीपी के बीच का अंतर 6 फीसदी से थोड़ा अधिक था। अब यह करीब 12 फीसदी हो चुका है। कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने की कोशिश बढ़ने के साथ ही दोनों उपायों के बीच का अंतर बढ़ना चाहिए। ऐसा इसलिए कि गहन कार्बन उत्सर्जन वाली उत्पादन सुविधाओं की जगह स्वच्छ विकल्प अपनाए जाएंगे।

इन चीजों से निपटने के लिए तथा औद्योगिक परिवर्तन लाने के लिए बड़े पैमाने पर बदलाव की आवश्यकता होगी। इसका एक परिणाम पूंजी-उत्पादन अनुमान बढ़ना हो सकता है। उच्च पूंजी-उत्पादन अनुपात का सीधा अर्थ वृद्धि में धीमापन होता है।

एनडीपी पर करीबी नजर रखना भी पर्याप्त साबित नहीं होगा। इसके अलावा देश को परिसंप?त्तियों और देनदारियों की बैलेंसशीट में सालाना बदलाव पर भी नजर रखनी चाहिए। इनमें प्राकृतिक और मानव संसाधन शामिल हैं। जीडीपी और एनडीपी को ऐसी बैलेंस शीट के साथ देखा जाना चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे कंपनी के शेयर धारक आय और व्यय दस्तावेजों के साथ परिसंपत्तियों और देनदारियों पर नजर रखते हैं। अक्सर बैलेंस शीट ही अधिक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज होती है।

## लेटर टू एडीटर

### अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए। **- हेमा, रांची**

### महामारी और सवाल

**वैश्विक** महामारी कोरोना, एक बार फिर अपना पैर पसारती नजर आ रही है। ऐसे में न सिर्फ सरकार को बल्कि आम जनता को स्वयं जागरूक और सतर्क रहना होगा, अन्यथा आने वाले दिनों में स्थिति और भी बदतर हो सकती है। महाराष्ट्र समेत पंजाब एवं अन्य राज्यों में इसके नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में भी मामले बढ़े हैं।

**-वीरेन्द्र कुमार, हजारीबाग**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सीसीएल कर्मी ने की आत्महत्या



**कुजू।** ओपी क्षेत्र के बहेराटांड़ जाने वाले रास्ते के पास सीसीएल कर्मी ने रस्सी के सहारे एक बरगद के पेड़ में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर कुजू पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए शव को रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। न्यू मंगरदाहा निवासी मुकेश गंझू (32 वर्ष) सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय कुजू में क्लर्क के पद पर कार्यरत था। सोमवार को घर से डयूटी की बात कह कर निकला था, शाम तक जब वह घर नही लौटा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने फंदे के सहारे पेड़ से लटके युवक का शव को देखा। तब इसकी जानकारी परिजनों को मिली। इधर परिजनों का रो रो कर बुराहाल है। युवक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री सहित परिवार छोड़ गया है।

### डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



रामगढ़। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, शिक्षा, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### पतरातू में मुखिया संघ की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रखंड कार्यालय पतरातू में मंगलवार को मुखिया संघ की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अभय कुमार एवं संचालन किशोर महतो ने किया। बैठक में जन समस्याओं को लेकर प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान जन समस्याओं को लेकर विभागों द्वारा उदासीनता, जनहित के कार्य में स्थिरता, जन कल्याण योजनाओं में पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो से औपचारिक मुलाकात कर उनका स्वागत किया। मौके पर पतरातू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अभय कुमार, उपाध्यक्ष किशोर महतो, राम नारायण कुमार, गिरजेश कुमार, व्यास पांडेय, विकास पांडेय, नूतन सिंह, कोमिला देवी, जगदीश साव, तिलेश्वर साहू, प्रेमनाथ बेदिया, वीरेंद्र कुमार झा, लव कुमार महतो, अजय पासवान आदि मुखिया मौजूद थे।

### 12 किमी सड़क की मरम्मत शुरू



बरही। विधायक उमाशंकर अकेला के प्रयास से बरही प्रखंड का सबसे सुदूरवर्ती और अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र पंचायत रानीचुआ में 12 किमी सड़क मरम्मतीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया। इस 12 किमी सड़क निर्माण से रानीचुआ पंचायत के पिंडवा, परसातरी, नरसिंघवा तथा धोबघट से ग्राम जीतपुर क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। ज्ञात हो कि विधायक उमाशंकर अकेला जनसमस्याओं को लेकर हमेशा सरकार तक जनता की आवाज बनकर समस्याओं को पहुंचाते हुए उसके निराकरण हेतु प्रयासरत रहते हैं। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उन्होंने बरही उमाशंकर अकेला द्वारा सदन में विभिन्न मांगों के लिए प्रश्न काल में इस संबंध में सवाल रखे थे। जिनमें उन्होंने बताया था कि इन चारों ग्राम में अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति के लोग रहते है, वहाँ न तो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है, न ही आने-जाने की व्यवस्था है। जिसके कारण महिलाओं को प्रसव की जरूरत होने पर चारपाई पर टाँग कर पहाड़ से नीचे उतारा जाता है, तब बरही अस्पताल आना पड़ता है। इस प्रश्नगत पथ की कुल लंबाई 12 किमी है, जिसका 90 प्रतिशत पथांश वन भूमि क्षेत्र में पड़ता है। जवाब में सम्बंधित मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि प्रश्नाधीन पथ के संबंध में वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त होने पर विभागीय नीति एवं बजटीय उपबंध के आलोक में आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त होने पर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। इस निर्माण कार्य पर खुशी जाहिर करते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ने क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए कहा कि उमाशंकर अकेला के निरंतर प्रयास से क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को शुरू किया गया है, जिससे बरही विधानसभा की जनता लाभान्वित हो रही है।

### बोल्डर लदे एक टिपर ट्रक जब्त

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित मारुती चौक के बनपोक मोड़ के समीप मंगलवार दोपहर को नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने अपने पुलिस बल के सहयोग से बिना माइनिंग चालान के एक बोल्डर लदे टिपर ट्रक को जब्त किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार उक्त टिपर ट्रक संख्या ओआर14पी/3825 पहाड़पुर स्थित एक पत्थर माइंस से बोल्डर लोड कर नवलशाही की ओर जा रहा था, इस दौरान नवलशाही थाना प्रभारी ने अपने पुलिस कमीयों के साथ पेट्रोलिंग कर रहें थे, तभी उक्त वाहन को देखा, बनपोक मोड़ के समीप उक्त टिपर को रुकवाकर और चालक से बोल्डर से संबंधित चालान की मांग की, चालक द्वारा कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर टिपर ट्रक को जब्त करते हुए थाना में रखा गया हैं, इसकी जानकारी माइनिंग विभाग को दे दिया गया है।

### हाजी यूसुफ शेख का निधन, शोक

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय के मध्य पंचायत स्थित दरगाह मोहल्ला निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक हाजी यूसुफ शेख 89 वर्ष का निधन मंगलवार 11 बजे अपने निवास स्थान मरकच्चो में हो गया। वे लगभग एक साल से बीमार चल रहे थे, वे अपने पीछे दो पुत्र व तीन पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। वे 2005 में सरकारी सेवा से अवकाश प्राप्त हुवे थे।

# गड्ढों का पानी पी रहे फुलझर के ग्रामीण

### नदी में चुवा खोद कर पानी जुटा रहे लोग

**समशाद अंसारी**



**केरेडारी ।** केरेडारी प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पाताल पंचायत का फुलझर गांव जहां आजादी के कई दशक बीत जाने के बाद भी आज तक पेयजल के लिए कुआं चापाकल समेत अन्य संसाधन ग्रामीणों को नसीब नहीं हो पाया है। लोग मौजूदा दौर में भी अपने दैनिक जीवन में पानी के लिए झरने के पानी के ऊपर निर्भर रहना पड़ता है।

ग्रामीणों के पानी की विवशता की सुधि लेने के लिए किसी ने हाथ नही बढाया। ग्रामीण नागेश्वर मुंडा मोहन करमाली सुरेश करमाली सुरेश महतो ने बताया कि चाहे जनप्रतिनिधि हो या प्रशासनिक अमला फुलझर गांव में पानी की समस्या पर कभी कोई पहल नही हुआ। ग्रामीण लटन महतो संजय महतो समेत अन्य ने बताया कि आज तक एक भी ना कुआं बना है ना ही चापाकाल लगा है।

झरना स्थल पर पानी लेने पहुंची महिलाओं के समूह ने बताया कि भरल भादो सुखल जेठ हमलोग आधा किलोमीटर पानी लेने पहुंचते हैं। महिला, पुरुष कोई भी मेहमान हो मेहमान के आने पर भी नहाने धोने के लिए झरना आना पड़ता है। कई दफा मेहमान को घर बैठकर ताजा ठंडा पानी पिलाने के लिए आधा किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है।

#### क्या कहते हैं मुखिया

मुखिया नेहा लकड़ा ने कहा कि पानी का लेयर काफी नीचे होने के कारण वर्तमान समय तक शुद्ध पेयजल के लिए कोई पहल नही हुआ है लेकिन हम ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए प्रयास कर रहे हैं।

#### क्या कहते हैं बीडीओ

बीडीओ किस्तों कुमार बेसरा ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा कोई शिकायत नहीं की गयी है ना ही इस मामले पर आवेदन दिया गया है। मामला संज्ञान में आने पर यथा संभव प्रयास किया जायगा।

# पतरातू में सीआइएसएफ के दो जवान को वाहन ने रौंदा, मौत

### पीटीपीएस के पथ संख्या चार के पास मुख्य सड़क पर हुआ हादसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रामगढ़ ।** रामगढ़ शहर के पतरातू थाना क्षेत्र में सोमवार रात सड़क पर पैदल जा रहे सीआईएसएफ के दो कांस्टेबल को एक वाहन ने रौंद दिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पाकर सिपाहियों के साथ पहुंचे पतरातू थाना प्रभारी ने दोनों को पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी के मुताबिक यह हादसा पीटीपीएस के पथ संख्या चार के पास मुख्य सड़क पर हुआ। मृतकों की पहचान पीवीयूएनएल सीआईएसएफ यूनिट के कांस्टेबल धर्मपाल और अरविंद एम के रूप में हुई है। दोनों केरल के रहने वाले हैं। इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। इसके बाद सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट महेश पारवेल और कमांडेंट वीरेंद्र सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में आग से बचाव दी गई जानकारी

कोडरमा। सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को आग से बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अग्निशमन विभाग से जिला अग्निशमन पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर, प्रधान अग्नि चालक रामचंद्र महतो और अग्नि चालक रजत कुमार मींज विशेष रूप से मौजूद थे। जिला अग्निशमन पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर ने बच्चों को आग से बचाव के कई सुझाव दिए। उन्होंने गर्मी में खुले में आग जलाने, आग पर काबू पाने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि खुले में आग जलाने से आग तेजी से फैलती है और आसपास के इलाकों को अपनी चपेट में लेती है। इससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना भी रहती है। उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर में लीकेज होने पर कैसे बचाव करें, सिलेंडर में आग लगने पर कैसे उसे बुझाएं, कमरे में धुआं भर जाने से कैसे सुरक्षित बाहर निकले आदि की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने अग्निशमन के सिलेंडर का डेमो कर बच्चों को समझाया। स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, संजय तिवारी, सतीश कुमार, रणजीत सिंह, शंकर कुमार, फैयाज कैसर, अभिलाषा सिंह, मनोज पांडेय आदि शिक्षक और सैकड़ों की संख्या में बच्चे मौजूद थे।

### भुरकुंडा में चैंबर के नये सदस्यों का स्वागत और कामकाज पर हुयी चर्चा



भुरकुंडा में मंगलवार को चेंबर के सदस्यों का स्वागत करते लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार में मंगलवार को रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नव मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य दिलीप अग्रवाल व संचालन दीपक प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ चैंबर के निवर्तमान उप सचिव सह वरिष्ठ समाजसेवी विनय कुमार सिंह व निवर्तमान मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य श्याम किशोर सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने विनय कुमार सिंह और श्याम किशोर सिंह को अंग वस्त्र ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद चैंबर सदस्यों द्वारा पतरातू प्रखंड से नव मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य दिलीप अग्रवाल को नये सत्र के प्रभार लेने हेतु अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी गई। बैठक में उपस्थित सभी चैंबर सदस्यो ने स्थानीय समस्याओं व कामकाज पर अपने-अपने विचार रखे। साथ ही आगे इस विषय पर पहल हेतु बातों को ध्यानाकर्षित किया। मौके पर सुनील कुमार सिंह, शिव कुमार गुप्ता, अशोक चैहान, राम कुमार सिंह, अशोक कुमार, अजय गोयल, संजय कुमार, जय प्रकाश सिंह, जीवन गुप्ता, दिनेश राजगढ़िया, राकेश सिंह, अशोक सोनी, अजय गुप्ता, भोला अग्रवाल, संजय अग्रवाल, बसंत लाल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बरही में राशन डीलरों को तीन माह से नहीं मिल रहा कमीशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** केंद्र सरकार वर्ष 2023से राशनकार्ड धारकों को एक साल मुफ्त राशन देने की घोषणा के तहत जन वितरण विक्रेता अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए राशन डीलरों के द्वारा कार्डधारियों को राशन का वितरण किया जा रहा है।परंतु अनाज वितरण के बावजूद डीलरों को विभाग द्वारा कमीशन का भुगतान विगत तीन महीनों से नही किया जा रहा है।विभाग की लापरवाहियों के कारण डीलरों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गयी है। जबकि प्रखंड अंतर्गत बीस पंचायतों में लगभग 86 डीलर कार्यरत हैं। इस संदर्भ में बरही प्रखंड डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पांडेय ने बताया वर्ष 2023 में तीन महीने से डीलरों का कमीशन नहीं मिला है। जिससे डीलरों की स्थिति दयनीय हो गई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 2022 में भी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरण की गई खाद्यान्न का कमीशन का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। इसकी गुहार कई बार सम्बंधित विभाग के वरीय पदाधिकारियों तक लगाई गई है। लेकिन अभी तक इस पर किसी भी तरह से पहल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि समय समय पर विक्रेताओं को कमीशन नहीं मिला तो आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड रहा है। वहीं जिला अध्यक्ष नन्दु प्रसाद से सम्पर्क करने पर बताया कि रांची से फंड रिलीज नहीं हुआ है, जिसके कारण डीलरों के बीच कमीशन भुगतान में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि मई के प्रथम सप्ताह तक भुगतान हो जाएगा।

### बरही में 10 दिव्यांगों को मिला व्हीलचेयर

**बरही।** प्रखंड मुख्यालय में समाज कल्याण विभाग की ओर से दस दिव्यांगों को व्हीलचेयर का वितरण किया गया। व्हीलचेयरों का वितरण जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, सीडीपीओ नीलू रानी ने संयुक्त रूप से किया। व्हीलचेयर पाने वाले दिव्यांगों में सिंहपुर ओरिया निवासी रीना देवी, रसोइया धमना निवासी समुद्री देवी, हरला निवासी नारायण भुइयां, दीपक कुमार यादव, रालो निवासी चमेली कुमारी, खुटवाटांड निवासी सकुन्ती देवी, रसोइया धमना निवासी रामेश्वर राम समेत दस लाभुक शामिल है। जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने कहा कि दिव्यांग लोगों का आत्मविश्वास बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की तरह दिव्यांग लोगों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए तो निश्चित ही उन दिव्यांग लोगों में आत्मविश्वास बढ़ सकता है। सीडीपीओ नीलू रानी ने कहा कि अगर किसी पंचायत में कोई दिव्यांग है और उन्हें दिव्यांग यंत्र की आवश्यकता है तो वे उचित प्रमाण पत्र के साथ बाल विकास परियोजना कार्यालय में जमा कर सकते हैं। मौके पर राजीव कुमार, कुमारी निभा, सुनीता कुमारी, रंजना कुमारी समेत प्रखण्डकर्मी व अन्य लोग मौजूद थे।

# दामोदर नदी पर नये पुल बनाने की मांग

### रिभर साईड-गिद्दी पुल निर्माण को लेकर राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साइड भुरकुंडा एवं गिद्दी ए के बीच दामोदर नदी पर अवस्थित पुल की जर्जर स्थिति हो जाने के कारण बड़ी दुर्घटना की संभावना से बचाव हेतु नए पुल का निर्माण को ले बुध बाजार हाट में गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोगों की बैठक हुई।

बैठक में शामिल राजनीतिक एवं सामाजिक दल के कार्यकर्ता व आमजनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उक्त पुल की वर्तमान गंभीर स्थिति की जानकारी देते हुए नए पुल का निर्माण हेतु अविलंब संयुक्त रूप से उपायुक्त रामगढ़, सांसद, विधायक, सीसीएल प्रबंधन सहित मुख्यमंत्री को आवेदन दी जाएगी। अगर तत्काल नए पुल का निर्माण कार्य आरंभ नहीं किया गया तो क्रमागत आंदोलन करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सीसीएल प्रबंधन से अपील की गई कि जब तक नए पुल का निर्माण नहीं होता है तब तक कोयले एवं अन्य भारी ट्रांसपोर्टिंग का कार्य तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। मौके पर लव कुमार महतो, रमाशंकर पांडेय, पीडी सिंह, संतोष यादव, विश्वरंजन सिन्हा, विजय कुमार, भोला कुशवाहा, विनोद सिंह, शैलेंद्र कुमार झा, शंभू सिंह, धनराज ठाकुर, भूपेंद्र सिंह, भीम कुमार, मोनू झा, लखन मेहता, मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार अम्बष्टा, रूपेश कुमार सिंह, सूरज कुमार पासवान, सुरेंद्र प्रसाद, संजय पासवान, अनवर अंसारी, अभिजीत कुमार, जय प्रकाश पाण्डेय, रुस्तम राम, अशोक कुमार, राजू मल्होत्रा, मो. चांद, उदय रजक, राजकुमार महतो, तरसेम सिंह, गया साव, जानकी ठाकुर, गुड्डू पांडेय, अनिल, मनोज कुमार, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### जय भवानी किशोरी संस्कार केंद्र खुला



**कटकमदाग।** सेवा भारती, हजारीबाग के शिक्षा आयाम द्वारा हजारीबाग रेलवे स्टेशन के निकट सेवा बस्ती, कूद में जय भवानी किशोरी संस्कार केन्द्र का शुभारंभ मन्त्रों के उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों को गायत्री मंत्र, सरस्वती वन्दना, हनुमान चालीसा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम, जय श्रीराम का अभ्यास कराया गया। बच्चों व किशोरियों को साफ सफाई, अनुशासन, संस्कार के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों के बीच सरस्वती चालीसा, प्रसाद एवं टौफी वितरित किया गया।टोला प्रमुख सहित अनेक निवासियों ने सेवा भारती द्वारा प्रारंभ किए केन्द्र पर हर्ष व्यक्त किया और इस कार्य में सहयोग करने की बात की है। कार्यक्रम में सेवा भारती के सचिव मनोज गुप्ता, अध्यक्ष शान्ति लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीकांत कुमार, जिला समन्वयक सत्यभामा शर्मा, शिक्षा आयाम प्रमुख पूनम कसेरा, किशोरी संस्कार आयाम प्रमुख दिविता चौरसिया, किशोरी संस्कार आयाम सह प्रमुख प्रकाश कुमार, बाल संस्कार आयाम प्रमुख मंजू मिश्रा, स्वावलंबन आयाम प्रमुख राजकुमार मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी किशोर सावंत, जिला कार्यकारिणी सदस्य अंशु श्रीवास्तव, अंशुराज मौर्य, विवेक वाल्मीकि, मनीष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विष्णगढ़ में मनरेगा को लेकर जनसुनवाई



**विष्णुगढ़।** वित्तीय वर्ष 2021 -22 में मनरेगा योजना के अंतर्गत हुए सामाजिक अंकेक्षण पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में दिए गए निर्देश का अनुपालन साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु प्रखंड सभागार विष्णुगढ़ में प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई हुई। अंकेक्षण के दौरान मुख्य रूप से मनरेगा के हजारीबाग जिला लोकपाल उपस्थित थे। प्रखंड स्तर पर जूरी सदस्य के रूप में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख जयमुन निशा,जिला परिषद सदस्य डीआरपी भीम लाल साहू लोकपाल मनरेगा परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन जेएसएलपीएस के बीपीएल रामगिरी उरांव सामाजिक अंकेक्षण के लिए मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजमोहन कुमार वर्मा लेखापाल राजीव कुमार गुरु कई ग्राम रोजगार सेवक व पंचायत सेवक समेत मुखिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पांच पंचायतो का जन सुनवाई हुआ जिसमें नवादा अलपिटो कुसुम्भा व बेड़ा हरियारा पंचायत शामिल है। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान पाई गई शिकायत का निष्पादन किया गया।

### विधायक प्रतिनिधि ने 15 मामले कराया निष्पादित

**कटकमसांडी।** मंगलवार को सदर विधायक मनीष जयसवाल के कटकमसांडी प्रखंड कार्यालय में आम जनता के लिए हमेशा से खुला रहता है। इस दफ्तर में फरियादियों और जरूरतमंदों ने अपने अपने समस्या लेकर आते है ।इसी समस्या का समाधान सदर विधायक के कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने 15 से अधिक मामलों का त्वरित निष्पादन कराया। उन्होंने कहा कि लगातार आम लोगों की शिकायतें सीधे और कार्यकताओं और जनता के माध्यम से आ रही थी, जिसके बाद मैंने स्वयं प्रखंड कार्यालय पर बैठकर जनता के मामलों के निष्पादन की गति और कार्यों के सम्पादन में मदद के लिए बैठने का फैसला लिया ।और उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को भी कोई भी समस्या हो तो वें नियत दिनों पर आकर उनसे मिल सकते हैं। उन्होंने बताया कि सप्ताह में दो दिन यानी मंगलवार और सुक्रवार इन दोनों तिथियों के अलावे दफ्तर में वें पूर्व की भांति रोजाना खुला रहेंगे। इस मौके पर उपस्थित पूर्ण जिला परिषद कुलदीप सिंह भोगता, अनुराग मितल, रामकुमार मेहता,एंव दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### बड़कागांव में स्थानीय नीति को लेकर बैठक



**बड़कागांव।** 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति निर्धारित करने तथा 2024 का लोकसभा/ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बड़कागांव गुरुदयाल महतो बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में आंदोलनकारियों की बैठक की गई। बैठक में सबसे पहले उपस्थित अतिथियों एवं लोगों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखिन्दर ठाकुर एवं संचालन मनोज गुप्ता ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोगा ने कहा कि झारखंड में बच्चा पहले एवं बाप बाद में पैदा होने वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले खतियानी आधारित स्थानीय नीति बनना चाहिए ना कि नियोजन नीति। यही कारण है कि झारखंड में सचिवालय से लेकर शौचालय तक गैर झारखंडी राज्य कर रहे हैं। 2024 लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव सिर्फ स्थानीय लोगों को ही सांसद- विधायक बनाना है। पूर्व विधायक ने कहा कि झारखंड बाहरी लोगों का चारागाह बन गया है। सीएनटी- एसपीटी रहते झारखंड की जमीन लूटी जा रही है इसलिए अब आदिवासी/ मूलवासी का राज्य होगा। जो खतियानी का बात करेगा वही झारखंड में राज करेगा। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच उपाध्यक्ष गणेश कुमार दास, प्रवीण मेहता, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, उप प्रमुख वचनदेव कुमार, पूर्व प्राचार्य रामसेवक, मो0 हकीम,मुखिया इलियास अंसारी मुखिया, मिथलेश कुमार, बालेश्वर महतो, राजेश यादव, खेमलाल महतो , रामदुलार साव, सोनु इराकी, धानेश्वर साव, अरविंद कुमार, आशेश्वर राम, सहित अन्य कई सामाजिक कार्यकर्ता और समाजिक चिन्तक उपस्थित थे।

### दर्जी सिल दो निशान मैने शिववाटिका जाना ...



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। श्याम शरण में आ जा रे... के पहला वार्षिक उत्सव को ले मंगलवार को झुमरी तिलैया के झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से लगभग 151 श्रद्धालु भक्तों ने निशान यात्रा में शामिल हुए। इस निशान यात्रा में महिलाएँ बुलु साडियों एवं पुरूष सफेद कुर्ता पैजामा में शमिल हुए। इस अवसर पर शोभा यात्रा के चलते समुचा वातावरण बाबा श्याम की भक्ति के रंग में सराबोर रहा। इस दौरान हारे का सहारा प्रभु श्याम बाबा हमारा के नारों के साथ अपनी आस्था का परिचय दे रहे थे। शोभा यात्रा के पूर्व दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना पंडित अनिल मिश्रा व जीवकांत झा के द्वारा करायी गयी। निशान यात्रा में सीमा सहल के द्वारा ओ दर्जी सिल दो निशान हमें शिववाटिका जाना सा .... मनोज लडढा ओ जी ओ सांवारिया थानो सारो भक्ता याद कारो... प्रदीप कंदोई हाथ में लेकर चले निशान जैसे भजन प्रस्तुत कर रहे थे। शोभाा यात्रा में कार्यक्रमद के संयोजक विपुल चौधरी, रवि दाहिमा,पप्पु सिंह विवेक सहल, संजय अग्रवाल, अशोक खाटुवाला, दिपेश जेठवा, अरविन्द चौधरी, उमंग कंदोई, आयुष पोदार, विकास शारडा, संतोष लडढा, महावीर खेतान, पीयूष सहल, सज्जन शर्मा, सुनील लोहिया, विजय अग्रवाल, उमेश जोशी, मनोज पिलानिया, सुनील गुटगुटिया, नीतेश अग्रवाल, संजु पिलानिया, संजय जगनानी, अमित संघई, अजय शर्मा, राजेन्द्र वर्मा, संजय खेमानी, यश बंसल, वत्सल कंदोई, सुरेश पीलानियाँ, हिमांशु केडिया, मनोज चौधरी, आश्विनी राजगढिया, सुजीत लोहानी आदि को रखा गया है।

## स्पीड न्यूज

### गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी घायल, भाजपा नेता मिले



**रांची/मेदिनीनगर।** निजी वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण भाजपा नेता व गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी घायल हो गये। तिवारी रांची के पारस हॉस्पिटल में इलाजरत हैं। घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, बाघमारा विधायक ढुलू महतो, भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह अस्पताल पहुंचे और उनसे मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछा। नेताओं ने उन्हें जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### पिकअप वैन पलटने से चालक की मौत



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सरसोत लुकुवा गांव के समीप बटाने नहर में मंगलवार की सुबह तरबूज से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर नहर में पलट गयी। हादसे में पिकअप चालक छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला अंतर्गत सुलसुली गांव निवासी सुधन अगरिया के 21 वर्षीय पुत्र दिपलेश अगरिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि सहचालक रंजीत अगरिया बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना के बाद पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, एसआई प्रकाश गुप्ता सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से पिकअप वाहन को नहर से बाहर निकाला और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि पिकअप तरबूज लादकर छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से बिहार के गया जिला अंतर्गत शेरघाटी बाजार जा रही थी। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

### संत शिरोमणि रविदास व गौतम बुद्ध का प्रतिमा अनावरण 21 को



विजय रवि।

**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत लहर बंजारी गांव में युवा अम्बेडकर क्लब के तत्वावधान में 21अप्रैल दिन शुक्रवार को संत शिरोमणि रविदास एवं महात्मा गौतम बुद्ध का प्रतिमा अनावरण किया जाएगा। इसकी जानकारी युवा अंबेडकर क्लब लहर बंजारी के कोषाध्यक्ष विजय कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रतिमा अनावरण के साथ डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रातः शोभा यात्रा, मध्य बेला में प्रतिमा स्थापना व दोपहर बाद वक्ताओं द्वारा संबोधन किया जाएगा।

### परशुराम जयंती को सफल बनायें : बलराम

**पाटन पलामू।** ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष बलराम उपाध्याय ने सभी हिन्दू समाज के लोगों से 22 अप्रैल को आयोजित परशुराम जयंती के अवसर पर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि परशुराम जयंती कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को आमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक जुट होकर परशुराम सेना को आगे बढावे और परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर सभी लोग अपनी एकता को दिखावे। उन्होंने कहा कि हम सभी हिन्दू समाज के लोग एक है इसका संदेश देने का काम करें।

### मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने गांव के ही विजय कुमार सिंह पर गाली गलौज व मार पीट करने का आरोप लगाया है। उपेंद्र सिंह ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर कहा है कि सोमवार की शाम सात बजे विजय कुमार सिंह दरवाजा पर आकर गाली-गलौज करने लगे। कारण पूछने पर बताया कि तुम मेरे उपर इल्जाम लगा रहे हो की पुआल में आग लगाए हैं। इतना कहते हुए उन्होंने डंडा से वार कर दिया। जिससे वह बेहोश होकर गिर गए। उन्होंने जान से मारने का भी धमकी दे रहे थे।

### हेरिटेज स्कूल के टॉपर हुए सम्मानित



**मेदिनीनगर।** चियांकी स्थित हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य बिजु जोसफ, प्रधानाध्यापिका आकांक्षा जायसवाल ने कक्षा एलकेजी से नौवीं व 11वीं के टॉपर विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा कक्षा में शत प्रतिशत उपस्थितिवाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर सभी पुरस्कृत विद्यार्थियों को विद्यालय के कॉर्डिनेटर जितेंद्र तिवारी, आतिफ खान, शिल्पी झा समेत कई शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### चौकीदार को धका मारने के मामले में ट्रैक्टर मालिक पर हुआ एफआईआर दर्ज

**हुसैनाबाद पलामू।** बीते दिनों 13 अप्रैल के रात्रि में अवैध बालू के ट्रैक्टर से चौकीदार अमित पासवान पर चढ़ाने के मामले में पीड़ित के चचेरे भाई विकास पासवान के लिखित शिकायत पर हुसैनाबाद थाना में एफआईआर दर्ज किया गया। इस मामले में विकास ने थाना को लिखित सूचना दर्ज कराते हुए कहा कि मेरे चचेरे भाई अमित कुमार पासवान और उनके दोस्त सोनू कुमार जपला धरहरा महरमोड के समीप अपने घर पर खाना खा कर बैठे हुए थे तभी अमित ने शौच करने नहर मोड़ के तरफ गया जब आस पास में शोरगुल हुआ तो मैं वहां गया और देखा कि राकेश मेहता बोला रहा है कि वह गाड़ी से ट्रैक्टर चलाएंगे। जिसको रोकना हो रोक लेगा। चचेरा भाई अमित पासवान बोले कि धीरे चलाओ। इतने पर राकेश मेहता ने चचेरा भाई अमित पासवान, जो गाड़ी के आगे खड़ा था, उसे धक्का मारते हुए ट्रैक्टर को आगे बढ़ा दिया। ट्रैक्टर से दाहिने जांघ एवं घुटने में धक्का लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि घटना के पीछे का कारण पुलिस पता लगा रही है।


### कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
सिविल जज (वरीय श्रेणी) संख्या - 01 ( पलामू डालटनगंज।)
मूल वाद संख्या - 114 सन 2019
अखिलेश्वर मेहता.... ....वादी
बनाम
जगत कुमार मेहता वगैरह ..... ..... प्रतिवादीगण
नोटिस
बनाम : प्रतिवादी संख्या - 02 श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी श्री इन्द्रदेव बैठा
3. श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री जोगेन्द्र कुमार रजक दोनों जाति धोबी, पेशा गृहणी निवासी ग्राम भीरहू, डाकखाना मुनकेरी थाना छतरपुर, जिला पलामू (झारखंड)।
4. श्रीमती सतरूपा कुमारी पत्नी श्री बिरेंद्र प्रसाद पिता का नाम श्री कोदु राम जाति चमार, पेशा गृहणी निवासी ग्राम दीपौवा, थाना व जिला गढ़वा झारखंड।
बजरिये इस नोटिस के आपसबों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी आप सबों के विरुद्ध इस न्यायालय में उपरोक्त मूल वाद दायर किये हैं जिसमें इस न्यायालय के माध्यम से एवं निबंधित डाक से आप सबों के विरूद्ध नोटिस निर्गत किया गया था इसके बावजूद आप सबों ने अभी तक इस न्यायालय में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करायी है।
इसलिए आप सबों को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 08-05-23 को 7:30 बजे पूर्वाहन स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखें, अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। इसे सख्त ताकीद जानें। आज दिनांक 17.04.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
सिविल जज (वरीय श्रेणी) संख्या - 01 पलामू डालटनगंज।


# पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए जिले के डीसी एसपी ने पर्यावरणविद कौशल को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता





कार्यक्रम में पर्यावरणविद कौशल जायसवाल को सम्मानित करते डीसी, एसपी।

**मेदिनीनगर।** जिले के पुलिस स्टेडियम में आयोजित कवि सम्मेलन का उदघाटन पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, समाजसेवी अजय पांडेय और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 56 वर्षों से देश विदेश के कई राज्यों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त दौड़े एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने पर्यावरणविद कौशल किशोर एवं उनकी धर्मपत्नी सह बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव व छतरपुर ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आये नामचीन कवियों ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को अपनी अंदाजों से खूब गुदगुदाया। पर्यावरणविद ने कहा कि आज समाज के अधिकांश लोग प्रदूषण के चपेट में हैं और अपने दैनिक कार्यों के निष्पादन में काफी परेशान व तनाव में है वैसी स्थिति में हास्य कवि सम्मेलन तनावों व तन और मन का प्रदूषण को दूर करने में कारगर साबित होता है। उन्होंने कहा कि कवियों के साथ जिले के पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में ही हास्य रस के कई प्रसंग प्रस्तुत कर समां बांध दिया था। कार्यक्रम में विभिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शहर के कई हस्तियों को भी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया।

# पनशाला खोलना सबसे पुनीत कार्य : ऋषभ गर्ग

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के पहल पर शहर के कनीराम चौक स्थित जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल के द्वारा पनशाला खोला गया। पनशाला का उदघाटन संयुक्त रूप से सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग तथा जीसा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा द्वारा राहगीरों को पानी पिलाकर तथा अल्पाहार देकर किया गया। मौके पर सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने कहा कि गर्मी के दिनों में लोगों को सबसे ज्यादा पानी की ही आवश्यकता होती है। इस बात का ख्याल रखते हुए जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल के द्वारा पनशाला खोलना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। वही मौके पर मौजूद जीसा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा ने कहा कि गर्मी के दिनों में राहगीरों के लिए पनशाला खुलना राहत की बात होगी। आज हर जगह पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है लोग एक-एक बूंद की कीमत पहचानने लगे हैं और ऐसे समय में पनशाला का खुलना एक बड़ी बात है। मौके जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल के संचालक सह प्रधानाचार्य अजय श्रीवास्तव, समाजसेवी मुमताज अहमद खान, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, विद्यालय के शिक्षक सुदामा प्रसाद, प्रमोद कुमार पांडे, अशोक कुमार, हिमांशु कुमार, मोहित वर्मा, वंदना सिन्हा, चंदा सिन्हा, शांति सिंह, मेनका सिंह, नित्या राज, सविता, सोनी, उमा गोपाल कुमार, रति सहाय, निर्मला देवी, रुखसाना समेत कई लोग मौजूद थे।

बीएससी नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में हुआ पोषणीय कार्यक्रम, विशेष आहार के बारे में दी गयी जानकारी

# प्रशिक्षण से छात्राओं में बढ़ेगी दक्षता : डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में मौजूद एएनएम छात्र।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित सोहरी चंद्रवंशी नर्सिंग कॉलेज ट्रेनिंग सेंटर में पोषणीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौक पर सभी एएनएम छात्राओं को विशेष आहार के बारे में प्रशिक्षण दी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, नोडल अधिकारी उमा शरण पांडेय व ट्रेनिंग सेंटर की प्रचार्या प्रियंका यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोहरी चंद्रवंशी नर्सिंग स्कूल के प्राचार्य कौशल किशोर नागर ने की। पोषण कार्यक्रम के दौरान एएनएम छात्राओं को गर्भवती महिलायें व बच्चों को कई बीमारियों से बचाव हेतु विशेष आहार बैलेंस डाइट यानी ऐसा भोजन जिसमें विटामिंन, प्रोटीन, कार्ब,फायबर संतुलित मात्रा में हो जिसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। साथ ही छात्राओं द्वारा कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर डा ईश्वर सागर ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम से एएनएम छात्राओं में दक्षता बढ़ेगा। साथ ही वे बेहतर कार्य कर सकेंगे। प्रशिक्षण से छात्राओं का झिझक भी दूर होगा। मौके पर जितेंद्र कुमार, कृष्णा कुमार, गोपाल चौबे, अंकित वर्मा, सविता कश्यप, अंकिता वैभव सहित कई लोग मौजूद थे।

# जनता दरबार में आये फरियादियों से मिले उपायुक्त

**कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निपटारा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के दूर-दराज ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आये 50 से अधिक फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त दोड्डे ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उक्त मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये। इस दौरान कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया गया। वहीं कई मामलों का त्वरित निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आवेदन हस्तांतरित कर मामले के त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, मुफ्त विद्युत कनेक्शन, आपूर्ति संबंधित मामले, आवास व पेंशन समेत अन्य मामले आये।

## सिंचाई भिखसी नाली निर्माण कराने की मांग



जनता दरबार में सदर प्रखंड के ग्राम करमा से आये कई ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि मलय डैम निर्माण के समय उनलोगों को विस्थापित कर डूबलगंज में बसाया गया था। ग्रामीणों ने उपायुक्त से सिंचाई नाली निर्माण कराने हेतु अनुरोध किया ताकि स्थानीय ग्रामीणों को सिंचाई हेतु पानी की समस्या ना रहे। इसके अलावे जनता दरबार में विभिन्न पेंशन संबंधित मामले आये जिसे सामाजिक सुरक्षा भेजकर ऑन स्पॉट कार्रवाई हेतु सहायक निदेशक को निर्देशित किया गया।

**सहायक आपूर्ति पदाधिकारी पर 70 हजार घूस लेने की शिकायत**

**डीडीसी को पूरे मामले के जांच करने के निर्देश**

जनता दरबार में हरिहरगंज से आये शिवपूजन कुमार मेहता ने उपायुक्त को बताया कि उनकी पत्नी गीता देवी गंगा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष है जिनकी देखरेख व प्रबंधन में जगदीशपुर के जन वितरण दुकान का संचालन किया जाता है। शिवपूजन कुमार मेहता ने बताया कि कतिपय कारण से दुकान को षड्यंत्र के तहत निलंबित कर दिया गया था इसके पश्चात सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उनसे संपर्क कर 70 हजार रुपए की मांग की। वहीं पैसा नहीं देने पर लाइसेंस रद्द करने की भी धमकी दी।

उक्त फरियादी ने उपायुक्त से पूरे मामले की जांच करने एवं उचित करवाई करने हेतु अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने पूरे मामले की जांच डीडीसी से करवाने की बात कही।

## 3 मई को होगा परशुराम मंदिर का भूमि पूजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा पलामू के पावन धरा पर पहली परशुराम मंदिर के निर्माण के निमित 22 अप्रैल को उद्योग विभाग के पीछे रेड़मा में मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया जाना था जो एक आकस्मिक घटना के कारण स्थगित कर दी गई। इस मंदिर निर्माण के लिए अब भूमि पूजन 3 मई को मुख्य यजमान दिलीप तिवारी मिंटू के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिलीप तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना के जिला संरक्षक रहे वार्ड आयुक्त सुमित तिवारी के पिता सतीश तिवारी उर्फ कलटू तिवारी की बीती रात कोलकाता के एक निजी हॉस्पिटल में देहांत हो गया, जिसके चलते भूमि पूजन के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। सदस्यों द्वारा आकस्मिक हुए इस घटना के बाद आपात बैठक की। बैठक में मंदिर निर्माण हेतू भूमि पूजन स्थगित कर तीन मई को करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुकेश तिवारी, पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्राह्मण, अरविंद पांडे, ब्रजेश तिवारी, विनीत तिवारी, राजन पांडे, राहुल पाठक, संजीत पांडे नवीन पांडे, रमेश पांडे, दीपक गिरी समेत दर्जनों परशुराम वंशज ने इस राय पर अपनी सहमति दी।

# डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज में वेबसाइट डेवलपमेंट अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज में रांची के सॉफ्टवेयर कंपनी क्रिएटिव सॉफ्ट के द्वारा वेबसाइट डेवलपमेंट अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें सॉफ्टवेयर इंजीनियर अरविंद कुमार गुप्ता एवं कुणाल कुमार ने कंप्यूटर साइंस ब्रांच के स्टूडेंट्स को सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में वेब डेवलपमेंट सेक्टर में कैरियर बनाने को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस ब्रांच के साथ साथ मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के स्टूडेंट्स ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज मेदिनीनगर के प्राचार्य डॉक्टर संजीव श्रीवास्तव, कंप्यूटर साइंस ब्रांच के विभाग प्रमुख डॉ विवेक कुमार, मैकेनिकल ब्रांच के विभाग प्रमुख मोहन मिश्रा, इलेक्ट्रिकल ब्रांच के विभाग प्रमुख आनंद प्रकाश, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के विभाग प्रमुख देव मोहन, कंप्यूटर साइंस ब्रांच के शिक्षक सीएस तिवारी, कुंदन, दीपू समेत कई लोग उपस्थित थे। मौके पर प्राचार्य डॉ संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम काफी सराहनीय एवं उत्साहवर्धक था।

### कुंड़वा मोड़ पर धनलक्ष्मी वस्त्रालय का उदघाटन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के कुड़वा मोड स्थित धन लक्ष्मी वस्त्रालय दुकान खोला गया। वस्त्रालय दुकान का उदघाटन पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर व पाटन पश्चिम जिला परिषद सदस्य जयशंकर कुमार सिंह (संग्राम सिंह) ने किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि वस्त्रालय दुकान खुलने से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर शहरों जैसा वस्त्र उपलब्ध होगा। जिप सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिष्ठान का खुलना विकास का प्रतीक है। मौके पर युवा नेता सह राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश के महासचिव प्रशांत किशोर, सिरमा पंचायत के मुखिया पति राकेश दुबे, सगुना के पूर्व मुखिया अखिलेश पांडे, सतौवा पंचायत के मुखिया अखिलेश पासवान, सगुना पंचायत समिति मुस्तकीन अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने किया विधायक ढुलू महतो का स्वागत

**हरिहरगंज (पलामू)।** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पथरा गांव में आयोजित महारूद्र यज्ञ में शामिल होने के लिए जाने के क्रम में बाघमारा विधायक ढुलू महतो का सोमवार को भाजपाइयों ने मेन रोड महावीर मंदिर के समीप फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ कर्नल संजय कुमार सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, अजय प्रसाद गुप्ता, राजेश रंजन मिश्रा, अनुज कुमार, मीडिया संयोजक धर्मेंद्र कुमार, लखन साव, विजय प्रजापति, शंभू यादव, मनोज सिंह, कृष्णा साव, विनोद पासवान, करण राजवीर, संतोष गुप्ता, मुखिया अवधेश मेहता, हरिद्वार प्रसाद, मनोज सोनी, लालचंद ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### तरहसी : बिनायका मध्य विद्यालय में चोरी

**तरहसी पलामू।** थाना क्षेत्र के पंचायत उदयपुरा 2 के बिनायका मध्य विद्यालय में चोरी हो गई। इस संबंध में प्रधनाध्याक राम कुमार राम ने बताया कि विद्यालय में 14,15,16 अप्रैल को अवकाश था, 17 अप्रैल को जब विद्यालय खुला और जब गेट खोला तो देखा कि कार्यालय का ताला टूटा हुआ है और अंदर से एक बोरी चावल, खेल सामाग्री का कीट और तीन नया थाली गायब है। जिसकी सूचना अपने विभाग के वरीय पदाधिकारी को दिया और उनके आदेशानुसार तरहसी थाना में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर तरहसी थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान ने कहा कि जल्द ही चोरी की घटना का पदार्फाश हो जाएगा।

### बच्चों को दी आगजनी के कारण, बचाव और सुरक्षा की जानकारी



**मेदिनीनगर।** विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में भारत सरकार द्वारा आयोजित अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर अग्निशमन सेवा डालटनगंज की टीम के द्वारा विद्यालय के बच्चों को आगजनी के कारण एवं उससे बचाव एवं सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार महतो ने बच्चों को बताया कि अधिकतर आगजनी की घटनाएं हमारी छोटी छोटी लापरवाही के कारण होती है, हमें इन लापरवाहियों से बचना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनोहर पाण्डेय एवं विद्यालय प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने भी आग से बचाव के तरीकों पर बच्चों से चर्चा की। प्रशिक्षण में अग्निशमन के प्रधान अग्निक चालक दिनेश कुमार शर्मा, एवं जयंत कुमार शर्मा तथा अग्निक चालक परिमल पराकानिक एवं अलबिस मींज ने मॉक ड्रिल में अपना योगदान दिया।

## कजरी से युवक का अपहरण, कंडा घाटी में मारपीट कर फेका

खबर मन्त्र संवाददाता



**पड़वा पलामू।** पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी के नंदन कुमार सिंह को अज्ञात लोगों ने कजरी से अपहरण कर नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा घाटी में जमकर पीटकर वाहन से फेंक कर अपहरणकर्ता भाग गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार को करीब दो ढाई बजे नंदन को फोन करके एन एच मुख्य पथ पर बुलाया। नंदन जैसे ही आया अपहरणकर्ताओं ने बाजबरन स्कार्पियो में उसे बैठाकर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने जैसे ही देखा कि नंदन को गाड़ी बैठाकर ले जा रहा है तत्काल पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह को जानकारी दिया। पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि अपरण की सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों को सूचना देते हुए नावाबाजार, रेहला थाना को सूचना देते हुए नाकाबंदी कराया। पुलिस की सक्रियता को देखकर अपरणकर्ता अपहृत नंदन को कंडा घाटी में छोड़ कर भाग गया। नावाबाजार पुलिस ने कंडा घाटी से गंभीर रूप से घायल नंदन को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा।

थाना प्रभारी ने बताया कि नंदन को जिस नंबर से फोन कर बुलाया गया था वह नंबर बिहार के एक व्यक्ति का है। नंदन के साथ मारपीट कर दिया है जिस कारण वह कुछ भी बताने में अभी असमर्थ हैं। जैसे ही वह स्वस्थ हो जाएगा। उसके बयान के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी जाएगी।

## कांग्रेस ने छतरपुर के मुनकेरी पंचायत में चलाया जय भारत सत्याग्रह अभियान



**छतरपुर पलामू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर 19 वां दिन छतरपुर पहुंचा। मौके पर पलामू जिला के छतरपुर विधानसभा के मूंगकेरी पंचायत में जय भारत सत्याग्रह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। नुक्कड़ सभा में केंद्र सरकार पर घोटालों एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गया कांग्रेस जनों ने जमकर केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। बिट्टू पाठक ने कहा कि वास्तव में केंद्र सरकार चोरों की चौकीदारी कर रही है। वर्ष 2024 में देश की जनता इनको मुंहतोड़ जवाब देगी मौके पर जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, जिला महासचिव संतोष गुप्ता , अनुसूचित जाति के अध्यक्ष अशोक पासवान, कुर्बान अंसारी, मुस्ताक आलम प्रदीप राम, साबुद्दीन अंसारी, खालिद रजा, राजन चंद्रवंशी, सुखदेव सिंह, राम आशीष प्रजापति, अरविंद कुमार सिंह, अजय प्रजापति, कालू देवी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पंसस की मासिक बैठक, विभागवार योजनाओं की हुई समीक्षा



पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक में शामिल समिति सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रंभा देवी व संचालन उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह ने किया। बैठक में मनरेगा, पीडीएस, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित कई योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने सदस्यों को प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में पारदर्शिता बरती जा रही है। योजनाओं में गुणवाता का भी ख्याल रखा जा रहा है। बैठक में मुखिया मंजू देवी, किरण देवी, रोहित तिवारी, रीना चौबे सहित सभी पंचायत समिति सदस्य और कई विभाग के पदाधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# पानी के बिना नगर में लोगों का जीना हुआ मुहाल पेयजल की व्यवस्था करे नगर पंचायत: अरविंद गुप्ता

**नगर में जल संकट से त्राहिमाम, छतरपुर विकास मंच के अरविंद ने एसडीओ को सौंपा 11 सूत्री ज्ञापन**

>> जलसंकट को लेकर नगर पंचायत में लोगों के बीच पनप रहा आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत छतरपुर में जलसंकट से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। जलस्तर नीचे चले जाने के कारण सर्वत्र हाहाकार मचा हुआ है। इलाके के अधिकांश चापानल, बोरवेल्स, आहर, तालाब, डैम और ताल तलैया सूख गये हैं। आज आलम ये है कि लोगों का नहाना खाना मुश्किल हो गया है। नगर की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष सह नगर अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने ग्यारह सूत्री मांग पत्र छतरपुर के एसडीओ को सौंपा है। मंच के द्वारा एसडीओ को जिन ग्यारह सूत्री मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया है उनमें महत्वपूर्ण मांगें निम्नवत हैं। सभी वार्डों में रोस्टर के हिसाब से पेयजल की आपूर्ति हो। नगर के सिविल सोसाइटी के साथ नगर पंचायत बैठक कर नगर पंचायत की नली, गली और पेयजल की समस्या का समाधान करे, नगर पंचायत के सभी खराब पड़े चापानलों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए। नगर के सभी खराब जलमिनारों की मरम्मत कराई जाए। नगर में पेजल स्वच्छता विभाग के द्वारा सोन नदी से प्रस्तावित जलापूर्ति हेतु पांच पांडव पर पानी टंकी का निर्माण शीघ्र हो, साथ ही नगर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य शीघ्र सुनिश्चित कराई जाए। अति जल संकटग्रस्त इलाकों को चिन्हित कर नए जलमिनारों की स्थापना की जाए। पूर्व में बनाये गए नाली, सड़क आदि योजनाओं में लूट की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। पीएम आवास के लाभुकों को घर निर्माण हेतु पेंडिंग पड़े किस्तों का भुगतान सुनिश्चित कराई जाए। नगर पंचायत में कार्यदिवस पर कार्यरत सफाईकर्मियों की बकाए मानदेय का भुगतान किया जाए। अरविंद गुप्ता ने ज्ञापन देने के बाद पत्रकारों से कहा कि कई दफा उनके द्वारा नगर पंचायत को धरना और ज्ञापन के माध्यम से समस्या से अवगत कराया जा चुका है। नगर में जलसंकट व्याप्त है और प्रतिनिधि बेपरवाह है। लोगों के सामने जीवन मरण का संकट खड़ा हो गया है अगर नगर पंचायत ने सभी मांगों पर गम्भीरता से विचार नहीं किया तो नगर के लोग पेयजल के लिए आमरण अनशन करने को बाध्य हो जाएंगे। ज्ञापन के बाद एसडीओ ने आश्वस्त किया है कि ज्ञापन में दिये गये सभी समस्याओं पर बिंदुवार पलामू डीसी और सम्बंधित विभाग को वे पत्राचार कर अवगत कराएंगे।

# बैंक एकाउंट कनेक्ट वाले फोन नंबर अपरिचित को ना दें, फेसबुक यूज कर लॉग आउट कर दें

## श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में साइबर सिक्योरिटी सेमिनार में साइबर डीएसपी ने दिए टिप्स

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में साइबर सिक्योरिटी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 'श्रीनाथ विश्वविद्यालय' तथा 'श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन' के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यशाला का आरंभ मुख्य अतिथि साइबर डीएसपी से जयश्री कुजूर तथा गुजरात से आए मुख्य वक्ता हर्ष रावल, पूर्वांग देसाई, जय ए रावल तथा श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गोविंद महतो के हाथों दीप प्रज्वलित कर हुआ। स्वागत भाषण कुलपति डॉ गोविंद महतो ने दिया। डीएसपी जयश्री कुजूर ने साइबर क्राइम पर चर्चा करते हुए कहा कि साइबर सिक्योरिटी का सबसे पहले अर्थ समझना जरूरी है कि साइबर सिक्योरिटी क्या है अपने डाटा को चोरों



सेमिनार का उद्घाटन करती साइबर डीएसपी व अन्य अतिथिगण।

और ठगों से बचा के रखना ही साइबर सिक्योरिटी हैं। क्योंकि आज के समय में हमारी कई चीजें डेटा के रूप में होती है इसलिए ऐसे संवेदनशील डाटा को बचा कर रखना आवश्यक होता है। साइबर सिक्योरिटी की आवश्यकता इसलिए हमारे लिए बढ़ जाती है। उन्होंने फिशिंग का अर्थ समझाया साथ वह विशिंग वॉइस कॉल के बारे में भी बताई की कैसे वाइस कॉल के द्वारा आपसे आपका पिन ओटिपी ठग पूछते हैं और आप ठगी के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक चीज के लिए इंटरनेट सर्च इंजन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। आज आप कोई ऐसा सर्च इंजन सर्च न करें जिससे कि आप की गुप्त चीजें दूसरों तक पहुंच जाए। जयश्री कुजूर ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि वस्तुतः कोई हैकर्स आपसे ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं है परंतु हम थोड़े से लालच में आकर कभी-कभी इन ठगों के शिकार बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब फेसबुक, इंस्टाग्राम का इस्तेमाल जरूर करते हैं पर हम में से ऐसे कई लोग हैं जो फेसबुक से लॉगआउट होना आवश्यक नहीं समझते हैं और इस तरह की गतिविधि से आप अपने कुछ निजी बातों को लोगों के सामने खुला छोड़ देते हैं और यह आपके लिए खतरनाक सिद्ध हो सकता है। साथ ही आपको कभी भी किसी अनजान व्यक्ति के वीडियो कॉल को रिसीव नहीं करना चाहिए क्योंकि उसके माध्यम से आपको वह व्यक्ति ब्लैकमेल भी कर सकता है। हैकर्स आपके माइंड से खेलता है।

आप सोशल मीडिया पर जरूर एक्टिव रहे परंतु आपका सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है जिससे आप ठगों के शिकार होने से खुद को बचा सकेंगे। आप अपने लिए कम से कम दो फोन नंबर रखे और दो मेल आईडी रखें क्योंकि आप जिस मेल आईडी और जिस फोन नंबर को अपने बैंक अकाउंट से कनेक्ट कर रखे हैं वह नंबर और वह मेल आईडी आप हर किसी को ना दे तो आप काफी हद तक अपने आप को सुरक्षित कर लेंगे। हर्ष ए रावल जो ज्वाइंट रीजनल डायरेक्टर हैं डोजो कम्पनी गुजरात के, वह कार्यशाला के मुख्य वक्ता थे उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को साथ लेकर ऑनलाइन कई गतिविधियों को संपन्न किया जिससे उपस्थित स्टूडेंट्स साइबर सिक्योरिटी से जुड़े कई अहम बातों को समझ सकें।

हर्ष ने कहा कि आज साइबर सिक्योरिटी में कैरियर की बहुत अधिक संभावना है आज जितनी भी बड़ी कंपनियां है उनके यहां साइबर सिक्योरिटी में जॉब के कई अवसर हैं, यह एक डायनेमिक क्षेत्र है। जिसमें आप रोज कुछ नया सीखेंगे हैं। अगर आपको तकनीक से रूचि है तो आपके लिए यह बहुत उपयुक्त क्षेत्र है। उन्होंने क्लाउड डेटा, साइबर अटैक, फिशिंग अटैक, विषिंग अटैक, वायरस, मालवेयर अटैक, पासवर्ड अटैक तथा रैनसम वेयर आदि के बारे वृहत चर्चा किया। इस कार्यशाला से लगभग 50 लोग ऑनलाइन गूगल मीट के द्वारा जुड़े थे जिसमे गुजरात के मेहसाना से संकल चंद पटेल विश्वविद्यालय से विभागाध्यक्ष डॉ. अंकित ए शाह जुड़े थे, उन्होंने भी साइबर सिक्योरिटी के बारे चर्चा किया। इस कार्यशाला पर बात करते हुए श्रीनाथ विवि के कुलपति डॉ गोविंद महतो ने कहा कि वर्तमान समय में लोगों को विशेषकर युवाओं को साइबर सिक्योरिटी के बारे जानकारी रखना आवश्यक है तभी वह अपने संवेदनशील डाटा तथा पैसों को हैकर्स से बचा सकते हैं। कार्यशाला का संचालन सहायक प्राध्यापक शालिनी चक्रवर्ती ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक संतोष कुमार ने किया। इस कार्यशाला में श्रीनाथ विश्वविद्यालय तथा श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभी सहायक प्राध्यापक तथा विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

स्पीड न्यूज

## मानगो : भाजपा नेता नीरज सिंह अपने दो टैंकरो से हर रोज करवा रहे जलापूर्ति



**जमशेदपुर।** जैसे-जैसे जमशेदपुर में गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा वैसे ही मानगो समेत पूरे जमशेदपुर में पेयजल की किल्लत शुरू हो गई है। खास तौर पर मानगो और जमशेदपुर के गैर कंपनी कमांड एरिया में लोगों को पेयजल नही मिल पाने से लोग कई कोस दूर से पानी लाने को मजबूर हैं या गंदा पानी पीने को विवश है। जमशेदपुर नोटिफिएड एरिया कमिटी या मानगो नगर निगम के द्वारा भी टैंकर के माध्यम से पयेजल रोजाना इन बस्तियों को उपलब्ध नहीं करवा पति है। इस कड़ी में नीरज सिंह के द्वारा मानगो और उलीडीह समेत जमशेदपुर पश्चिमी में अपने निजी मद से लोगों के बिच 2 टैंकर के माधयम से पेयजल का वितरण रोजाना किया जा रहा है। इस कार्य के लिए छेत्र में लोगों के बिच फोन नंबर दिया गया है और जब भी जिस बस्ती में लोगों द्वारा पेयजल की मांग की जाति है उन बस्तियों को नि:शुल्क स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जाता है। इस नि:शुल्क पेयजल वितरण के बारे में नीरज सिंह कहते है की जल मानव जीवन के जरूरतों में सबसे अहम है। मानगो में इतनी बड़ी जलापूर्ति योजना के बावजूद यहां कई ऐसे बस्ती है जहाँ पेयजल की समस्या है। पाइपलाइन बिछे होने के बावजूद लोगों तक पिने का पानी नहीं पहुंच पता है जिस कारन लोगों का काफी कठनाई होती है। लोगों के द्वारा रोजाना शिकायत आती रहती है जिसे ध्यान में रखते हुए हमारी ओर से सालों भर वैसे बस्ती जहा पिने योग्य पानी नहीं पहुंच पता है उन लोगों तक भारतीय जनता पार्टी मानगो मंडल और उलोडीह मंडल के साथ मिलकर हमरी टीम पेजल पहुँचाने का काम करती है और आगे भी हमरी कोशिश है की सहर के अन्य छेत्रों में भी हम पयेजल पहुंचा पायें।

## बागुनहातु : प्रेमी शादी से मुकरा तो गर्भवती किरण ने दी जान

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बागुनहातु में अपने प्रेमी की दगाबाजी से विवश होकर एक युवती ने स्वर्णरेखा नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि बागुनहातु रोड नंबर 5 की रहने वाली किरण कुमारी और बस्ती के ही गिट्टी-बालू सप्लायर विकास दत्ता के बीच पिछले 3 सालों से प्रेम संबंध था। शादी का झांसा देकर विकास दत्ता अक्सर किरण के साथ संबंध बनाता था। जब वह गर्भवती हो गई तो इसकी सूचना उसने अपनी मां को दी। किरण की मां जब विकास दत्ता के परिजनों से शादी को लेकर बात करने गई तो परिवार ने शादी से साफ इनकार कर दिया। ऐसे में किरण की मां ने उससे कहा कि वह थाने पर जाकर इसकी शिकायत करें। लेकिन किरन थाना जाने की जगह सीधे नदी चली गई और नदी में कूदकर अपनी जान दे दी। किरण के परिजनों का कहना है कि विकास को पुलिस अविलंब गिरफ्तार करें। चूंकि विकास दबंग है इसलिए उन्हें शक है कि पुलिस इस मामले में लापरवाही कर सकती है।

# सीतारामडेरा गुरुद्वारा कमेटी भंग तीन सदस्य समिति प्रबंधन देखेगी

## बलबीर, सुरजीत व सुखविंदर को जिम्मेदारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भंग कर दी गई है और उसके प्रबंधन के लिए तीन सदस्य समिति का गठन कर दिया गया है। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से तीन सदस्य समिति में टीनप्लेट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरजीत सिंह खुशीपुर, सलाहकार सुखविंदर सिंह राजू और निवर्तमान प्रधान बलबीर सिंह को रखा गया है। यह फैसला सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह ने सर्वसम्मति से लिया। हालांकि उभय पक्ष इस फैसले को लेकर कुछ असंतुष्ट भी नजर आए परंतु संगत भगवान सिंह के फैसले से पूरी तरह संतुष्ट नजर आयी और बोले सो निहाल सत श्री अकाल का सिक्खी नारा देकर इसकी प्रवानगी प्रदान कर



दी। इससे पहले कार्यकारी प्रधान बलबीर सिंह ने कमेटी भंग कर दी और उसके बाद किसी एक नाम पर सर्वसम्मति बनाने की कोशिश सरदार भगवान सिंह ने की। अविनाश सिंह विक्की गुट अड़ा हुआ था कि चुनाव करवाया जाए अन्यथा अविनाश को प्रधान घोषित कर दिया जाए। वही दूसरा पक्ष अड़ा हुआ था कि किसी एक नाम पर सहमति बनाई जाए। सहमति नहीं बनती है तो श्री गुरु ग्रंथ साहब के सामने उम्मीदवारों के नाम की पर्ची डाल दी जाए और जिस की पर्ची उठ जाए उसे प्रधान मान लिया जाए। लेकिन अविनाश सिंह ने पर्ची वाले फामूर्ले को नकार दिया। इसके बाद ही वहां पहुंचे चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू, महासचिव सुरजीत सिंह खुशीपुर, महासचिव अमरजीत सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला, बलविंदर सिंह, अमरजीत सिंह भ्रमरा, प्रधान कुलबिंदर सिंह, ट्रस्टी सुखराम सिंह, उत्तम सिंह, हरजिंदर सिंह, गुरदीप सिंह पप्पू, हरजिंदर सिंह, स्त्री सत्संग सभा प्रधान बीबी कमलजीत कौर, तजिंदर कौर, कुलविंदर कौर, हरजिंदर कौर आदि विशेष तौर पर उपस्थित थे।

## जुबली पार्क का गेट अब सुबह 6 बजे खुलेगा



भाजपा नेता पवन अग्रवाल की पहल रंग लायी।

**जमशेदपुर।** जुबली पार्क के गेट को देरी से खोले जाने पर स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी के आलोक में भाजपा के द्वारा जिला के उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में डीआरडीए के निदेशक सौरव सिन्हा को सौंपा गया। गर्मी के मद्देनजर सारे सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों के समय मे परिवर्तन किया गया है। परन्तु जुबली पार्क का गेट अभी भी सुबह 7 बजे खोला जा रहा है। जिसके कारण बागे जमशेद गोलचक्कर के पास घंटो जाम की स्थिति रही, जिसके कारण आज काफी संख्या में बच्चे समय पर स्कूल नही जा सके। समस्या के समाधान हेतु पवन अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को ज्ञापन के माध्यम से पार्क के गेट को सुबह 6 बजे खोलने की मांग की गई।

## खबर एक नजर में

### सभी स्कूलों की टाइमिंग सुबह 7 बजे से

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार ने भीषण गर्मी और गर्म हवा के थपेड़ों को देखते हुए सरकारी, गैर-सरकारी ,अल्पसंख्यक एवं निजी स्कूलों को निर्देश दिया है कि तत्काल प्रभाव से केजी से कक्षा पांच तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से दिन के 11 बजे तक और कक्षा छह से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित किया जाए। खेलकूछ एवं अन्य गतिविधियां धूप में नहीं करने की हिदायत भी सरकार ने दिया है यद्यपि मध्यान्ह भोजन का संचालन जारी रहेगा। झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने जारी किया है जो 19 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल तक लागू रहेगा।

### मारवाड़ी युवा मंच ने बच्चों में वितरित किए कॉपी-पेंसिल



छात्राओं को मार्गदर्शन देते सुरेश यादव।

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी अपने सामाजिक दायित्व की ओर अग्रसर होते हुए , आज आनंद सबके लिए कार्यक्रम के अंतर्गत मानगो स्थित गांधी मध्य विद्यालय में 500 से ज्यादा विद्यार्थियों के बीच कॉपी, पेंसिल, रबड़ ,एवं डिटर्जेंट पाउडर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुरेश यादव जी (विशेष पदाधिकारी मानगो नोटिफाइड एरिया कमिटी) ने अपनी उपस्थिति प्रदान की एवम विद्यार्थियों को सामग्री के साथ अपना आशीर्वाद भी दिया और बताया कि पढ़ाई करना का महत्व बताया। कार्यक्रम के उपरांत अध्यक्ष मोहित मूनका ने अपने कहा कि मंच के अनेक उद्देश्यों में से एक उद्देश्य यह भी है कि लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाइ जाए, और यह पहल उसी कड़ी का एक हिस्सा है। सयोजक मनीष चौधरी ने कार्यक्रम के विषय में बताते हुए कहा की इस कार्यक्रम अंतर्गत मंच गरीब, अभाव हीन एवम साधन हीन बच्चों को जरूरत के सामान जैसे कॉपी, पेंसिल, रबर एवम खाद्य सामग्री उपलब्ध कराता है। इसी कड़ी में पूर्व में भी मंच ने कई कार्यक्रम आयोजित करवाए और आगे भी यही प्रयास रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रुप से आदरणीय सुरेश यादव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मोहित मुनका, सचिव सौरव संथालिया, रमेश अग्रवाल, पंकज आगीवाल पवन छाछारिया, नवनीत बंसल, अंकित अग्रवाल, दीपक पटवारी, पंकज मुनका, कौशिक चौधरी और मंच के अनेक सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ।

### चांडिल के भादूडीह में मिला विवाहिता की शव

**चांडिल।** मंगलवार की शाम करीब 6 बजे चांडिल थाना क्षेत्र के भादूडीह केनाल से एक 30 वर्षीय विवाहिता का शव मिला है। मिली जानकारी के अनुसार महिला रविवार को शौच करने घर से निकली थी जिसके बाद वह घर नहीं पहुंची। परिजनों ने काफी खोजबीन की। घटना की जानकारी मिलने पर चांडिल पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की तथा शव को कब्जे में लिया। महिला की पहचान भादूडीह गांव निवासी 30 वर्षीय चंचला कर्मकार पति नल कर्मकार के रूप में हुई है। शाम होने के कारण शव को पोस्टमार्टम हेतु बुधवार को सरायकेला सदर अस्पताल भेजा जाएगा। चांडिल थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा प्रथम दृष्टया केनाल में फिसलने से महिला की मौत हो सकती है पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

### कवाली थाना शांति समिति की बैठक में मात्र दो लोग हुए उपस्थित, प्रशासन के प्रति लोगो में नाराजगी



शांति समिति की बैठक में उपस्थित एसडीओ पियूष सिन्हा, ग्रामीण एसपी मुकेश लुणावत व अन्य।

**पोटका।** ईद पर्व को लेकर कोवाली थाना शांति समिति की बैठक सोमवार को पांच बजे कवाली थाना परिसर में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी पियुष सिन्हा ने किया। बैठक में शांति समिति के मात्र दो अलग अलग समुदायों के सदस्य उपस्थित हुए। अब आप खुद अंदाजा लगा सकते है की शांति समिति की इस बैठक को सफल कहेंगे या असफल। जहां शांति समिति के सदस्य से ज्यादा पदाधिकारी ही उपस्थित थे। इस बात से भी इंकार नही किया जा सकता की हल्दीपोखर प्रशासनिक दृष्टिकोण से अति संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। अभी कुछ दिन पूर्व ही राम नवमी के अवसर पर झंडा जुलूस के दौरान दो पक्षों में तनाव हुआ था। जिसमे दो दिन दुकानें बंद भी रही। आज की तिथि तक हल्दीपोखार के चप्पे चप्पे में पुलिस बल तैनात किया गया है। यह अलग बात है की दोनो पक्षों के लोग एक साथ बैठकर अपना जीवन यापन की चर्चा कर रहे है। तथा स्थिति भी सामान्य है। लेकिन दोनो पक्षों के लोगो का प्रशासन के प्रति सख्त नाराजगी है। दोनो पक्षों के लोग घटना में दोषी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। ऐसे भी कवाली थाना की ओर से जब भी शांति समिति की बैठक की जाती है तो इसकी सूचना सही तरीके से सभी को नही दी जाती। जिस कारण हर बार बैठक का कोरम पूरा किया जाता है। कल की बैठक इसका उदाहरण है। अंततः दो लोगो की उपस्थिति में ही बैठक का कोरम पूरा करना पड़ा।दो लोगो की उपस्थिति में एसडीओ ने कहा कि शांति समिति की बैठक महत्वपूर्ण होता है। बैठक में उपस्थित होकर आप नि:संकोच अपनी समस्या रख सकते है। उन्होंने कहा कि हल्दीपोखर में बीते दिन हुए विवाद के तुरंत बाद दोनों पक्षों के समझदारी से स्थिति जल्द सामान्य हुई। थाना स्तर के अनुशंसा पर मेरे न्यायालय से 107 का नोटिस एक मामूली प्रक्रिया है। इसे गंभीरता से नहीं लें। पदाधिकारियों ने ईद पर्व शांति और सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील किया। बैठक में डीएसपी चंद्रशेखर आजाद, बीडीओ निखिल कच्छप, कोवाली थाना प्रभारी रंजीत उरांव, पोटका थाना प्रभारी रबींद्र मुंडा, इंद्रजीत( बबलू) चौधरी,अनवर अली, सब इंस्पेक्टर पवन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## पंजाबी समाज ने धूमधाम से मनायी बैसाखी






जमशेदपुर। पंजाबी समाज जमशेदपुर ने हर साल की तरह इस बार भी वैशाखी नाइट का आयोजन बड़े धूमधाम से किया इस साल यह आयोजन मंगलवार 18 अप्रैल की शाम 7:30 बजे से होटल रमाडा बिस्टुपुर में आयोजित किया गया पंजाबी समाज के प्रति डेंट योगेश मल्होत्रा ने उपस्थित सभी लोगों का इस अवसर पर तहे दिल से स्वागत किया तथा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सब का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के गणमान्य व्यक्तियों तथा एक स्कूटी कमेटी मेंबर के द्वारा दीप जलाकर किया गया। इसके पश्चात कोलकाता से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी एक स्कूटी कमेटी मेंबर जैसे ओपी जग्गी, ज्ञान तनेजा, योगेश मल्होत्रा, विनोद अरोरा,राजेंद्र सचदेव, संजीव सहगल, आशीष लूथरा, राजीव तलवार, जवाहर विग, गौरव सिंगारी, पूनम विग, पवन मारवाह, हरीश सेठ आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के समापन के पश्चात उपस्थित पंजाबी समाज के लोगों ने स्वादिष्ट पंजाबी व्यंजनों का स्वाद लिया।

## सेंट्रल जेल पहुंचे सरयू राय, बंद नेताओं से मिले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय कदमा हिंसा मामले में जेल में बंद भाजपा नेता अभय सिंह, सुधांशु ओझा, चंदन चौबे, गोपी प्रमाणिक सहित मुखी समाज के गिरफ्तार हुए तीनों युवकों से मिलने केंद्रीय कारा घाघीडीह पहुंचे। श्री राय ने नेताओं से मिलकर सबका कुशलक्षेम जाना। राय ने पाया कि जेल में जो बंद है उनका मनोबल काफी ऊंचा है। वे चाहते है की कदमा प्रकरण और रामनवमी प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। जेल में जो लोग



हिन्दूवादी नेताओं से मिल कर जेल से बाहर आते विधायक सरयू राय।

बंद है उनको लगता है की इस बात का खुलासा होना चाहिए की प्रशासन ने किस कारण से उन्हें गिरफ्तार किया गया। कई अत्यंत निर्दोष लोग गिरफ्तार किए गए हैं। एक युवक जो वर्क फ्रॉम होम में कंपनी के लिए कार्यरत था और दूसरा जो ट्यूशन पढ़ने जा रहा था ऐसे युवकों को प्रशासन ने पकड़ कर जेल भेज दिया है। राय ने सभी को आश्वस्त किया किसी भी प्रकार की भी सहायता की आवश्यकता गिरफ्तार युवकों या उनके परिजनों को होगी तो जब भी राय को सूचित करेंगे तो वे यथासंभव पीड़ितों का सहयोग प्रदान करेंगे।

## पद्मश्री छुटनी महतो को पैरालिसिस, सरकार करायेगी इलाज, मंत्री चंपई सोरेन ने डीसी को दिए निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पदम श्री छुटनी महतो पैरालिसिस की शिकार हो गई हैं। छुटनी महतो सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत वीरबांस गांव की रहने वाली हैं। सोमवार को उनके चेहरे पर पैरालिसिस के लक्षण पाए गए थे। इसकी जानकारी राज्य के वरिष्ठ मंत्री चंपई सोरेन को मिली तो उन्होंने अपने प्रतिनिधि एवं सरायकेला खरसावां झामुमो अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष डा शुभेंदु महतो को छुटनी महतो के घर भेजा और उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के लिए डीसी से बात की। झामुमो अध्यक्ष डॉक्टर शुभेंदु महतो ने बताया कि छुटनी महतो को बुधवार को टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराने के लिए ले जायेंगे। इसके लिए सभी विभागीय प्रक्रियाओं को पूरा करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे 19 अप्रैल की सुबह 9:00 बजे शुभेंदु महत्व छुटने महतो को टाटा मैन हॉस्पिटल लेकर जाएंगे। इस मामले में मंत्री चंपई सोरेन ने सरायकेला-खरसांवा के डीसी अरवा राजकमल को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

डा शुभेंदु महतो ने बताया कि सुबह में छुटनी महतो के बेटे की नजर उनके चेहरे पर पड़ी जिसके बाद पता चला कि उन्हें पैरालिसिस अटैक हुआ है। इसके बाद पूरे गांव में यह बात फैल गई और साथ-साथ मंत्री चंपई सोरेन तक मामला पहुंच गया।

## अरका जैन यूनिवर्सिटी में विश्व स्वास्थ्य दिवस का हुआ आयोजन

>> सिविल सर्जन डा जुझार मांझी समेत अन्य वक्ताओं ने दिए स्वस्थ रहने के टिप्स

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फामेर्सी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस आयोजित किया। आयोजन की शुरूआत झारखंड के शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो के दुखद निधन पर शोक सभा के साथ हुई। इस बार की थीम थी सबके लिए स्वास्थ्य। डॉ जे माझी, सिविल सर्जन और डॉ आलोक रंजन महतो एसीएमओ मुख्य अतिथि थे डॉ आर एन झा सदर अस्पताल के उप अधीक्षक सम्मानित अतिथि थे, आमोद कुमार फार्मासिस्ट विशिष्ट अतिथि थे। डॉ माझी ने कहा कि हमारा स्वास्थ्य हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमें फिट रहने में मदद करता है। स्वस्थ जीवन जीने के लिए हमें अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्वस्थ रहने का मतलब है कि हमें स्वस्थ शरीर के साथ-साथ स्वस्थ दिमाग भी होना चाहिए क्योंकि दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। डॉ आलोक रंजन महतो का कहना था कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। व्यायाम न केवल एक स्वस्थ शरीर बनाता है बल्कि तनाव से लड़ने में भी मदद करता है और हमारे दिमाग को अधिक सतर्क बनाता है। ये कहना था विवि के कुलपति प्रो (डॉ) एसएस रजी का जिन्होंने सभी को अच्छे स्वास्थ्य के गुर बताये। हेल्थ एंड अलाइड साइंस के डीन डॉ ज्योतिर्मय साहू ने कहा कि भारत में गरीब आबादी के लिए कुपोषण खराब स्वास्थ्य का कारण है।

# सिंहभूम चैम्बर में पूर्व अध्यक्षों के सम्मान में स्थापित की फोटो गैलरी

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वर्ष 1948 से अविभाजित बिहार की दूसरी सबसे बड़ी व्यवसायिक संस्था के रूप में शुरूआत कर अपने गौरवान्वित करने वाले इतिहास के 75वां वर्ष में प्रवेश कर चुका है और अपना प्लेटिनम जुबिली वर्ष मना रहा है। सत्र दर सत्र अतीत के 75 वर्षों तक कोल्हान के अनेक गणमान्य व्यवसायी और उद्यमियों ने अपने कुशल और कर्मठ सोच के साथ नेतृत्व किया और इसे आज इस मुकाम तक पहुंचाया जो आज कोल्हान ही नहीं पूरे झारखण्ड की

## व्यापारी देश की आन-बान-शान : रघुवर दास



पूर्व अध्यक्षों की गैलरी का उद्घाटन कर अवलोकन करते।

एक पहचान बन चुका है। जिसे इस मुकाम तक पहुंचाने मे इसके पूर्व अध्यक्षों की लगन, अथक परिश्रम एवं व्यवसायी हित की सोच रही है। चैम्बर के इन नेतृत्वकर्ताओं पूर्व अध्यक्षगण को सम्मान देने के लिये चैम्बर भवन में एक पूर्व अध्यक्ष फोटो गैलरी का निर्माण किया गया जिसका उद्घाटन गत 17 अप्रैल की शाम चैम्बर भवन में मुख्य अतिथि झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं विषिष्ट अतिथि संपादक राधेष्याम अग्रवाल के द्वारा पूर्व अध्यक्षों और उनके परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। इस अवसर पर संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि रघुवर दास ने कहा कि व्यापारी देष की आन-बान-शान होते हैं, जो देश में कोई भी आपदा होती है तो वे इसमें सहयोग हेतु देष के समक्ष हमेशा खड़े रहते हैं। ऐसे समाज को उचित मान-सम्मान मिलना चाहिए। आज सबसे ज्यादा टैक्स जमा किया जा रहा है इससे व्यापारियों की ईमानदारी झलकती है। उन्होंनें कहा कि 1948 में चैम्बर की जो नींव रखी गई थी उसे 75 वर्षों तक आगे बढ़ाते हुये चैम्बर के पूर्व अध्यक्षों ने इस मुकाम तक पहुंचाया यह सराहनीय है। कोल्हान को झारखण्ड की आर्थिक राजधानी भी कहा जाता है। इसमें सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का अहम योगदान है। इसके लिये चैम्बर को शुभकामनायें देता हूं। विषिष्ट अतिथि राधेष्याम अग्रवाल ने कहा कि पहले भी चैम्बर आता रहा हूं लेकिन आज का आयोजन अपने आप में अनोखा है। इसी के साथ उन्होंने वर्तमान टीम को शुभकामनायें दी। इस अवसर पर मंच संचालन मानद महासचिव मानव केडिया एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव भरत मकानी ने की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्षों वी.के. मेहता, मुरलीधर केडिया, ए.के. श्रीवास्तव, जीआर गोलछा, आर.के. चौधरी, निर्मल काबरा, उमेष कांवटिया, सुरेश सोंथालिया, अशोक भालोटिया ने भी चैम्बर के गौरवशाली अतीत और व्यापारियों के हित में किये गये उनके नेतृत्वकाल के कार्यों को संक्षिप्त में सदस्यों के समक्ष रखा। उपाध्यक्ष मुकेष मित्तल, सचिव पीयूष चौधरी, कोषाध्यक्ष किषोर गोलछा, पूर्व अध्यक्षों एवं दिवंगत अध्यक्षगणों के परिवार के सदस्य किशन पारीख, राजन कमानी, नकुल कमानी, किलोल कमानी, जेहान पटेल, अरूण सुल्तानिया, अषोक सुल्तानिया आदि मौजूद थे।

### कृषि अवसंरचना कोष जागरूकता अभियान का आयोजन, बोलें कृषि मंत्री बादल पत्रलेख

# किसानों की बेहतरी के लिए योजनाओं पर हो रहा काम

**खबर मन्त्र संवादाता**

**दुमका।** कृषि अवसंरचना कोष जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, कृषि निदेशक चंदन कुमार समेत अन्य अतिथियों दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि आज हम सभी कृषकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जब किसानों की बात आती है तब हमारी सरकार सबसे पहले किसानों को प्राथमिकता देती है। किसानों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो इसे लेकर विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में जिला कृषि क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल करने वाली है। कृषकों का आंकड़ा हमारे पास मौजूद है। आंकड़े की मदद से हम योजना बना पा रहे हैं। स्थानीय लोगों को योजनाओं से लाभान्वित कर पा रहे हैं। किसानों को मदद प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके कई उदाहरण से पता चलता है जो किसान पहले थोड़े फसल के मालिक होते थे। अब वे बहुत जागरूक है एवं सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। यहां पर मिल की कमी है। जिसको लेकर सरकार ने उद्योग विभाग से बात कर नहीं मिल स्थापित करने की भी बात की है। कृषक बेहतर



जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते कृषि मंत्री व अन्य

खेती कर सके इसके लिए सरकार द्वारा सिंचाई की संपूर्ण व्यवस्था की जा रही है। किसान खेती को व्यवसाय के रूप में डेवलप करना चाहते हैं तो सरकार एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड अवेलेबल कराने का काम कर रही है। पिछले वर्ष भी है काम किया गया था। लेकिन लोगों में जागरूकता की कमी होने के कारण अधिक कृषकों को लाभ नहीं मिल पाया। इस बार चेंबर ऑफ कॉमर्स, किसान मित्र, एनजीओ व अन्य सभी लोग मिलकर मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। जिससे योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। कृषकों को बड़े पैमाने पर खेती करने के लिए सरकार बहुत बड़े सहयोग कर रही है। आप सभी जागरूक बने तथा योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय वृद्धि करें।

यहां उपस्थित किसान बाहर जाकर अपने परिचित को इन सभी योजनाओं से तथा की गई बातों से अवगत कराएंगे। हम सभी के संयुक्त मेहनत से आने वाले दिनों में किसानों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए सशक्त बनाया जाएगा। कृषि अवसंरचना कोष जागरूकता अभियान कार्यक्रम छोटे एवं सीमांत किसानों के साथ-साथ उद्यमियों को बैंको से जोड़ने और कृषि बुनियादि ढाचे के विकास के लिए ऋण प्राप्त करने की योजना है।

जो फसल कटाई के बाद के प्रबंधन, प्रसंस्करण और कुछ अन्य संबद्ध गतिविधियों में सहायता करती है। किसानों को सीधे उपभोक्ताओं के माँग के आधार पर कृषि उत्पाद एवं अन्य बेचने की अनुमति देने के लिए बेहतर विपणन बुनियादी ढांचे और किसानों के लिए मूल प्राप्ति में वृद्धि से किसानों की आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर किसानों ने मंत्री बादल के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। जिस पर उनके लिए और बेहतर व्यवस्था करने की बात मंत्री आश्वासन दिया।

## बेसहारा बच्चों को सीडब्ल्यूसी देगी सहारा

### पिता को मुखाग्नि देकर बेटी ने निभाया धर्म, समिति देगी स्पान्सरशिप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सुनवाई करते सीडब्लूसी सदस्य

**दुमका।** मंगलवार को बाल कल्याण समिति ने दो ऐसे बालक-बालिकाओं का प्रोडक्सन लिया जिनके पिता की मृत्यु हो चुकी है। इन दोनों को मिशन वात्सल्य के तहत स्पान्सरशिप स्कीम से जोड़ा जायेगा। जिसके तहत उन्हें प्रत्येक माह 4000 रुपये मिलेंगे। मसलिया प्रखण्ड के एक वीडियो पर संज्ञान लेते हुए सीडब्ल्यूसी चैयरपर्सन ने चाइल्डलाइन के माध्यम से 13 वर्षीय बालिका का प्रोडक्सन लिया। कक्षा- 6 में पढ़नेवाली इस बालिका के पिता की 04 मार्च को मृत्यु हो गयी है। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है। बालिका ने ही अपने पिता को मुखाग्नि दी थी इसलिए उसका मुंडन भी हुआ है। उसके मां की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वह अपनी दादी, फूफा और फुआ के साथ रहती है। वह कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, मसलिया में रहकर पढ़ाई करना चाहती है। वहीं नगर थाना क्षेत्र में रहनेवाले 8 वर्षीय बालक ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो गयी है और मां ने दूसरी शादी कर ली है। वह दूसरी कक्षा में पढ़ता है और अपनी दादी के साथ रहता है।

दादी को महिने में 12 किलो राशन मिलता है जिस कारण उसे काफी कठिनाई हो रही है। सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डॉ राज कुमार उपाध्याय और नूतन बाला ने दोनों मामलों की सुनवायी करते हुए चाइल्डलाइन की टीम मेंबर शांतिलता हेम्ब्रम को दोनों बालक-बालिकाओं का पारिवारिक वार्षिक आय और निवासी प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग करने का निर्देश दिया।

# नियोजन नीति के विरोध में छात्रों ने निकाला मशाल जुलूस, बंद आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** हेमंत सरकार के 60-40 नियोजन नीति के विरोध में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय छात्र समन्वय समिति ने मंगलवार को मशाल जुलूस निकाला। सिदो कान्हू चौक से मशाल जुलूस निकाल शहर के टीन बाजार चौक होते हुए विभिन्न मागों से गुजर छात्र समन्वय समिति महाआंदोलन के तीसरे दिन झारखंड बंद को सफल बनाने का आह्वान किया। एसकेएमयू छात्र समन्वय समिति और झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के सहयोग से महाआंदोलन को सफल बनाने में जुटी है। नियोजन नीति के विरोध में छात्रों का महाआंदोलन 17 अप्रैल से जारी है। आंदोलन के निर्धारित कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन 18 अप्रैल को राज्य के जिले, प्रखंड और पंचायत स्तर पर मशाल जुलूस निकाल 19 अप्रैल को झारखंड में बंद को सफल बनाने में सहयोग का आह्वान



मशाल जुलूस निकालते छात्र समन्वय समिति

किया। बंदी में अपातकालीन सेवा, एम्बुलेंस सेवा,प्रेस-मीडिया, बराती गाड़ी, पुलिस प्रशासन की गाड़ी, अग्निशमन सेवा, दूध वाहनों की छूट होगी। बाकी सभी आवागमन बाधित रहेंगे। इस अवसर पर छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम ने बस एसोसिएशन, ओटो चालक ऐसोसिएशन, चेम्बर्स ऑफ कामर्स आदि छात्रहित में 72 घंटे का महाआंदोलन के तीसरे दिन बंद को सफल बनाने में सहयोग का अपील किया। छात्र नेता राजीव बास्की ने अलग राज्य हुए 22 वर्ष बितने के बावजूद भी ठोस नियोजन नीति नहीं बनाने पर अब तक की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने 17 वर्ष राज्य को लूटने का काम किया और वर्तमान सरकार युवा को ठगने का काम कर रही है। बाहरियां को नौकरी देने के लिए साजिशन वर्तमान नियोजन नीति बनाने की बात कही। सरकारके 60:40 का अपरिपक्व नीति बताते हुए वापस लेने और झारखंड के युवाओं को ध्यान में रख नियोजन नीति बनाने का मांग किया। अन्य छात्र 81 विधानसभा के विधायकों का विरोध कर खदेड़ने का काम करेंगे। छात्र नेता राजेंद्र मुर्मू ने वर्तमान नियोजन नीति को सरकार से रद्द करने और सरकार छात्रहित में जिले के अंतिम सर्वे ऑफ सेटलमेंट खतियान आधारित नियोजन नीति परिभाषित करने का मांग किया। बिहार के तर्ज पर राज्य में 90-10 नियोजन नीति बनाने का मांग किया। झारखंड के नियुक्तियों नियमावली में भी झारखंड के खतियान आधारित स्थानीय निवासी भारत का नागरिक दिखाने का मांग किया है। इस अवसर पर छात्र प्रतिनिधियों में श्याम सुंदर शर्मा, जनधन हांसदा, सुभाषटीन हेंब्रम, विजय सिंह हांसदा, सकल हेंब्रम, बादल किस्कू, सुलेश मरांडी, शेखर दास, दिवाकर मुर्मू, सिमोन मुर्मू, मुनिलाल हांसदा, मनदीप हेंब्रम, जमताड़ा से अलकेश हांसदा, श्यामसुंदर मरांडी, बबला हांसदा, काबिल हेम्ब्रम, उमेश टुडू आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### हत्याकांड के गवाह को धमका रहे चार अपराधी गिरफ्तार

**बेगूसराय (हि.स.)।** पुलिस ने अवैध हथियारों एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान में तीन देशी पिस्तौल एवं आठ गोली के साथ गवाह को धमकी देने वाले चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एक जनवरी से अब तक 82 अवैध हथियार एवं 378 गोली जप्त किया जा चुका है। मुख्यालय डीएसपी निशित प्रिया ने बताया कि बीते रात गुप्त सूचना मिली कि साहेबपुर कमाल थाना में 2017 में हुए शंभू यादव हत्याकांड के गवाह को धमकी देने के लिए श्रीनगर गांव में हथियार से लैश से चार अपराधियों द्वारा गवाह को धमकी दिया जा रहा है। सूचना मिलते ही एसपी के निदेशानुसार थानाध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों के सहयोग से घेराबंदी करते हुए श्रीनगर गांव निवासी विकास कुमार, अंकित कुमार, देवशक्ति कुमार एवं टिंकु कुमार को तीन लोडेड देशी पिस्तौल एवं आठ गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। मुख्यालय डीएसपी ने बताया कि समय पर पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के कारण अपराधकर्मियों को लोडेड हथियार एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया।छापेमारी टीम में शामिल पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### चमकी बुखार के 12 मामले मिले, सभी स्वस्थ

**पटना (हि.स.)।** उत्तर बिहार में मासूम बच्चों के लिए चमकी बुखार काल बनता जा रहा है। पीड़ितों का आंकड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। अब तक पीड़ित बच्चों की संख्या 12 हो गई है। राज्य का स्वास्थ्य विभाग चमकी बुखार से बच्चों को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने का अभियान चला रहा है। इस वर्ष पहला केस पूर्वी चंपारण जिले से 16 जनवरी को एसकेएमसीएच पहुंचा था। एसकेएमसीएच के आंकड़ों की मानें तो अब तक मोतिहारी से एक, सीतामढ़ी से एक और मुजफ्फरपुर से 10 केस सामने आए हैं।

## सुमिता होता फाउंडेशन के प्रयास से ट्यूमर पीड़ित लक्ष्मी का हुआ ऑपरेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के सुरबुड़ा गांव के माधो बाडिंग के बेटी लक्ष्मी बाडिंग का जन्म से ही चेहरे के दाहिने ओर ट्यूमर था जो धीरे धीरे बढ़ने लगा था। परिवार के लोग लक्ष्मी के बढ़ते ट्यूमर को लेकर चिन्तित थे। ऐसी परिस्थिति में लक्ष्मी बाडिंग के मामा सुभाष गागराई को किसी ने सुमिता होता फाउंडेशन के अध्यक्ष सदानंद होता से मुलाकात करने की सुझाव दिया। सुभाष गागराई ने फाउंडेशन के अध्यक्ष सदानंद होता से मिलकर भांजी की ट्यूमर की जानकारी दी तथा ऑपरेशन कराने का आग्रह किया। सदानन्द होता रांची स्थित देवकमल अस्पताल के को-ऑर्डिनेटर मनोज सिंह से लक्ष्मी बाडिंग के बारे में बात की। उन्होंने बच्ची को अस्पताल में भर्ती करने को कहा। जिसके पश्चात लक्ष्मी बाडिंग को 12 अप्रैल को देवकमल अस्पताल मे भर्ती कराया तथा जांच के उपरांत 13 अप्रैल को ऑपरेशन



हुआ। ऑपरेशन के पश्चात लक्ष्मी बाडिंग अपने बडी बहन सावित्री केराई के घर डोमरा में स्वस्थ लाभ ले रही है। मंगलवार को लक्ष्मी बाडिंग को देखने सुमिता होता फाउंडेशन के अध्यक्ष सदानन्द होता, सुभाष गागराई तथा शैलेश प्रधान डोमरा गये। उन्होंने लक्ष्मी से बातचीत कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। 20 अप्रैल को पुनः लक्ष्मी को चेकअप के लिए देवकमल अस्पताल लेकर जाएंगे। सदानंद होता ने कहा कि सुमिता होता फाउंडेशन के सौजन्य से 24 अप्रैल के बाद ट्यूमर, घेंगा बीमारी से ग्रसित मरीज जिनका गर्दन फुला हुआ है तथा किसी कारण से जिनका चेहरा में प्लास्टिक सर्जरी की आवश्यकता है, वैसे मरीजों लेकर एक साथ देवकमल अस्पताल ले जाकर जांच एवं ऑपरेशन कराया जाएगा।

## परशुराम जयंती पर निकलेगी बिहार की सबसे लंबी शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेगूसराय (हि.स.)।** जयमंगला वाहिनी परिवार द्वारा परशुराम जयंती के अवसर पर निकाले जाने वाली शोभा यात्रा की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। हर वर्ष की तरह इस बार भी अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को जयमंगला वाहिनी परिवार द्वारा बाबा परशुराम जयंती के अवसर पर बिहार का सबसे लंबा शोभा यात्रा निकाला जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में जानकारी देते हुए वाहिनी के महासचिव अवनीश कुमार ने बताया कि यह शोभा यात्रा विगत छह वर्षों से अपने निर्धारित मार्ग पर बेगूसराय जिले के मंझौल अनुमंडल में अवस्थित जयमंगला गढ़ सिद्धपीठ से से चलकर मंझौल, सिउरी, कोरिया, मोहनपुर, खम्हार, रजौड़ा, पनहांस चौक, सुभाष चौक, हर हर महादेव चौक, बीहट होते हुए सिमरिया पुल के रास्ते बाबा परशुराम मंदिर मोकामा तक जाएगी। कार्यक्रम संयोजक अंचल गौतम तथा वाहिनी परिवार के सदस्य गोपाल एवं विक्रम ने बताया कि इस समरसता धर्मयात्रा में जिले के सभी प्रखंड से विभिन्न जगहों और क्षेत्रों के परशुराम भक्त शामिल होंगे। भगवानपुर से निशांत के नेतृत्व में, रहाटपुर बरियारपुर से, बछवाड़ा से आयुष के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकलेगा, जो जीरो माइल आएगी। फिर वहां से सभी के साथ मोकामा जाएंगे। कुमार मनीष ने बताया कि भगवान विष्णु के दशावतारों में से एक भगवान परशुराम की जयंती वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस दिन अक्षय तृतीया का त्योहार भी मनाया जाता है। महर्षि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र परशुराम जी भगवान विष्णु के छठवें अवतार थे। उनकी जयंती के अवसर पर जयमंगला वाहिनी लगातार भव्य और विशाल शोभायात्रा निकालते रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी जोरदार तैयारी चल रही है। प्रभाष एवं राजन ने युवाओं से अपील किया इस शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

### फर्जी चालान बना गिट्टी लदा वाहनों का परिवहन करने वाले गिरोह का पदार्फाश

# गिट्टी लदा वाहन का चलाक समेत 4 गिरफ्तार, 6 अब भी फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका/निज संवाददाता।** फर्जी चालान बना गिट्टी लदा वाहनों को परिवहन कर सरकार को करोड़ों का राजस्व का चूना लगाने वाले गिरोह का पदार्फाश हुआ है। उपराजधानी दुमका के जिला प्रशासन ने एक ऐसे ही एक गिरोह का पुलिस उद्भेदन करने में सफल रही है। जो फर्जी चालान के माध्यम से खनिज संपदा को बाहर भेजते थे। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस मंगलवार को जेल भेजने में सफल रही। हलांकि 6 आरोपी अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए की प्रयास जारी है। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता में एसडीपीओ सदर नूर मुस्तफा



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते डीएमओ व एसडीपीओ

अंसारी ने दी। यहां बता दें कि उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के निर्देश पर एसडीओ कौशल कुमार, डीएमओ कृष्ण कुमार किस्कू औ? एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी एक मामले की जांच के लिए दिग्घी पहुंचे थे। रिंग रोड पर एक स्टोन चिप्स लोड ट्रक के चालक आलोक कुमार से अधिकारियों ने चालान की मांग की। चालक द्वारा प्रस्तुत परिवहन चालान को डीएमओ ने जब जांच की तो वह फर्जी निकला। चालक को गिरफ्तार करते हुए पुलिस मुफस्सिल थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। अधिकारियों ने चालक से इस बात की जानकारी ली कि आखिर उसने यह चालान कहां से खरीदा था। बिहार के लखीसराय जिले के बरहिया थाना क्षेत्र के डुमरी गांव का रहने वाला चालक आलोक कुमार के निशानदेही पर पुलिस काठीकुंड थाना क्षेत्र से लखन पाल, परमेश्वर मंडल और दिवाकर कुमार नामक युवक को गिरफ्तार करने में सफल रही। एसडीपीओ ने बताया कि मोबाइल ऐप के माध्यम से फर्जी चालान निर्गत कर एजेंट के माध्यम से ट्रक चालकों को उपलब्ध कराया जाता था। मामले को लेकर जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि इसके पूर्व भी बगैर चालान या फर्जी चालान को लेकर कई मामले दर्ज किए गए है। उन्होंने कहा कि देख कर अंदाज लगाना मुश्किल होता है कि कौन चालान असली है और कौन नकली। तकनीक के इस्तेमाल से ही असली और नकली चालान को पकड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह गिरोह लंबे समय से इस कार्य मे संलिप्त था। जिससे सरकार को करोड़ों की राजस्व की हानि होती है। मामले में पुलिस थाना कांड संख्या 65/23 के भादवी की धारा 414,420,467,468,34 एवं 4/21 खान खनिज विनिमयमन एवं विकास अधिनियम 1957 एवं 4/54 झारखंड लघु खनिज संपदा अधिनियम 2004 एवं 9/13 अवैध खनन पर रोक, भंडारण एवं परिवहन नियम 2017 के तहत पुलिस मामला दर्ज करते हुए स्टोन चिप्स लदा ट्रक, फर्जी चलाने बनाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे दो लैपटॉप और 6 मोबाईल जप्त करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है।

## एक नजर में

### प्रेरणा शाखा ने 11 कन्याओं का विवाह समेत अन्य कार्यो की ली शपथ

**दुमका।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा का मंगलवार को शपथग्रहण समारोह हुआ। जिसमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ली। अध्यक्ष समेत कार्यकारिणी सदस्यों को प्रांतीय उपाध्यक्ष सुनील घिड़िया ने शपथ दिलवायी। प्रेरणा शाखा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती रही है। शाखा ठंड में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण, गर्मी में प्याऊ और शरबत सेवा, विकलांगो का इलाज में मदद मदद, धार्मिक कार्यों में सहयोग, अस्पताल में मरीजों के बीच खाना वितरण, ऑक्सिजन सेवा प्रदान करना आदि सेवा देते आ रही है। प्रेरणा शाखा ने 11 कन्याओं का विवाह साथ ही नानीबाई का मायरा और नशा मुक्ति अभियान, सावन में कावड़ियो की सेवा एवं एंबुलेंस सेवा, दिवाली में बच्चों को कपड़े मिठाई और पटाखे देकर सामाजिक सहयोग शपथ ली। शाखा अध्यक्ष दिव्या वर्मा, कोषाध्यक्ष शालिनी भालोटीया, सचिव नूतन भालोटीया समेत कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कैलाश वर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुनील घड़िया, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राजू वर्मा, मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय पदाधिकारी राजेन्द्र हिरिया समेत सदस्यों में भारती शर्मा, संगीता अग्रवाल, संगीता सिन्हा आदि मौजूद थे।

### पेयजल, बिजली समस्या पर पंचायत समिति की बैठक पर हुई चर्चा

**दुमका।** सदर प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख, पंचायत समिति मिनुदी सोरेन ने की। बैठक में पंचायत समिति सदस्य एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया। बैठक में बीडीओ ने पिछली बैठक में पास किये गए प्रस्तावों पर अबतक की गयी कार्रवाई से उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। सदस्यों ने गर्मी को देखते हुए पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चापाकलों की मरम्मति कराने का अनुरोध किया गया। इस संबंध में बीडीओ ने बताया गया कि प्रखंड के पेयजल समस्या के त्वरित निदान के लिए एक कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है। जिसके प्रभारी पंचायत सचिव विनय कुमार के मो0- 9934523647 एवं पीएचडी कनीय अभियंता अनुपम लकड़ा, मो0- 9835599725 है। प्रखंड अंतर्गत किसी भी पंचायत में खराब चापाकल व जलमीनार के संबंध में अपना समस्या उपरोक्त मोबाईल नम्बर पर दर्ज करा सकते है। बीडीओ ने बताया गया कि कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-2 के द्वारा निर्देश दिया गया है कि पंचायत समिति के टाईड फंड का कुल 30 प्रतिशत राशि का खर्च चापाकल व जलमीनार की मरम्मति पर किया जाना है। जिसमें पंचायत समिति सदस्यों ने सहमति जतायी। पूर्व बैठक के कार्यवाही प्रस्ताव संख्या- 04 में बिजली विभाग से संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन अभीतक कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है।

बिजली विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी 18 अप्रैल के बैठक में उपस्थित नहीं रहने के कारण सभी संबंधितों को स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया। बैठक में पेयजल विभाग की समीक्षा के क्रम में पुराना दुमका एवं कड़हरबील के पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि पुराना दुमका एवं कड़हरबील पंचायत में हर घर नल योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप आधा ही कनेक्शन किया गया है। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को पत्राचार किया जायेगा। इसके अतिरिक्त पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ से अनुरोध किया कि पंचायत समिति सदस्यों का मानदेय भुगतान के लिए उच्चाधिकारी को पत्राचार किया जाये।

### गलत ट्रेन में चढ़े इंटर के दो छात्र चलती ट्रेन से कूदे, एक कि मौत दूसरा घायल

**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत पोसैता स्टेशन पर बीती रात चलती ट्रेन से उतरने के दौरान एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक मृतक छात्र मनोहरपुर थाना क्षेत्र के रायडीह गांव निवासी लगभग 18 वर्षीय जीवन हेम्ब्रम है। जबकि दूसरा घायल छात्र उसी गांव का लगभग 16 वर्षीय नीमा हेम्ब्रम है। दोनों छात्र मनोहरपुर के संत अगस्तीन कॉलेज के इंटर प्रथम वर्ष के छात्र है। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को मनोहरपुर संत अगस्तीन कॉलेज में 11वीं की परीक्षा देकर दोनों छात्र ट्रेन से पोसैता स्टेशन होकर अपने घर रायडीह जा रहे थे। इसी दौरान सोमवार की शाम को मनोहरपुर स्टेशन में खड़ी ट्रेन संख्या 18478 डाउन पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन को लोकल ट्रेन समझ कर पिछली बोगी में बैठ गए। वहीं ट्रेन जब पोसैता स्टेशन पहुचने वाली थी तब इन्हें अहसास हुआ कि उक्त ट्रेन पोसैता स्टेशन पर नहीं रुकेगी, तब दोनों छात्र पोसैता से ट्रेन गुजरने के दौरान दोनों चलती ट्रेन से कूद गए। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात इलाज के दौरान जीवन की मौत हो गई।

### टोकलो क्षेत्र में विभाग का छापा, 25 के खिलाफ बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के बिजली विभाग के अधिकारियों ने बिजली चोरी के रोकथाम को लेकर टोकलो थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें करीब 25 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पाए गए। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ विभाग के सहायक अभियंता कफील अंसारी ने टोकलो थाना में भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ लगभग एक लाख 56 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार सहायक अभियंता कफील अंसारी के साथ छापेमारी अभियान में मानव दिवस कर्मी शोलाम जार्ज टोप्पो, संजय यादव, प्रदीप प्रधान, महेश्वर महतो एवं अन्य शामिल रहे। जिन लोगों को बिजली चोरी करते पाया गया उनमें गोरा चंद्र सामाड, तुलसी महतो, धानसिंह बांकिरा, जुगदु गिलुवा, प्रेम प्रकाश गिलुवा, रमेश रजक, खुदू सरदार, अनिल रजक, राजकुमार हजाम, लखीराम हजाम, वृहस्पति हजाम, मोहन हजाम, शंभू सरदार, रतन सरदार, गोयाराम सरदार, दुर्गा सरदार, सोमा सरदार, बोद सरदार, गोरा सरदार, लक्ष्मण सरदार, फागु सरदार, सोमा सरदार, मोहन सिंह सरदार, सुखराम सरदार व धनश्याम गागराई शामिल है।

### केनके पंचायत में दर्जनों नलकूप खराब पेयजल के लिए मचा हाहाकार

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र केनके पंचायत के विभिन्न गांव में खराब पड़े चापाकलों के कारण स्थानीय ग्रामीण पानी की समस्या से जुझ रहे है। गांव में लगभग छह महीने से खराब पड़े चापाकलों के कारण हो रही परेशानी को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कई बार विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिये जाने के कारण ग्रामीणों ने इस बारे में समाजिक संगठन पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई को सूचना दी गई। डॉ विजय सिंह गागराई के निर्देश पर मंगलवार को पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य गुरुचरण सामड, रामराई सामड, संतोष सिंहदेव, वीरसिंह हांसदा ने पंचायत के केनके व मोराडीह गांव पहुंचकर खराब पड़े चापाकलों को देखा। साथ ही इस दौरान ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन संस्था द्वारा गांव के खराब पड़े चापाकलों को ठीक कराया जाएगा, ताकि इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या दूर हो सकें। इस मौके पर स्थानीय महिला-पुरूष मौजूद थे।

### जाति आधारित जनगणना पर राष्ट्रीय विमर्श शुरू हो चुका है: विजय चौधरी

**पटना (हि.स.)।** बिहार सरकार में वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को बताया कि बिहार सरकार ने जाति आधारित गणना के प्रथम चरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लेने एवं द्वितीय चरण का कार्य प्रारंभ करने से एक बार फिर इसकी आवश्यकता एवं उपयोगिता पर राष्ट्रीय विमर्श शुरू हो चुका है। चौधरी ने कहा कि कई राज्य सरकारों ने इसके संबंध में जानकारी लेने में रूचि दिखाई है तथा दूसरी तरफ राहुल गांधी ने वर्ष 2011 के सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना के आंकड़े को सार्वजनिक करने की मांग की है।

# आखिरी ओवर में मुंबई को मिली जीत, हैदराबाद हुआ पस्त

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.354 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.761 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.265 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.192 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 | -0.109 |
| मुंबई | 5 | 3 | 2 | 6 | -0.164 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 | +0.320 |
| बेंगलुरु | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.318 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.798 |
| दिल्ली | 5 | 0 | 5 | 0 | -1.488 |

**पर्पल कैप**



यजुवेंद्र चहल
राजस्थान
विकेट: 11

**ऑरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 259



मैन ऑफ द मैच
कैमरन ग्रीन

**हैदराबाद।** मुंबई इंडियंस ने सीजन की लगातार तीसरी जीत दर्ज कर ली है। सनराइजर्स हैदराबाद को उनके घर राजीव गांधी स्टेडियम में मंगलवार रात मात दी। मैच का फैसला आखिरी ओवर में हुआ, जहां अर्जुन तेंदुलकर को 20 रन बचाने थे। अपना दूसरा मैच खेल रहे 23 साल के जूनियर तेंदुलकर ने दबाव भरे हालातों में सिर्फ पांच रन ही दिए और अपना पहला आइपीएल विकेट भी लिया। टॉस गंवाकर मुंबई इंडियंस ने पहले बैटिंग करते हुए 192 रन बनाए थे। जवाब में हैदराबादी टीम 19.5 ओवर में 178 रन पर सिमट गई और जीत से 14 रन दूर रह गई। टॉस जीतकर मुंबई को कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने धमाकेदार शुरूआत दिलाई। रोहित ने 18 गेंद में 28 तो ईशान किशन ने 31 गेंद में 38 रन बनाए। दोनों के बीच 4.4 ओवर में 41 रन की साझेदारी हुई। तीसरे नंबर पर आए नए बल्लेबाज कैमरन ग्रीन ने ताबड़तोड़ बैटिंग जारी रखते हुए आईपीएल का अपना पहला अर्धशतक लगाया। ग्रीन 40 गेंद में 64 रन बनाकर नाबाद लौटे। सूर्या एक बार फिर जल्दी आउट हो गए। बीच के ओवरों में मुंबई की रनगति धीमी हो गई थी, लेकिन 20 साल के तिलक वर्मा ने कैमरन ग्रीन का बढ़िया साथ निभाया।



### अर्जुन बने आखिरी ओवर में हीरो, जीत के बाद पापा सचिन के लिए कही बड़ी बात

आखिरी ओवर में हैदराबाद को जीत के लिए 20 रन चाहिए थे, लेकिन अर्जुन ने 5 रन देते हुए एक विकेट लेकर टीम को जीत दिला दी। अर्जुन ने भुवनेश्वर कुमार का विकेट लिया। यह उनके आइपीएल करियर का पहला विकेट भी रहा। मैच जीतने के बाद अर्जुन ने बयान देते हुए अपने पापा सचिन तेंदुलकर का भी जिक्र किया, जो क्रिकेट के भगवान कहलाते हैं। अर्जुन ने कहा, मेरे लिए अच्छा रहा है कि मैंने पहला विकेट लिया है। मैंने बस प्लान पर काम किया। आखिरी ओवर में प्लान सीधा था कि बाउंड्री नहीं खाई जाएं। मुझे गेंदबाजी करना पसंद है, मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। मैं पापा (सचिन तेंदुलकर) से बस क्रिकेट के बारे में बात करता हूं। जहां तक स्विंग की बात है तो मैं बस सीम पर ध्यान देता हूं। मैच की बात करें तो पहले मुंबई ने सनराइजर्स हैदराबाद के सामने 5 विकेट खोकर 193 रनों का लक्ष्य रखा था। जवाब में हैदराबाद 178 रनों पर ढेर हो गई। हैदराबाद को आखिरी ओवर में 20 रन चाहिए थे। लेकिन अर्जुन ने 5 रन देकर एक विकेट लेते हुए 1 गेंद शेष रहते मैच खत्म कर दिया। अर्जुन ने 2.5 ओवर में 18 रन देकर 1 विकेट लिया।

## स्कोर कार्ड

**मुंबई : 192/5 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित कै. मार्करम बो. नटराजन | 18 | 28 | 6/0 |
| किशन कै. मार्करम बो. येन्सन | 38 | 31 | 3/2 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 64 | 40 | 6/2 |
| सूर्यकुमार कै. मार्करन बो. येन्सन | 07 | 03 | 0/1 |
| तिलक कै. अग्रवाल बो. भुवनेश्वर | 37 | 17 | 2/4 |
| टिम डेविड रन आउट | 16 | 11 | 2/0 |

**अतिरिक्त** : 02

**विकेट पतन**: 1-41, 2-87, 3-95, 4-151, 5-192.

**गेंदबाज** : भुवनेश्वर कुमार : 4-0-31-1, मार्को येन्सन : 4-0-43-2, वॉशिंगटन सुंदर: 4-0-33-0, नटराजन : 4-0-50-1, मयंक मार्कंडेय : 4-0-35-0.

**हैदराबाद :178/10 (19.5ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| बूक कै. यादव बो. बेहरनडोर्फ | 09 | 07 | 2/0 |
| अग्रवाल कै. डेविड बो. मेरेडिथ | 48 | 41 | 4/1 |
| त्रिपाठी कै. किशन बो. बेहरनडोर्फ | 07 | 05 | 1/0 |
| मार्करन कै. शौकिन बो. ग्रीन | 22 | 17 | 1/1 |
| अभिषेक कै. डेविड बो. चावला | 01 | 02 | 0/0 |
| क्लासेन कै. डेविड बो. चावला | 36 | 16 | 4/2 |
| अब्दुल समद रन आउट | 09 | 12 | 1/0 |
| येन्सन कै. डेविड बो. मेरेडिथ | 13 | 06 | 3/0 |
| वॉशिंगटन सुंदर रन आउट | 10 | 06 | 2/0 |
| भुवनेश्वर कै. शर्मा बो. तेंदुलकर | 02 | 05 | 0/0 |
| मयंक मार्कंडेय नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त** :19

**विकेट पतन**: 1-11, 2-25, 3-71, 4-72, 5-127, 6-132, 7-149, 8-165, 9-174, 10-178.

**गेंदबाज**: अर्जुन तेंदुलकर : 2.5-0-18-1, जेसन बेहरनडोर्फ : 4-0-37-2, राइली मेरेडिथ : 4-0-33-2, ऋतिक शौकीन : 1-0-12-0, चावला : 4-0-43-2, कैमरन ग्रीन : 4-0-29-1.

### आइपीएल में रोहित के 6 हजार रन पूरे

रोहित शर्मा ने आईपीएल के इतिहास में 6000 रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। रोहित से पहले आरसीबी के विराट कोहली, दिल्ली कैपिटल्स के डेविड वार्नर और पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन 6 हजार से अधिक आइपीएल रन बना चुके हैं। रोहित को 6 हजार रनों तक पहुंचने के लिए 14 रनों की जरूरत थी। वह अपनी 227वीं आइपीएल पारी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले सबसे धीमे बल्लेबाज भी बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने सिंगल के साथ अपनी पारी की शुरूआत की, जिसके बाद उन्होंने भुवनेश्वर कुमार को कवर्स के माध्यम से चौका लगाया। इसके बाद, रोहित ने वाशिंगटन सुंदर को फाइन लेग और स्क्वायर लेग के बीच के गैप में चौका लगाया।

### लखनऊ-चेन्नई मैच की तिथि में बदलाव



**मुंबई।** लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 46वें मैच की तारीख चार मई से बदलकर तीन मई कर दी गयी है। आईपीएल ने सोमवार रात जारी बयान में कहा कि चार मई को लखनऊ में होने वाले नगर निगम चुनाव के कारण तारीख बदली गयी है। मैच के समय में कोई बदलाव नहीं हुआ है और मुकाबला दोपहर साढ़े तीन बजे से ही शुरू होगा।

## आइपीएल में टेबल टॉपर्स की टक्कर, राजस्थान का विजयी रथ रोक पायेगी लखनऊ

`एजेंसी

**जयपुर।** आइपीएल के वर्तमान सत्र में अब तक उतार-चढ़ाव वाला प्रदर्शन करने वाली लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम को अगर जीत की राह पर लौटना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लखनऊ की टीम ने अभी तक तीन मैच जीते हैं जबकि दो मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसके पास प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन उसके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में लखनऊ की टीम बीच के ओवरों में अच्छा




प्रदर्शन नहीं कर पाई थी जिससे आखिर में वह 10 से 15 रन कम बना पाई। कप्तान केएल राहुल ने 56 गेंदों पर 74 रन बनाकर फॉर्म ने वापसी की जो कि टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। उसके बल्लेबाजों को हालांकि बीच के ओवरों में रन बनाने पर ध्यान देना होगा। लखनऊ के पास काइल मायर्स, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस के रूप में अच्छे पावर हिटर हैं लेकिन उसके बल्लेबाज अच्छी साझेदारी नहीं निभा पा रहे हैं। इसके अलावा दीपक हुड्डा का रन नहीं बना पाना भी टीम के लिए चिंता का विषय है।

### अर्जेंटीना 2023 में फीफा अंडर 20 विश्व कप की करेगा मेजबानी

**नेवा।** अर्जेंटीना, इंडोनेशिया के स्थान पर फीफा 2023 अंडर-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। इंडोनेशिया को फीफा ने इसकी मेजबानी करने से हटा दिया है। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने यह घोषणा की। फीफा परिषद के ब्यूरो ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) द्वारा बाद की बोली प्रस्तुत करने के बाद अपने फैसले की पुष्टि की और फीफा प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह दक्षिण अमेरिकी देश का निरीक्षण भी किया था। फीफा अंडर-20 विश्व कप 20 मई से 11 जून तक शुरू होगा और ऐसा पहली बार होगा जब अर्जेंटीना 2001 के बाद इस टूनार्मेंट की मेजबानी करेगा। फीफा अंडर-20 विश्व कप का आधिकारिक ड्रॉ 21 अप्रैल को ज्यूरिख में फीफा के मुख्यालय में होगा।

### इवांस चेबेट ने फिर जीती बोस्टन मैराथन

**बोस्टन।** मौजूदा चैम्पियन इवांस चेबेट ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां लगातार दूसरी बार बोस्टन मैराथन में जीत हासिल की जबकि विश्व रिकार्ड धारक इलियुड किपचोगे छठे स्थान पर रहे। कीनिया के चेबेट ने 2 घंटे, 5 मिनट और 12 सेकंड का समय लेकर दौड़ जीती। 2 बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता किपचोगे को यहां खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह पहले तीन में भी जगह नहीं बना पाए।तंजानिया के गेब्रियल गेय विजेता से 10 सेकंड पीछे दूसरे स्थान पर रहे। कीनिया के बेंसन किपरुटो ने तीसरा स्थान हासिल किया। कीनिया की हेलेन ओबिरी ने दो घंटे 21 मिनट और 38 सेकंड का समय लेकर महिला वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। इथियोपिया की अमाने बेरिसो उनसे 12 सेकंड पीछे दूसरे जबकि इजराइल की लोना सालपीटर तीसरे स्थान पर रही।

### विश्व शतरंज चैंपियनशिप: राउंड 7 : समय के दबाव में डिंग से हुई गलती, नेपोमनिशी हुए 4-3 से आगे



**अस्ताना, कजाकिस्तान।** विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2023 नें मंगलवार को अपना आधा पड़ाव पार कर लिया और 14 राउंड की विश्व चैंपियनशिप का सातवां राउंड टूनार्मेंट का पांचवां परिणाम लेकर आया। पिछले राउंड में शानदार वापसी कर स्कोर बराबर करने वाले चीन के डिंग लीरेन के सामने आज रूस के यान नेपोमनिशी नें सफेद मोहरो से राजा का प्यादा दो घर खेलकर शुरूआत की और जबाब में डिंग नें फ्रेंच ओपनिंग खेलकर नेपो को चौंकाने की कोशिश की। डिंग अपनी इस चाल में कामयाब होते भी दिखे और खेल की 21 चाल के करीब वह बेहतर स्थिति में नजर आ रहे थे। और 24वीं चाल में एक अतिरिक्त प्यादा देकर हाथी का एक्स्चेंज देते हुए उन्होने एक रोचक स्थिति हासिल कर ली थी, खेल की 31 वीं चाल में उन्होने नेपो के राजा की स्थिति को कमजोर करने के लिए प्यादा कुर्बान कर दिया पर यहां उनके पास घड़ी में 1 मिनट से कम समय बचा था और ऐसे में वह लगातार 2 हाथी की गलत चाल खेल गए और मुश्किल में लग रहे नेपो 37 चालों में जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। इस जीत के साथ अब जबकि सात राउंड खेले जाने है रूस के यान नेपोमिनिशी अब 4-3 से आगे चल रहे है। अगला राउंड अब एक दिन के विश्राम के बाद खेला जाएगा ।

### अहमदाबाद ओपन गोल्फ में हिस्सा लेंगे 126 प्लेयर्स, एक करोड़ है इनामी राशि




**अहमदाबाद।** राशिद खान, खालिन जोशी, उदयान माने जैसे अनुभवी खिलाड़ी बुधवार से यहां शुरू हो रहे अहमदाबाद ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेंगे। पीजीटीआई (भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर) से मान्यता प्राप्त इस टूनार्मेंट की कुल इनामी राशि एक करोड़ रुपए है जिसमें 126 खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। इसमें 123 पेशेवर और तीन अमेच्योर खिलाड़ी है। राशिद, खालिन और उदयान के अलावा अमन राज, वीर अहलावत, विराज मडप्पा, ओम प्रकाश चौहान, हनी बैसोया, सचिन बैसोया, गौरव प्रताप सिंह और करण प्रताप सिंह जैसे भारतीय गोल्फर यहां चुनौती पेश करेंगे। इसमें अमरीका, श्रीलंका, कनाडा, नेपाल, बांग्लादेश के खिलाड़ी भी भाग ले रहे है। 54 होल के इस टूनार्मेंट के शुरूआती दो दौर में नौ-नौ होल का खेल होगा। कट तय होने के बाद आखिरी के दो दौर 18-18 होल के होंगे।

## बांजा लुका ओपन : कोहनी की चोट से पूरी तरह नहीं उभरे हैं जोकोविच

एजेंसी

**बांजा लुका।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पिछले हफ्ते मोंटे कार्लो मास्टर्स के दौरान कोहनी में उठी समस्या से पूरी तरह नहीं उभर सके हैं, हालांकि उन्हें उम्मीद है कि वह बांजा लुका ओपन में बुधवार को अपने अभियान की शुरूआत कर सकेंगे। जोकोविच ने कहा, कोहनी की तकलीफ सही नहीं हुई है, लेकिन यह कह सकते हैं कि स्थिति पहले से बेहतर है। उम्मीद है कि पहले मैच तक मैं बिलकुल ठीक हो जाऊंगा और मैच के लिये तैयार रहूंगा। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जोकोविच को मोंटे कार्लो में कोहनी की समस्या से जूझते हुए प्री-क्वार्टरफाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेटी के हाथों हार मिली थी। जोकोविच ने इसी साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर सर्वाधिक ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताएं जीतने में राफेल नडाल (22 ग्रैंड स्लैम) की बराबर की थी। अगर वह पूरी तरह फिट रहते हैं तो मई में होने वाला फ्रेंच ओपन जीतने के प्रबल दावेदार होंगे। बांजा लुका के दूसरे दौर में जोकोविच का सामना 87वीं रैंकिंग वाले फ्रांस के लुका वान आस्शे से होगा, जिन्होंने सोमवार को स्विट्जरलैंड के स्टेन वॉरिंका को 1-6, 7-6 (7/4), 6-4 से शिकस्त दी थी। जोकोविच ने 18 वर्षीय वान आस्शे से मुकाबले पर कहा, मैं इस लड़के से पहले कभी नहीं मिला, मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता। मैं जानता हूं कि वह युवा है, वह अभी शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा, मैंने ईमानदारी से सोचा था कि वॉरिंका जीतने वाले थे, वह मैच के अधिकांश हिस्से में आगे चल रहे थे।

## श्रीलंका ने आयरलैंड को पारी और 280 रन से हराया, प्रभात जयसूर्या ने झटके 10 विकेट

एजेंसी

**गाले।** श्रीलंका ने प्रभात जयसूर्या (10 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पहले टेस्ट में मंगलवार को आयरलैंड को पारी और 280 रन से रौंद दिया। मेजबान टीम ने चमिका करुणारत्ने, कुसल मेंडिस, दिनेश चांदीमल और सदीरा समरविक्रमा के शतकों की मदद से पहली पारी में 591 रन बनाये थे। श्रीलंका में अपना पहला टेस्ट खेल रहे आयरलैंड के पास इस विशाल स्कोर का कोई जवाब नहीं था और पूरी टीम 311 रन के अंदर दो बार सिमट गयी। आयरलैंड ने तीसरे दिन की शुरूआत 117/7 के स्कोर से की। लोर्कान टकर 45 रन बनाकर मेहमान टीम की पारी को आगे बढ़ा रहे थे लेकिन जयसूर्या ने उन्हें और मार्क एडेयर (शून्य) को तीन गेंद के अंतराल में पवेलियन लौटा दिया। रमेश मेंडिस ने एंडी मेकब्राइन का विकेट लेकर आयरलैंड की पारी 143 रन पर




समाप्त की। कप्तान करुणारत्ने ने अपने स्पिनरों पर भरोसा जताते हुए आयरलैंड को फॉलोऑन के लिये बुलाया और मेहमान टीम के पांच विकेट 40 रन पर ही गिर गये। हैरी टेक्टर (95 गेंद, चार चौके, 42 रन) और कर्टिस कैंफर (73 गेंद, पांच चौके, 30 रन) ने छठे विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी की जो दूसरी पारी में आयरलैंड का सर्वश्रेष्ठ समय था। पहली पारी में सिर्फ एक विकेट लेने वाले मेंडिस ने अपनी लय हासिल करते हुए कैंफर को आउट किया, जबकि टेक्टर के रनआउट के साथ आयरलैंड की हार और करीब आ गयी। जॉर्ज डॉकरेल ने 54 गेंद पर छह चौके लगाते हुए 32 रन की पारी खेली, हालांकि मेंडिस ने उन्हें और मैकब्राइन को आउट करके अपने चार विकेट पूरे किये। एडेयर 29 गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जयसूर्या ने बेंजमिन वाइट के विकेट के साथ आयरलैंड को दूसरी बार ऑलआउट कर दिया। श्रीलंका और आयरलैंड अब सीरीज के दूसरे टेस्ट में सोमवार से आमने-सामने होंगे।

## एशियाई खेलों से पहले चैंपियंस ट्रॉफी होगी अग्निपरीक्षा : हरमनप्रीत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि चेन्नई में होने वाली एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी आगामी एशियाई खेलों से पहले उनकी टीम की 'अग्निपरीक्षा' होगी जहां वे महाद्वीप की शीर्ष टीमों के खिलाफ अपनी तैयारियों का आकलन कर सकेंगे। एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी तीन से 12 अगस्त के बीच खेली जायेगी, जबकि एशियाई खेलों का का आयोजन चीन के हांगझोऊ में सितंबर में होगा। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया के साथ बातचीत में मंगलवार को कहा, हम इस टूनार्मेंट में देख सकेंगे कि हम उन टीमों के खिलाफ कहां खड़े हैं जिनके साथ हम एशियाई खेलों में मुकाबला करने वाले हैं। एशियाई खेलों से पहले यह टीम के लिये अग्निपरीक्षा होगी। उन्होंने कहा, एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी चेन्नई 2023 हमें अपने विरोधियों की अच्छी समझ भी देगी। हम एशियाई खेलों के लिये अच्छी तैयारी कर सकते हैं जहां हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करना होगा। भारतीय पुरुष टीम ने 2011 में आयोजित उद्घाटन संस्करण में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब जीता था। इसके बाद वे 2016 में



भी चैंपियन बने, जबकि 2018 में मस्कट में आयोजित फाइनल की कार्यवाही प्रभावित होने के बाद भारत और पाकिस्तान संयुक्त विजेता बने थे। ढाका में 2021 में आयोजित पिछले संस्करण में भारतीय टीम ने कांस्य पदक के साथ अभियान समाप्त किया था। एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में कोरिया और मलेशिया के अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए हरमनप्रीत ने कहा कि प्रतियोगिता काफी प्रतिस्पर्धी होने वाली है। उन्होंने कहा, कोरिया ने पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति दिखाई है। उन्होंने पिछले साल जकार्ता में एशिया कप जीता था और विश्व कप में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। मलेशिया भी खिताब का प्रबल दावेदार है और उनके पेनल्टी कॉर्नर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। यह निस्संदेह एक कठिन टूनार्मेंट होगा। चेन्नई निश्चित ही हरमनप्रीत की टीम के लिये एक मजबूत आयोजन स्थल होगा, जहां भारत ने 2007 में एशिया कप भी जीता था। हरमनप्रीत ने कहा, हममें से कई लोगों के लिये यह पहली बार होगा जब हम चेन्नई में खेलेंगे। मुझे याद है कि हमारे सीनियर 2007 में चेन्नई में हुए एशिया कप के बारे में बात कर रहे थे, जो भारत के लिए एक शानदार टूनार्मेंट रहा था। हमने एक सफल अभियान में खिताब का बचाव किया था।

## पेज 1 का शेष

### प्रचंड गर्मी में बिजली...

कब से कब तक न निकलें घर से : रांची के मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की ओर से बताया गया है कि 11 बजे से शाम 4 बजे तक बेवजह घर से बाहर न निकलें। खासकर 12 बजे से 3 बजे तक तो बिल्कुल बाहर न निकलें। अगर जरूरी काम हो तो टोपी और छाता लेकर ही निकले, साथ ही शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचाने के लिए शीतल पेय पीते रहें. खासकर नींबू पानी और नारियल पानी शरीब के डिहाईट्रेट होने से बचाता है। **कल से मौसम में बदलाव के आसार :** मौसम विभाग के अनुसार 20 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। 21 अप्रैल को राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की वर्षा संभव है। 22 अप्रैल को राज्य के उत्तरी पूर्वी, दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। 23 अप्रैल और 24 अप्रैल को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है।

### गर्मी में न हो...

कोर्ट ने जल स्त्रोतों से संबंधित एक कोर्ट के स्वत संज्ञान याचिका को छोड़कर बाकी सभी जनहित याचिकाओं को निष्पादित कर दिया। राज्य सरकार की ओर से गौरव राज ने पैरवी की। वही प्रार्थी की ओर से खुशबू कटारुका ने पैरवी की। दरअसल, प्रार्थी खुशबू कटारुका ने रांची के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर जनहित याचिका दाखिल की है, जिसमें कहा गया था रांची शहर के विभिन्न गंदे नाले -नालियों का पानी बड़ा तालाब में गिराया जाता है। जिससे बड़ा तालाब का पानी काफी दूषित है। बड़ा तालाब में जलकुंभी यों का अंबार लगा हुआ है इसकी सफाई नहीं की जाती है, कई ट्रक मालिक अपने वाहन को बड़ा तालाब के किनारे लगाते हैं और वहां उसकी धुलाई करते हैं। बड़ा तालाब की जमीन का भी अतिक्रमण किया गया है। वही रांची के जल स्त्रोतों यथा कांके डैम, हटिया डैम एवं रुक्का डैम की जमीन का अतिक्रमण किए जाने मामले में भी कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया था। जिसमें कई सुनवाइयों में कोर्ट ने राज्य सरकार को कई दिशा निर्देश दिये थे।

### आज झारखंड बंद ...

बुधवार की सुबह 6 बजे से ही सुरक्षा में तैनात जवान अपने अपने पोस्ट पर तैनात हो जाएंगे। राज्य के सभी रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर भी विशेष निगरानी रखने की हिदायत पुलिसकर्मियों को दी गयी है। **कंट्रोल रूम से रखी जायेगी नजर :** राजधानी रांची सहित तमाम वैसे संवेदनशील जिले जहां छात्र संगठनों के द्वारा उत्पात मचाने की सूचना है वैसे जिलों में कंट्रोल रूम से ही पूरे शहर की मॉनिटरिंग की जायेगी। शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए भी बंद समर्थकों पर नजर रखी जायेगी। आईजी अभियान ने बताया कि राज्य के हर जिले में बंद समर्थकों से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किये ही गये हैं साथ में मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है।

### रांची में डेढ़ करोड़...

**ओड़िशा का गैंग रांची में है सक्रिय :** ओड़िशा का गिरोह गांजा तस्करी के मामले में राजधानी रांची में बीते कई महीने से सक्रिय है। यह गिरोह रांची और आसपास के इलाकों में एक के बाद एक लूटकांड को अंजाम दे रहा है। इस मामले में रांची पुलिस ने ओड़िशा के कई गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। बताया गया कि गांजा तस्कर ट्रकों के आगे- आगे एस्कॉट कर चलते हैं। जब पुलिसिया कार्रवाई होती है तो वे लोग मोबाइल बंद कर फरार हो जाते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा...

पीठ में न्यायमूर्ति एसके कौल, न्यायमूर्ति एसआर भट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा भी शामिल हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समलैंगिक विवाहों को वैध ठहराये जाने की स्थिति में हिंदू विवाह अधिनियम और विभिन्न धार्मिक समूहों के व्यक्तिगत कानूनों के लिए कठिनाइयां पैदा होने और इसके प्रभाव की ओर इशारा किये जाने पर, पीठ ने कहा, 'तब हम 'पर्सनल लॉ' को समीकरण से बाहर रख सकते हैं और आप सभी (वकील) हमें विशेष विवाह अधिनियम (एक धर्म तटस्थ विवाह कानून) पर संबोधित कर सकते हैं। 'विशेष विवाह अधिनियम, 1954 एक ऐसा कानून है जो विभिन्न धर्मों या जातियों के लोगों के विवाह के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करता है। यह एक नागरिक विवाह को नियंत्रित करता है जहां राज्य धर्म के बजाय विवाह को मंजूरी देता है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ट्रांसजेंडर पर कानूनों का उल्लेख किया और कहा कि कई अधिकार हैं जैसे कि साथी चुनने का अधिकार, गोपनीयता का अधिकार, यौन अभिविन्यास चुनने का अधिकार और कोई भी भेदभाव आपराधिक मुकदमा चलाने योग्य है। सरकार के शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा, 'विवाह को हालांकि सामाजिक-कानूनी दर्जा प्रदान करना न्यायिक निर्णयों के माध्यम से संभव नहीं है। यह विधायिका द्वारा भी नहीं किया जा सकता है, स्वीकृति समाज के भीतर से आनी चाहिए।

